Due to the US ban initiated in 2019, India is estimated to lose Rs. 2,500 crore in seafood exports every year. Taking advantage of this situation, the European Union, China, Japan, and other countries are

bargaining and reducing the price of shrimp. Consequently, the prices of shrimp varieties like kara, naran, karikadi, poovalan, and kazhanthan in the domestic market are falling, pushing our fishermen into a severe crisis.

Considering the seriousness of this matter, I urge upon the Government to intervene in this matter urgently and find out a solution to this issue.

Thank you, Madam.

श्रीमती लवली आनंद (शिवहर) : सभापति महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, जिसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदया, मैं शिवहर लोक सभा क्षेत्र से आती हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के परनहिया प्रखण्ड के अदौरी घाट से खोरीपाकर, पूर्वी चम्पारण जिले को जोड़ने वाली बागमती नदी पर पुल निर्माण की मांग दशकों से लम्बित है। पुल का निर्माण हो जाने से दोनों जिलों की दूरी काफी कम हो जायेगी और करीब 4-5 लाख की आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। साथ ही, सीतामढ़ी जिला पूर्वी चम्पारण से जुड़ जाएगा और उसकी भी दूरी कम हो जाएगी। जब वहां पर बारिश ज्यादा हो जाती है तब बाढ़ की समस्या हो जाती है, कटान हो जाता है। इसलिए वहां पर कम से कम डैम बनाया जाए। इस पुल के बन जाने से सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और सीतामढ़ी का जानकी धाम और अयोध्या का सम्पर्क सीधा जुड़ जायेगा।

अतः मैं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री से आग्रह करती हूँ कि केन्द्र सरकार इस पुल के निर्माण के लिये जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करे।

श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) : सभापति महोदया, मैं भरतपुर क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन और सर्व समाज को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ, क्योंकि उन्होंने मुझे यहां, हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी पंचायत में चुन कर भेजा है।

महोदया, मैं भरतपुर संसदीय क्षेत्र से आती हूं। यहां शहर से लेकर गांव तक पानी की बड़ी समस्या है। मेरे क्षेत्र में पीने योग्य पानी की कमी है क्योंकि ज्यादातर पानी में फ्लोराइड और खारापन है, जिसके पीने से गंभीर बिमारियों से लोग जूझ रहे हैं।

महोदय, मेरे भरतपुर में ज्यादातर आबादी खेती पर निर्भर है। परिवार का पेट भरने के लिए खेती के अलावा रोजगार का कोई अन्य साधन नहीं है। पानी की कमी के कारण किसान भुखमरी और आत्महत्या करने पर मजबूर है।

(1300/MY/SM)

महोदया, मैं जमीन से जुड़ी हुई हूं और एक किसान परिवार की बेटी हूं, इसलिए किसानों का दर्द महसूस करती हूं। सरकार पानी को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती है, परंतु आज धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है। मुझे इस बात का दुख है कि पूरा देश राजस्थान में पानी की किल्लत को बखूबी जानता है, फिर भी बजट में राजस्थान की अनदेखी की गई है। सरकार ने राजस्थान की जनता को पानी से संबंधित या कोई अन्य राहत पैकेज नहीं दिया है।

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : आप अपनी बात कंप्लीट कीजिए।

श्रीमती संजना जाटव (भरतपुर) : महोदया, अंत में, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान और मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में उक्त गंभीर और विकट समस्या पर ध्यान देकर यहां की जनता को कृतार्थ करें। धन्यवाद।

*SHRI MURASOLI S. (THANJAVUR): Hon.Speaker Sir, Vanakkam. I thank you for giving me an opportunity to speak in this House of Parliament. I have been elected from my delta district, Thanjavur of Tamil Nadu which belonged to the Chola kingdom. You are aware that Chola kingdom is called the rice bowl with so much of paddy production. Water is released from Mettur dam for the farmers of my delta district. Last year since there was no water flow towards Mettur dam, farmers of my delta district had to suffer a lot. Now, this year, all the dams constructed in Karnataka are full and overflowing. Hence the excess water from these dams are only released to Mettur dam. I urge upon the Union Government that unlike the present situation it should ensure through the Cauvery River water Management Authority, that sufficient and prescribed volume of Cauvery water should be released to Mettur dam by Karnataka. Sir, I place this request through you to the Union government on behalf of the people of my delta district of Thanjavur. Thank you.

माननीय सभापति: शून्य काल समाप्त।

---

*Original in Tamil

LIST OF MEMBERS WHO HAVE ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

सदस्य, जिनके द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाये गये।	सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया।
Shrimati Sanjna Jatav	Shri Navaskani K.
Shrimati Lovely Anand	Shri Navaskani K.
Shri k. C. Venugopal	Shri Navaskani K.
Shri Chandra Prakash Joshi	Shri Navaskani K.
Shri Murasoli S.	Shri Navaskani K.
Shri Deepender Singh Hooda	Shri Rahul Kaswan
Dr. Gumma Thanuja Rani	Shri Navaskani K.
Shri Suresh Kumar Kashyap	Shri Navaskani K.
Shri Vijay Kumar Dubey	Shri Navaskani K.
Shri Madhavaneni Raghunandan Rao	Shri Navaskani K.
Shri Kalipada Saren Kherwal	Shri Navaskani K.
Shrimati Roopkumari Choudhary	Shri Navaskani K.
Shrimati Supriya Sule	Shri Navaskani K.
Dr. Shashi Tharoor	Shri Navaskani K.
Shri Isha Khan Choudhury	Shri Navaskani K.
Shri Konda Vishweshwar Reddy	Shri Navaskani K.
Shri Biplab Kumar Deb	Shri Navaskani K.
Shri Mukesh Rajput	Shri Navaskani K.
Shri Pushpendra Saroj	Shri Navaskani K.
Sushri Iqra Choudhary	Shri Navaskani K.
Shri B. Manickam Tagore	Shri Navaskani K.
Shrimati Kalaben Mohanbhai Delkar	Shri Umeshbhai Babubhai Patel
Shri Deepender Singh Hooda	Shri Navaskani K.
Shri Amrinder Singh Raja Warring	Shri Navaskani K.
Shri Harendra Singh Malik	Shri Navaskani K.

नियम 377 के अधीन मामले – सभा पटल पर रखे गए

1302 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन माननीय सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर मामले को व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेजें। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा माना जाएगा, जिनके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गया हो, शेष को व्यपगत माना जाएगा।

… (व्यवधान)

Re: Need to confer Bharat Ratna upon late Shri Kanshi Ram

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : श्री कांशी राम, जिन्हें बहुजन नायक और मान्यवर के नाम से भी जाना जाना है, एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजनों तथा देश में सबसे निचले स्तर पर अछूत समूहों सहित पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिए कार्य किया। वास्तव में वह एक जमीनी कार्यकर्ता थे तथा उन्होंने सादगी जीवन व्यतीत करते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया । यह किसी से छिपा नहीं है कि मान्यवर श्री कांशी राम जी ने दलित राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया। लेकिन, वह राजनीति से ज्यादा देश के दबे कुचले समाज के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे ।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मान्यवर कांशी राम जी के समाज और देश के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किए जाने हेतु समुचित कार्यवाही करें। (इति)

Re: Need to construct a weir at Badalpur in Anand Parliamentary Constituency

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आणंद) : मेरे लोकसभा मत क्षेत्र आनंद मे खंभात और बोरसद के कई विस्तार मे किसानो की जमीन समुद्र का पानी महिसागर नदी के रास्ते वापिस आने के कारण खारी हो रही है। इन विस्तारों में नदी के किनारे के गाँव काफी प्रभावित हैं। ऐसे ही समुद्र का पानी आना जारी रहा तो आने वाले 20 वर्षों के बाद ये जमीने बंजर हो सकती है एवं किसानों को तबाह कर सकती हैं। महिसागर नदी में बदलपुर गाँव में वियर (जल अवरोधक) बनाने से कई किसानो की जमीन को खारा होने से बचाया जा सकता है। महोदय, सदन के माध्यम से मेरा जलशक्ति मंत्रालय एवं किसान कल्याण मंत्रालय अनुरोध है कि बदलपुर में वियर (जल अवरोधक) बनाने हेतु अपने स्तर पर उचित कदम उठाएँ। (इति)

Re: Construction of rail over bridge at Chandwa

श्री काली चरण सिंह (चतरा) : झारखंड राज्य का चतरा संसदीय क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है और यह जिला भारत सरकार द्वारा घोषित आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल है। विगत एक दशक में केंद्र सरकार के प्रयासों और गृह मंत्रालय के विशेष कार्यक्रमों के तहत इन आकांक्षी जिलों में विकास योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हुआ है सड़कों के निर्माण और सघनता ने सड़कों के संपर्कों को सुधारकर विकास दर को गति दी है। NH-22 चंदवा-चतरा-लातेहार मुख्य मार्ग है, जो चोपन-गोमो रेल लाइन को पार करता है। चंदवा में रेल ओवर ब्रिज की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह क्षेत्र वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित है और रेल ओवर ब्रिज की कमी ने सुरक्षा और आवागमन में अतिरिक्त समस्याएं उत्पन्न की हैं वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग रही है कि चंदवा में गोमो-चोपन रेल लाइन पर एक रेल ओवर ब्रिज का निर्माण हो। इस महत्वपूर्ण मांग को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप माननीय रेल मंत्री जी से चंदवा में रेल ओवर ब्रिज बनाने की पहल करें, जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को राहत मिल सके और विकास को और प्रोत्साहन मिले।

(इति)

Re: Need to bring Ayurved College in Paikmal, Bargarh under Central Government

श्री प्रदीप पुरोहित (बारगढ़) : मैं माननीय आयुष मंत्री का ध्यान ओडिशा के बरगढ़ के पदमपुर उप-विभाग के पाइकमल में आयुर्वेदिक कॉलेज को केंद्र सरकार द्वारा अपने अधीन लिए जाने की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। गंधमर्दन पर्वत श्रृंखला ओडिशा के बलांगीर और बरगढ़ जिले के बीच स्थित एक पहाड़ी है। यह पहाड़ी औषधीय पौधों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ एक बॉक्साइट रिजर्व है, जिसे राज्यसरकार द्वारा एक निजी उद्यम के माध्यम से अन्वेषण हेतु योजना बनाई गई है। भगवान हनुमान यहाँ श्रीलंका के पिदुरु पर्वत में निवास करते हैं। हिंदू धर्म के अनुसार, हनुमान ने लक्ष्मण के जीवन को बचाने हेतु हिमालय से इस पहाड़ी को अपने कंधों पर उठाया था। यहाँ भगवान नृसिंहनाथ की पूजा की जाती है और यह ओडिशा के तीर्थ और पवित्र स्थानों में से एक है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के अनुसार, यहाँ 2200 से अधिक औषधीय पौधे हैं। बरगढ़ के पदमपुर उप-मंडल के पाइकमाल में एक आयुर्वेदिक कॉलेज है, जो शोध कार्य आदि कर रहा है। इस कॉलेज को आगे के विकास और शोध कार्यों हेतु केंद्र सरकार द्वारा अपने अधीन लिया जाना चाहिए! मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि कॉलेज और इसके छात्रों के लाभ हेतु इस कॉलेज को तुरंत अपने अधीन लेने पर विचार करें।

(इति)

Re: Need to declare Teesta flood as a National Disaster

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): Over 500 families living along Teesta river in Darjeeling and Kalimpong Districts have been impacted due to the floods in river Teesta People have lost their homes, agricultural land, livelihoods, and even their lives. Major portions of NH – 10, which is the only highway connecting our border region of Kalimpong, Sikkim and Darjeeling is damaged in many places. Despite the scale of the disaster, neither the West Bengal Government has not taken any steps to assist the people, nor have they been able to fix NH-10, which is under WB PWD NH Division.

Sir, we are also part of India; we also pay taxes. Revenue from Teesta's hydro-dams alone exceeds Rs 750 crores annually, totaling over Rs 7500 crores in the past decade. WB Government is the sole beneficiary of this revenue collected. Yet, they have not taken any steps to rebuild or resettle the people. I request the Central Government to declare Teesta Floods as National Disaster, West Bengal Government to ensure adequate compensation, and take steps for their rehabilitation; and NH-10 be handed over to BRO/NHAI or NHIDCL, so that connectivity to this strategically important road is restored at the earliest.

(ends)

Re: Completion of various developmental projects in Deoghar

DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA): Deoghar is an important religious hub and is home to one of the twelve Jyotirlingas and a Shaktipeeth with upwards of fifty million people visiting the pious city annually. I urge to chalk out a comprehensive programme in which previously sanctioned projects shall be reviewed and new projects be tabled for further development in the backward region.

1 Q-Complex, which received a grant of Rs. Twenty-five crores from the Government of India in the year 2012 is lying unfinished.

2 The Ministry of tourism has included Deoghar city in the Prasad Yojana. At the time of its inclusion, I had raised an issue concerning the narrow streets of the city leading to the temple should be widened.

3 The Prime Minister in the year 2015 had announced a package for the development of religious sites in the region, especially the Sultanganj to Deoghar corridor for the betterment of the facilities in the Kanwar Yatra and the overall holistic development of religious sites in the area.

4 The Deoghar, Santhal Pargana, and Jharkhand region is the hub of numerous religions, including Jainism and Hinduism. A comprehensive plan should be chalked out for the development of a circuit which connects the major religious hubs of the pious region. This circuit will impact India's reputation globally. Parasnath, Deoghar, Basukinath, Maluti, Tarapith, Vikramshila, Bateshwarsthan, Mandar, Champapuri, sultanganj, Karangari in Munger are all pivotal religious hubs with hundreds of millions of devotees flocking to these temples annually to pay their respects.

5 The Food Craft Institute is an incomplete project in Deoghar.

Thus, I request to complete the projects for the development of the backward region. (ends)

Re: Setting up of an IIT in Satna, MP

श्री गणेश सिंह (सतना) : मेरा लोकसभा क्षेत्र सतना एक औद्योगिक जिला है, मेरे क्षेत्र से लगे विन्ध्य क्षेत्र, महाकौषल एवं बुन्देलखंड क्षेत्र में खनिज एवं मिनरल का प्रचुर भंडार है। भारतीय प्राद्योगिकी संस्थान (आई0आई0टी0) मध्यप्रदेश के मात्र इन्दौर जिले में है, जो कि पश्चिमी क्षेत्र में है तथा हमारे क्षेत्र से 800 किलोमीटर की दूरी पर है। हमारे क्षेत्र के युवाओं का कौशल विकास रूका हुआ है। जो आई0आई0टी0 के लिये मानदण्ड निर्धारित हैं, वह हमारे क्षेत्र में पूरी तरह से उसके अनुरूप है। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2 आई0आई0टी0 है, जबकि मध्य प्रदेश में सिर्फ 1 है। मार्च 2020 तक देश में कुल 23 आई0आई0टी0 हैं। मेरे क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की मांग है। आई0आई0टी0 आने से सामाजिक एवं आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। मेरे क्षेत्र में बड़े सीमेंट उद्योग स्थापित हैं। मेरी केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग है कि सतना में एक आई0आई0टी0 महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति दिलाने की कृपा करें।

(इति)

Re: Need for stringent regulations for labelling and sale of processed food products

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Today, I highlight a critical health concern regarding the surge in processed food consumption. Concerning data shows that top urban households spend over ₹500 monthly per person on such foods. Lab tests reveal that chips have 5.2 times more fat and namkeen 6.1 times more salt than recommended limits. This trend may lead to 351.1million cases of abdominal obesity, 315.5 millions of hypertension, and 254.2 millions of generalised obesity in adults as projected by the ICMR-INDIAB National Study. While I commend FSSAI's recent limits on trans-fat in various food items, I humbly request the Hon'ble Minister of Health and Family Welfare to implement front-of-pack nutrition labelling, regulating marketing of ultra-processed foods, and promoting access to healthier alternatives. This aligns with Prime Minister's vision for a healthy India. I urge comprehensive action to safeguard our citizens' health.

(ends)

Re: Relief and rehabilitation of flood affected people by Ganga, Phulhar and Koshi Rivers

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मैं पूरे सम्मान के साथ यह तथ्य सामने लाना चाहता हूं कि भारी बारिश और नदी की गहराई में कमी के कारण गंगा, फुलहर और कोशी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, जिससे अभूतपूर्व बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है और रतुआ ब्लॉक के अंतर्गत खासमोहोल, नसीरुद्दीन टोला, भाषाराम टोला, कानतु टोला, महानंदा टोला और भिलाई मारी पंचायतों के जैसे गांवों के नदी किनारे के आवासों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है, जिसमें 300 से अधिक परिवार गंगा, फुलहर और कोशी कटाव से प्रभावित हुए हैं। जबकि हरिश्चंद्रपुर-II ब्लॉक के उत्तर और दखिन भाकुरिया, रशीद पुर जैसे गांव जिनमें लगभग 135 से अधिक परिवार फुलहर से प्रभावित हुए हैं। उपरोक्त सभी ग्रामीण दुर्भाग्यवश तीनों नदियों के कहर के कारण अपने घरों से विस्थापित होकर सड़कों पर आ गए हैं। इन सभी लोगों को यथाशीघ्र उचित राहत एवं मुआवजा देकर पुनर्वासित किया जाना चाहिए।

ऐसी परिस्थितियों में मैं आपसे निवेदन करता हूं कि गंगा, फुलहर एवं कोशी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के मुद्दे पर तत्काल प्रभाव से माननीय जल शक्ति मंत्री से एवं पश्चिम बंगाल सरकार से बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को पुनर्वास की व्यवस्था तुरंत की जाए।

(इति)

Re: Infrastructure development for setting up of a Mega Food Park in Maharajganj Parliamentary Constituency

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज बिहार कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। कृषि ही मुख्य रूप से मेरे क्षेत्र की जनता का जीवन-यापन एव अर्थोपार्जन का मुख्य साधन है। रवि-खरीफ सहित वार्षिक फसलों के सभी चक्रों के अन्न, सब्जी एवं फलों का उत्पादन मेरे ससदीय क्षेत्र के बहुतायत किसानों के द्वारा किया जाता है। इसलिए हमारे क्षेत्र के किसान बंधुओं के लिए उत्पादित सभी स्तर के उत्पादन को संरक्षित करने, आधुनिक भण्डारण की व्यवस्था करने, खेत-खलिहान से लेकर अच्छे एवं लाभकारी विपन्नन की व्यवस्था प्रदान करने की जरूरत है। इसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के विभिन्न योजनाओ के तहत मेगा फूड पार्क एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य वर्धन परिरक्षण अवसंरचना स्थापित करने की नितांत आवश्यकता है, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानो को जनहित में आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर मिल सके तथा उनके आय को दोगुनी किया जा सके।

अत: माननीय अध्यक्ष महोदय के माध्यम से खादय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत अपने मंत्रालय के विभिन्न योजनाओं के तहत मेगा फूड पार्क, एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य वर्धन परिरक्षण अवसरचना स्थापित कराया जाये।

(इति)

Re: Need for proper planning to check floods in North Eastern States

श्री दिलीप शइकीया (दारंग-उदालगुड़ी) : प्रत्येक वर्ष उत्तर पूर्वी भारत मे बाढ़ और भूस्खलन से लाखों लोग प्रभावित होते है और उन्हें जान-माल का नुकसान उठाना पड़ता है, हजारों हैक्टेयर फसल बर्बाद होती है, बहुत से लोगों व पशुओं को अपनी जान गवानी पड़ती है। इस साल भी बाढ़, भूस्खलन और तूफान से दरांग, कामरूप व कोकरा झार समेत 26 जिलों के 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए है। 50 हजार हेक्टेयर से ज्यादा की फसल भूमि जलमग्न हो गई है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान ने हाल के वर्षों में सबसे खराब बाढ़ देखी है, जिसके परिणामस्वरूप डूबने या बचाव कार्यों के दौरान 159 जंगली जानवरों की मौत हो गई है। इस भीषण बाढ़ के कारण यहाँ के बुनियादी ढांचे को भी बहुत नुकसान हुआ है, इस नुकसान मे 94 सड़कें, 03 पुल, 26 घर और छह तटबंध शामिल हैं। अध्यक्ष महोदय, प्रदेश और केंद्र सरकार अपने स्तर पर बचाव कार्य कर रही है और लोगों तक मदद भी पहुंचा रही है, लेकिन मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि भारत के उत्तर-पूर्वी भाग को प्रत्येक वर्ष की भीषण बाढ़ से बचाने के लिए किसी कार्य योजना पर विचार करे और बड़े पैमाने पर ठोस कदम उठाए जाएँ। (इति)

Re: Need to increase wages of labourers under MGNREGA and enhance allowances of Gram Pradhans

श्री प्रवीण पटेल (फूलपुर) : ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन वर्ष 2005-06 से मनरेगा कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जा रहा है। यह सबसे बड़े रोजगार गारंटीकृत कार्यक्रमों में से एक है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक परिवार को कम-से कम 100 दिनों का गारंटीकृत काम प्रदान किया जाता है। जिसके व्यस्क सदस्य स्वेच्छा से स्थानीय क्षेत्र में कार्य करते है। अधिनियम पारित हुए लगभग 19 वर्ष बीत चुके है एवं वर्तमान में औसत मजदूरी रू 289 प्रति दिवस है तथा महगांई भी बढ़ चुकी है। ऐसी स्थिति में रू 289 मजदूरी में रोजमर्रा की चीजों को वहन करना कठिन है। ग्राम प्रधानों की निधि भी आवश्यकतानुसार कम है। मेरा आपसे अनुरोध है कि सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए मनेरगा मजदूरी व ग्राम प्रधानों का भत्ता भी बढ़ाया जाए। (इति)

Re: Need to provide stoppage of trains at Angamaly railway station in Kerala

SHRI BENNY BEHANAN (CHALAKUDY): Angamaly is the nearest railway station to Cochin International Airport, which carries over 1 crore passengers and 36.95 lakh international passengers, which is higher than either Bengaluru or Hyderabad. Angamaly also serves as a major bus hub for people traveling to North Kerala, and will soon become a railway junction with the completion of the Sabari Railway project. Despite its importance, it has not received the attention it deserves. Out of the 190 trains that pass through Angamaly, only 48 trains stop there. This allocation is disproportionate to Angamaly which is among the top 100 revenue-generating stations in Southern Railway, especially when lesser revenue-generating stations are granted more stops. Therefore, I request the Hon'ble Minister of Railways to urgently allot the stopping of more trains at Angamaly railway station. (ends)

Re: Approval of Coastal Zone Management Plan (CZMP) in Kerala

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): "The CRZ Notification 2019 dated 18.01.2019 aimed to provide coastal communities more room for development while protecting sensitive ecosystems. However, the implementation of the new notification has been considerably delayed. The State Government of Kerala after approval from the National Centre for Sustainable Coastal Management (NCSM), Chennai, on 07.02.2024, had subsequently submitted to the Union Government, the prepared CZMP. Regrettably, the Union Government has not yet considered and notified this CZMP. Until the CZMP is finalized and notified, the stringent provisions of 2011 remain in effect, restricting development and causing difficulties for them. Additionally, the CRZ Notification 2019 mandates the preparation of Integrated Island Management Plans (IIMP) for each island within the CZMP, which has also not been prepared. It is also important to recognize that coastal people have played a significant role in the history of Keralites. Fishermen, often described as Kerala's own army, have received the honours and respect of society for their heroic efforts in saving lives during floods. Despite their invaluable contributions, both the Central and Kerala governments are showing great deception in addressing their critical issues. I urge upon the Ministry to expedite the approval of the CZMP for Kerala, including Ernakulam, without delay." (ends)

Re: Conduct of NEET Exam

SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR): Even after several students' suicides, claims of impersonation, question paper leak scams, grace mark scams and merit scams, it is said that "No big malpractice took place", but they can't entirely deny their guilt and stand against their grace mark scam. Moreover, in the All India Quota for NEET PG, the OBC category faced total exclusion, resulting in the loss of 11027 seats from 2017 to 2021, despite OBCs constituting over 60% of the population. This exclusion underscores the competitive disadvantages inherent in the current NEET framework. From the beginning, Tamil Nadu advocated for a NEET ban and unanimously passed the "Tamil Nadu Admission to Undergraduate Medical Degree Courses Act, 2021 (TN L. A. Bill No.43 of 2021)' bill in the assembly in response. Despite Tamil Nadu's robust health sector and commitment to social justice through comprehensive reservation policies, NEET imposition undermines these efforts and erodes state autonomy. This system has inadvertently fueled the rise of capitalist coaching classes, leading to student fatalities and diminished medical education quality. For the betterment of the national medical infrastructure, it's imperative to abolish NEET and till then grant Tamil Nadu an exemption, upholding the state's autonomy in accordance with the constitution.

(ends)

Re: Need to give priority to local people for employment in companies set up in Barmer Parliamentary Constituency

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) : मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर -जैसलमेर में कार्यरत सोलर, विंड,खनिज ,गैस ,तेल क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों व रिफायनरी आदि क्षेत्र में स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता नही देने के कारण उत्पन्न समस्या के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री जी और श्रम एवम रोजगार मंत्री जी का ध्यान दिलाते हुए अवगत करवाना चाहता हुं कि मेरा संसदीय क्षेत्र पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है,यहां तेल,गैस, खनन व सोलर तथा विंड एनर्जी व रिफायनरी के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता नही देती तथा जिसके कारण वहां के लोगो को मजबूरन रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है की जिन किसानों की जमीनों पर यह कंपनिया आबाद हुई उन किसानों के बेटो और बेटियों को रोजगार नही दिया जा रहा है। महोदय पर्यावरण अनापत्ति जब कोई कंपनी लेती है, तो उसमे भी जमीन अवापति से प्रभावित लोगो को रोजगार सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने की बात होती है, लेकिन कोई भी कंपनी चाहे वो तकनीकी क्षेत्र हो या गैर तकनीकी क्षेत्र हो, स्थानीय लोगो को रोजगार नही देती है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है की ऐसी कंपनियों में स्थानीय लोगो को रोजगार में प्राथमिकता देने के लिए नीति बनाई जाए। (इति)

Re: Establishment of a medical college and multi-speciality hospital in Sivakasi

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): Today, I present a transformative vision for our Virudhunagar constituency: the establishment of a state-of-the-art medical college and multispeciality hospital in Sivakasi. This initiative aims to enhance medical care and serve as a hub for education and research, ensuring high-quality healthcare and advanced medical training accessible in our district. Currently, our region faces significant healthcare access challenges, with advanced medical facilities located far away, causing financial and physical burdens. A multispecialty hospital will provide comprehensive local medical care, reducing the need for long-distance travel for specialized treatment. The proposed Medical College will offer diverse medical courses, nurturing a new generation of skilled healthcare professionals dedicated towards serving our community. This project will generate significant employment opportunities, stimulate the local economy, and foster research and innovation in medical science. The total estimated cost is approximately ₹1000 crore, allocated across various components of the project. To realize this vision, we need the united support of all stakeholders. I urge each member of this esteemed assembly to back this vital initiative. Establishing a Medical College and Multispecialty Hospital in Sivakasi is a promise for better health, advanced medical training, and a brighter future for our community. (ends)

Re: Provision of train stoppages in Etawah Parliamentary Constituency

श्री जितेंद्र कुमार दोहरे (इटावा) : इटावा लोकसभा क्षेत्र में कोरोना काल के दौरान बंद की गई रेलगाडियों को पुनः चलाए जाने की आवश्यकता है। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अहल्दा रेलवे स्टेशन पर कई सुपरफास्ट ट्रेन / एक्स्प्रेस ट्रेनों का ठहराव था जो कि रोक दिया गया है। सरकार से अनुरोध है कि इस स्टेशन पर उन ट्रेनों का ठहराव पुनः' किया जाए। इसके अतिरिक्त इटावा स्टेशन पर (अजमेर एक्सप्रैस) 12987 और (जियारत एक्सप्रेस) 12395 का ठहराव कराया जाए तथा राजधानी और दूरंतो ट्रेन का ठहराव किया जाए ताकि जनता को आने जाने में सहूलियत मिल सके।

(इति)

Re: Establishment of an AIIMS in Sambhal or Moradabad

श्री जिया उर रहमान (सम्भल) : मैं अपने लोक सभा क्षेत्र में एक AIIMS (एम्स) की स्थापना के संबंध मे अपनी मांग रखना चाहता हूँ। मेरी लोक सभा क्षेत्र में अब तक किसी भी एम्स की स्थापना नही हुई है। जिला सम्भल और मुरादाबाद में कैंसर से हजारों लोग पीड़ित है। इसके अलावा क्षेत्र में कई गंभीर रोगो का भी प्रभाव है। जिसके कारण काफी लोगों की मौत हो चुकी है। इन गंभीर बीमारीयों का मुरादाबाद व संभल में कोई इलाज नहीं है।

गरीब व्यक्ति धन के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते और जान दे देते है। कृपया इस गंभीर विषय की ओर अपना ध्यान देकर एम्स की स्थापना संभल या मुरादाबाद मे कराने की कृपा करें।

(इति)

Re: Provision of basic Railway infrastructure in Medinipur Parliamentary Constituency

SHRIMATI JUNE MALIAH (MEDINIPUR): In my Parliamentary Constituency Medinipur (West Bengal) approximately 13 to 15 thousand households with a population comprising 70 to 80 thousands approximately reside on land owned by the railways for more than 50 years.

Their lives and livelihood are both dependent within this area which comprises 8 wards of Khargapur Municipality.

Unfortunately, each time the Municipality tries to provide basic infrastructure to the residents, they face absolute non cooperation from the Railways.

This issue has been pending for the longest time and the people of Khargapur who are living in these wards for more than few generations definitely deserve an immediate intervention and solution from your end.

(ends)

Re: Grant of funds under MGNREGA

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR): I write today with deep anguish and despair of millions of citizens who have been consistently denied their rightful wages under MGNREGA. This grave injustice stems from the Central Governments inexplicable decision to withheld funds since December, 2021. MGNREGA is not merely a scheme, it is a beacon of hope for the rural poor, ensuring their livelihood and dignity through guaranteed employment. Yet, despite its monumental importance, the centre has withheld Rs. 6913 Crore. The consequences of this fund stoppage over devastation of the rural economy are crumbling.

Accountability is essential, but punishing millions of innocent, hardworking people for alleged discrepancies is not only unjust but also cruel.

I issue a fervent appeal to the conscience of the Hon'ble Minister of Panchayati Raj and Rural Development and the Central Government to release the pending MGNREGA funds to West Bengal immediately. The essence of MGNREGA is to provide timely guaranteed employment and we must honour this sacred commitment. Kindly release the funds now and restore dignity and justice to the lives of our rural people.

(ends)

Re: Surge in Cancer Cases in Erode

SHRI K. E. PRAKASH (ERODE): I rise to bring to your attention the alarming surge in cancer cases in Erode and the surrounding region. One of the primary reasons for this increase is water contamination from untreated waste discharged by industrial units. Additionally, there are other environmental exposures contributing to this health crisis. As a result, Erode is now being regarded metaphorically as the "cancer capital" of the state. Despite plans to establish a Common Effluent Treatment Plant (CETP), the situation remains dire. The residents are suffering, and there is a critical need for a dedicated cancer research centre to address this public health crisis. It would be beneficial if this centre could specially focus on preventive care based on the unique environmental exposures of the region. I earnestly request the Ministry of Health & Family Welfare to prioritise this issue and take immediate steps to establish a cancer research centre in the region. The health and lives of countless citizens depend on it.

(ends)

Re: Grant of Special status to Bihar

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : नीति आयोग की रिपोर्ट में बिहार को देश का सर्वाधिक गरीब राज्य बताया गया है। बिहार में प्रति व्यक्ति आय मानव विकास व जीवन स्तर के मानकों पर राष्ट्रीय औसत से बहुत नीचे है। बिहार में प्राकृतिक संसाधनों व जलीय सीमा के अभाव तथा अत्यधिक जनसंख्या घनत्व भी इसका एक कारण है. साथ ही बिहार बाढ व सुखाड़ से प्रभावित प्रदेश भी है। केन्द्र सरकार ने बिहार में औद्योगिक विकास एवं तकनीकी शिक्षा के लिए भी अभी तक कोई पहल नहीं की है, जबकि उत्तर के 3 राज्य जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश एव नार्थ ईस्ट के सभी 8 राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देकर वहाँ औद्यागिकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना आवश्यक है। इससे बिहार आर्थिक सब्सिडी और टैक्स देने में सक्षम होगा। ऐसा प्रत्यक्ष रूप से उत्तर के 3 राज्य और नार्थ-ईस्ट में केन्द्र की पहल का जो परिणाम आया है वही परिणाम बिहार में भी विशेष राज्य का दर्जा मिलने से प्राप्त होगा।

मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि नार्थ ईस्ट राज्यों के तर्ज पर एवं 9 मार्च, 2024, गजट संख्या-पी-44015/1/2023-डीबीआर-2. नाथ-ईस्ट को औद्योगिकीकरण स्कीम 2024 के आधार पर बिहार को भी विशेष राज्य का दर्जा दिया जाये। (इति)

Re: Development of various tourist sites in Ramanathanpuram Parliamentary Constituency

SHRI NAVASKANI K. (RAMANATHAPURAM): Rameswaram Ramanathan Swami Temple is located in my constituency. Thousands of devotees from all over the country visit there every day. Similarly, Dhanushkodi, which is a historical landmark, is already visited by all who visit Rameswaram and if developed further Dhanushkodi itself might become a separate tourist attraction spot especially from overseas countries and without saying it will pave way for the revenue through tourists. There are also areas of outstanding coastal beauty covered in coastlines which are still lying unnoticed and underdeveloped and if the Ministry focuses on the same the entire stretch will stay unique due to its nature's beauty. I table below recommendation on basic amenities like modern parking facilities and improved basic facilities, marine sports activities etc. can be established to attract the interested tourists. Similarly, the beaches in areas such as Atiyaman Irumeni Emmanam Kondan and Prappanavalai Riverside under my constituency are beautiful beaches without rocks which is a nature’s gift on the northern coast. But quite unfortunately, these areas are still underdeveloped and unnoticed by the tourism industry resulting in lack of development. Therefore, I request special attention to these locations and allocate special funds for the development of various tourist sites. (ends)

Re: Four laning of National Highways connecting Machilipatnam Port in Andhra Pradesh

SHRI BALASHOWRY VALLABHANENI (MACHILIPATNAM): In my Parliamentary Constituency i.e., Machilipatnam, a new port is coming up. So, there is a need to have better road infrastructure for transportation of goods. For this purpose, there is an urgent need for 4-laning of National Highways connecting Machilipatnam Port to enhance trade and supply-chain efficiency. The port's benefits can only be fully realized with good connectivity and infrastructure. Hence, I request the Hon'ble Road Transport & Highways Minister regarding the following issues:

1. Pedana to Gudivada section of NH-216H proposed 2-lane may create traffic issues.
2. A portion of NH-216 from port connectivity road to NH-216H and NH-65 4-lane needed to prevent traffic congestion.
3. Link road from port connectivity to its junction at NH-216 is needed. Land has already been acquired.

These upgrades will ensure smooth movement of traffic for port, strengthen NHs, interconnectivity and contribute to economic growth.

I appreciate your consideration and look forward towards a positive response and swift action.

(ends)

सामान्य बजट – सामान्य चर्चा
और
जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र का बजट – सामान्य चर्चा
और
जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र – अनुदानों की मांगें - जारी

माननीय सभापति: माननीय श्री चरनजीत सिंह चन्नी जी।

1303 बजे

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) :

देह शिवा वर मोहि इहै, सुभ (शुभ) करमन ते कबहूं न टरौं।।
न डरौं अरि सों जब जाई लरौं निश्चय कर अपनी जीत करौं

माननीय चेयरमैन, मुझे लगता है कि जो सरकार वाले हैं, दस साल राज करके एग्जॉस्ट हो गए हैं। अब इनके पास कोई आइडिया नहीं बचा है और कोई सिनसियरिटी भी नहीं है। देश के बजट पर कितनी महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है। जब से चर्चा शुरू हुई है, मैं देख रहा हूं कि न प्रधानमंत्री जी, न होम मिनिस्टर, न फाइनैंस मिनिस्टर, आप उस तरफ देखो।… (व्यवधान) उन खाली कुर्सियों को देखो।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, मंत्री जी बैठे हुए हैं।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : वे उनका इंतजार कर रही हैं कि हमारी फाइनैंस मिनिस्टर कहां है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, चिराग पासवान जी बैठे हुए हैं। आप लोग थोड़ा शांति बनाकर रखिए।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : कहां हैं इनके मेम्बर्स? कहां हैं प्राइम मिनिस्टर? कहां हैं होम मिनिस्टर? हमारी वित्त मंत्री जी कहां है?

माननीय सभापति: माननीय सदस्य, आप बजट पर चर्चा कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : हमारी वित्त मंत्री जी कहां है, जिन्होंने बजट पेश किया? हमें उनको बताना है कि बजट में आपने क्या नहीं दिया और क्या दिया। क्या यह सिनसियरिटी है? देश पूछ रहा है। हमारे सब लोग पूछ रहे हैं कि आपकी सरकार की सिनसियरिटी क्या है?

(1305/CP/RP)

सभापति महोदया, मैं जब जीतकर आया, तो सबसे पहले मैंने माननीय श्री अंबेडकर साहब की मूर्ति पर नमन करना चाहा। मैं वहां गया, तो वहां मूर्ति नहीं है। वहां से उठाकर कहीं पीछे कर दी गई। ये लोग समझ लें कि ये अंबेडकर साहब की मूर्ति पीछे कर सकते हैं, उनकी सोच पीछे नहीं कर सकते हैं। ये उनकी सोच को मार नहीं सकते और जो संविधान उन्होंने दिया है, उसे बदल नहीं सकते हैं। लोगों ने इनको बता दिया है कि आप संविधान नहीं बदल सकते, इसीलिए इनको पूरी मेजोरिटी नहीं दी।

'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न,
छोट-बड़ो सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न।'

महोदया, 23 तारीख को बजट पेश हुआ। मुझे बड़ी खुशी थी कि मैं बजट में जा रहा हूं। पहली बार सदन में आया हूं, इसके लिए जालंधर के लोगों का धन्यवाद है, जिन्होंने मुझे यहां लाकर खड़ा किया, उन वोटरों का धन्यवाद है। मैं नये कपड़े डालकर आया कि आज बहुत कुछ देश में देखने को, बताने को मिलेगा। मैं और हमारे सारे एमपीज़ पंजाब में जाकर प्रेस कान्फ्रेंस करेंगे कि देखो क्या-क्या मिला। मैं नए कपड़े में मेले जैसे यहां आया। यहां आकर 'खोदा पहाड़, निकला चूहा भी नहीं'। हमें कुछ नहीं मिला। हमारे साथ सौतेला सलूक किया गया। फेयर डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ फंड्स नहीं हुआ। यह सरकार हर नागरिक को बराबर नहीं देख रही है। राजनीति वाला चश्मा लगाया हुआ है, राजनीतिक चश्मे से देखा गया है। अपनी सरकार को बचाने की फिक्र है, कुर्सी को पकड़े हुए हैं। यह बजट देश बचाने वाला नहीं है, सिर्फ अपनी सरकार बचाने वाला है।

पंजाब में जो बाढ़ आई, इनको दिखी नहीं। गरीब लोग जो मनरेगा में काम करते हैं, जिनको कांग्रेस की सरकार, मनमोहन सिंह जी की सरकार में 100 दिन के काम की गारंटी थी, ये 100 से 101 दिन या 200 दिन नहीं कर सके। ये उनकी दिहाड़ी बढ़ा नहीं सके। गरीब की कोई सुनवाई नहीं है। इस बजट में पंजाब के लिए कुछ नहीं दिया गया। जालंधर, पंजाब की इंडस्ट्री डूब रही है। जालंधर में लेदर इंडस्ट्री है, जालंधर में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री है। ये डूब रही हैं। उनके लिए कुछ नहीं किया गया। हेल्थ के लिए वहां हॉस्पिटल नहीं दिया। जालंधर को स्मार्ट सिटी डिक्लेयर किया हुआ है। वहां गंदा पानी आ रहा है, सड़कें खराब हैं और रेलवे अंडर ब्रिज की बात नहीं की। पंजाब में नशा इतना फैल गया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास जी के नाम पर रखेंगे, लेकिन वह आज तक नहीं हुआ। मैं यह भी मांग करता हूं।

'बड़ा शोर सुनते थे पहलू में दिल का,
जो चीरा तो इक क़तरा-ए-खूं न निकला।'

महोदया, 2024-25 के बजट में जो एस्टीमेट दिए गए हैं, उसमें 32 लाख करोड़ रुपये की आमदनी दिखाई गई है और 48 लाख करोड़ रुपये का खर्च दिखाया गया है। आमदनी और खर्च मे 16 लाख करोड़ रुपये का घाटा है। जिस घर का 16 लाख करोड़ रुपये का एक साल में घाटा होगा, उसकी बर्बादी तय है। बीजेपी वाले यह तय कर रहे हैं। 14 लाख करोड़ रुपये इस साल कर्ज लेने की बात कही गई है। अगर ऐसे हर साल कर्ज लेंगे, तो देश कहां जाएगा? आज देश में फाइनेंशियल इमरजेंसी वाले हालात पैदा हो रहे हैं।

(1310/NK/NKL)

ऐसे हालात पैदा करने के लिए बीजेपी जिम्मेवार है। हर रोज इमर्जेंसी की बात करते हैं। लेकिन आज देश में अनडिक्लेयरड इमर्जेंसी है, उसका क्या? इमर्जेंसी यह भी है कि एक मशहूर नौजवान जो एक सिंगर था, उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गई। आज तक सिद्धू मूसेवाला के परिवार को इंसाफ नहीं मिला, वे दर-दर भटक रहे हैं, यह भी इमर्जेंसी है। इमर्जेंसी यह भी है कि 20 लाख लोगों द्वारा पंजाब में एक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट चुना गया और उसे एनएसए लगा कर जेल के अंदर रखा हुआ है। फ्रीडम ऑफ स्पीच-वह अपनी कंस्टीट्यूएंसी की बात नहीं रख पा रहा है, यह भी इमर्जेंसी है। विपक्ष के व्यक्तियों पर केन्द्रीय एजेंसियों को कार्रवाई करने के लिए छोड़ दिया जाता है। उनको जेल के अंदर रखा जाता है, यह भी इमर्जेंसी है। इमर्जेंसी यह भी है कि हजारों किसानों को खालिस्तानी कहा जाता है, जब वह अपनी मांग रखते हैं। पंजाब क्या देश की धरती नहीं है, पंजाब हमारे देश की धरती है। हरियाणा में नेशनल हाईवे को पक्का जाम कर दिया है। किसान यहां तक नहीं आ पा रहे हैं, उनसे मिला नहीं जा रहा है, यह भी इमर्जेंसी है। इमर्जेंसी यह भी है, … (व्यवधान) फीलिंग ले लो, ... (*Expunged as ordered by the Chair*) का मूल्य मिला है, इसकी फीलिंग ले लो, अच्छा लग रहा है। इमर्जेंसी यह भी है कि देश का एक राज्य मणिपुर पिछले डेढ़ साल से जल रहा है और उसको अपने हाल पर छोड़ दिया गया है, इमर्जेंसी यह भी है। इमर्जेंसी यह भी है कि हाथरस में एक दलित लड़की का आधी रात जबरन अंतिम संस्कार किया गया। इमर्जेंसी यह भी है कि मध्य प्रदेश में एक दलित व्यक्ति के मुंह पर पेशाब कर दिया, इमर्जेंसी यह भी है। इमर्जेंसी यह भी है कि अपनी इज्जत के लिए धरना दे रही महिला पहलवानों के प्रदर्शन को प्रोपगेंडा बताया गया, इमर्जेंसी यह भी है। इमर्जेंसी यह भी है कि कोई पत्रकार सवाल करे तो उसको जेल में डाल दिया जाता है। इमर्जेंसी यह भी है। अपनी शिक्षा के लिए उतरे छात्रों को देशद्रोही बताया गया, इमर्जेंसी यह भी है। किस इमर्जेंसी की बात कर रहे हो। … (व्यवधान)

माननीय चेयरमैन जी, मैं पंजाब के एक गरीब परिवार से आता हूं। मैं जब पैदा हुआ तो मेरी सारी पढ़ाई सरकार ने की। मैं आज यहां खड़ा हूं तो कांग्रेस सरकार की रिजर्वेशन पालिसी का नतीजा है और अम्बेडकर साहब का दिया हुआ संविधान है। स्कॉलरशिप मिलती

रही, कांग्रेस पार्टी ने गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप दी, उससे पढ़कर मैंने पीएचडी की है, यह देन कांग्रेस पार्टी की है।

जब बीजेपी की सरकार वर्ष 2014 में आयी, सबसे पहले इन्होंने सबसे बुरा काम किया, स्कॉलरशिप में पहले केन्द्र का 90 परसेंट हिस्सा था, उसे 60-40 के रेशियो पर ले आए और सरकार ने दलितों के पेट पर लात मारी। आज फर्स्ट क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के गरीब बच्चों को स्कॉलरशिप मिलती थी, उसे इस सरकार के द्वारा बंद कर दिया गया है। ये दलितों के पेट पर लात मार रहे हैं। मॉनोरिटी के लिए भी फर्स्ट क्लास से आठवीं क्लास तक की स्कॉलरशिप बंद कर दी गई है। जब यह सरकार वर्ष 2014 में बनी तो प्रधानमंत्री जी ने देश की इकोनॉमी देखने के लिए दो मापदंड रखे। एक रखा डॉलर की कीमत और दूसरा पेट्रोल और डीजल की कीमत। पिछले दस साल में डॉलर की कीमत 25 रुपये बढ़ गयी है।

(1315/SK/VR)

माननीय प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी और कांग्रेस सरकार के समय इसकी कीमत सिर्फ 13 रुपये बढ़ी थी और इस सरकार के समय में डबल बढ़ गई है। वर्ष 2014 में माननीय मोदी जी बोले थे, जब इनकी सरकार नहीं बनी थी, जब डॉलर की कीमत ज्यादा होने से रुपये की कीमत गिर गई थी, उस समय इसके बारे में माननीय मोदी जी ने बोला था – "क्या कारण है कि देश का रुपया पतला होता जा रहा है। यह जवाब देना होगा। आपसे देश जवाब मांग रहा है। समझ नहीं आ रहा, प्रधान मंत्री जी गिर रहे हैं या रुपया गिर रहा है। कभी-कभी तो लगता है कि रुपये और सरकार के बीच कम्पीटिशन चल रहा है कि सरकार ज्यादा गिर रही है या रुपया ज्यादा गिर रहा है?" … (व्यवधान) माननीय मोदी जी ने कहा था – "जिस देश का रुपया कमजोर होता है, उस देश की सरकार कमजोर होती है, उस देश का प्रधान मंत्री कमजोर होता है। मैं आज कहता हूं कि आज देश का रुपया कमजोर हो रहा है? आज देश की इकोनामी डूब रही है। देश का रुपया कमजोर हो रहा है तो क्या प्रधान मंत्री जी कमजोर हो गए हैं या देश की सरकार कमजोर हो रही है?" … (व्यवधान)

दूसरी बात पेट्रोल की कीमत की आती है। माननीय प्रधान मंत्री ने वर्ष 2014 में कहा – "पेट्रोल की कीमतें बढ़ रही हैं और मनमोहन सिंह जी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, देश डूब रहा है।" पिछले दस सालों में पेट्रोल की कीमत 23 रुपये बढ़ गई है और डीजल की कीमत 35 रुपये बढ़ गई है, जबकि मनमोहन सिंह जी की सरकार के समय में क्रूड ऑयल की कीमत 20 डॉलर प्रति बैरल कम हो गई थी। मैं पूछना चाहता हूं कि पेट्रोल की कीमत बढ़ रही है या आपकी कंपनियों या आदमियों की आमदनी बढ़ रही है? क्या बढ़ा रहे हो? देश का पैसा किसे दे रहे हो? गरीब लूटा जा रहा है।

माननीय सभापति जी, जब कोई गाड़ी में पेट्रोल फुल कराने जाता है, 50 लीटर तेल डलवाता है तो 2000 रुपये सरकार को चले जाते हैं। चार रुपये प्रति किलोमीटर देश का हर व्यक्ति सरकार को चलने के लिए देता है, इसका मतलब है कि एक किलोमीटर चलो तो चार रुपये सरकार को गए जबकि सरकार 14 लाख करोड़ रुपये के घाटे पर बैठी है और फिर ये कहते हैं कि बजट में बहुत कुछ मिला है।

सभापति जी, मैं एक एयरपोर्ट पर गया। वहां एक आदमी आया, उसने मुझे गुलदस्ता दिया, मेरा स्वागत किया और कहा – अभिनंदन है आपका। मैंने कहा – भैया, आप कौन हो और मेरा अभिनंदन क्यों कर रहे हो? वह बोला - हम अडानी जी की तरफ से आपका स्वागत कर रहे हैं। मैंने कहा – भैया, आप मेरा स्वागत क्यों कर रहे हो? वह बोला – अब यह एयरपोर्ट हमारा है, अब हम इसके मालिक हैं, 50 साल के लिए हमने ले लिया है। मैंने कहा – यार, चलो ठीक है आपने ले लिया, आपका धन्यवाद। मैं जहाज में गया और वहां फिर मुझे बुके मिला। मैंने पूछा तो उसने कहा – आपका स्वागत है, हम कंपनी की तरफ से कर रहे हैं। मैंने कहा – यह इंडियन एयरलाइंस का जहाज है, आप क्या कर रहे हो? आप कौन हो? वह बोला – "यह जहाज अब हमारी कंपनी का है, मोदी जी ने हमें बेच दिया है।" मैं पूछना चाहता हूं कि क्या-क्या बेचोगे? देश को कितना बेचोगे? … (व्यवधान) मैं सात एयरपोर्ट्स पर गया। लखनऊ, अहमदाबाद, बैंगलुरू, जयपुर, गुवाहाटी, त्रिवेन्द्रम और मुम्बई, ये सात के सात एयरपोर्ट्स अडानी जी के हैं। … (व्यवधान) 50 साल के लिए उनको दे दिए गए हैं। … (व्यवधान) पुत्र की शादी में गिफ्ट कर दिए गए हैं और हजारों-करोड़ रुपये शादी पर लगे हैं। … (व्यवधान) मेरे लड़के की शादी गुरुद्वारे में हुई थी। … (व्यवधान)

(1320/MK/SAN)

आज तक पुलिस पूछ रही है कि लंगर में क्या-क्या पका था? दाल कितनी लगी थी और जो लंगर बनाने वाला था, उसको कितने पैसे दिए गए? दो साल से पुलिस मुझसे पूछ रही है। इस शादी में हजारों-करोड़ रुपये लगे हैं और प्रधानमंत्री जी बुके लेकर जा रहे हैं और वे उनका स्वागत कर रहे हैं। गरीब को लूटा जा रहा है। गरीब के पास खाने के लिए पैसा नहीं है और प्रधानमंत्री जी वहां बुके लेकर हजारों-करोड़ रुपये की शादी में जा रहे हैं। कोई बात नहीं है। आप क्या-क्या बेचेंगे? … (व्यवधान) आपने सारे एयरपोर्ट्स और जहाज बेच दिए। आप देश की संपत्ति के कस्टोडियन हैं, मालिक नहीं हैं। आप इसको बेचने की गलती मत कीजिए। देश को बर्बाद करने की गलती मत कीजिए। आप अपने आप को स्टेट्समैन बोलते हैं, आप अपने आप को देश के बहुत बड़े ख़ैर-ख्वाह बोलते हैं और देश को बेच रहे हैं। गरीब आदमी कहां जाएगा एक दिन?

"जो हार समझकर पहना था गला अपना सजाने को,
वे नाग बनकर बैठे हैं गला काट खाने को ।"

सभापति महोदया, जब ईस्ट इंडिया कंपनी आई तो उन्होंने पहले व्यापार पर कब्जा किया और व्यापार के माध्यम से देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। इनमें और अंग्रेजों में कोई फर्क नहीं है, सिर्फ कलर का फर्क है। ये भी पहले सत्ता पर काबिज हुए और फिर सत्ता के माध्यम से, आज ये देश की राजनीति के माध्यम से पूरे देश के व्यापार पर अपने आदमियों का कब्जा करा रहे हैं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्रीमती संध्या राय) : माननीय सदस्य, अब आप अपना भाषण कम्प्लीट कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : सभापति महोदया, मैं बस एक बात कहना चाहता हूं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आप बोलिए।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : कोई बात नहीं, आप बैठ जाइए। … (व्यवधान) बिट्टू जी, आपके पिताजी शहीद हुए थे। लेकिन, मैं आपको कह दूं कि वे उस दिन नहीं मरे, वे उस दिन मरे जिस दिन ... (*Expunged as ordered by the Chair*) … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आप अपनी बात कम्प्लीट कीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, मैं आपसे आग्रह कर रही हूं कि आप पर्सनल टीका-टिप्पणी न करें।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : सभापति महोदया, वे मुझे तंग कर रहे हैं। आप उनको बैठने के लिए बोलिए। … (व्यवधान) वे पंजाब से आए हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वे मुझे तंग करते रहें।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, श्री सुनील तटकरे जी।

… (व्यवधान)

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रवनीत सिंह) : सभापति महोदया, इन्होंने मेरा नाम लिया। मेरे दादाजी सरदार बेअंत सिंह जी ने देश के लिए कुर्बानी दी थी। कांग्रेस के लिए नहीं दी थी। ... (*Expunged as ordered by the Chair*) ये अपनी जायदाद पूछें, ये यहां गरीब की बात कर रहे हैं? ... (*Expunged as ordered by the Chair*) … (व्यवधान) ... (*Expunged as ordered by the Chair*) कहां की हैं, यह पहले बताएं।

माननीय सभापति : मैं माननीय सदस्यों से आग्रह कर रही हूं कि व्यक्तिगत टीका-टिपण्णी न करें।

… (व्यवधान)

श्री रवनीत सिंह : महोदया, मी टू में ये, सारे केसों में ये, सबसे ... (*Expunged as ordered by the Chair*) ये। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आप अपनी बात कम्प्लीट कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री चरनजीत सिंह चन्नी (जालंधर) : माननीय सभापति महोदय, मैं बोलूंगा। … (व्यवधान) आप अपने आदमी को बैठाइए।

सभापति महोदया, मैं अंतिम बात कहकर बैठ जाता हूं। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आज … (व्यवधान) अरे भाई सुनिए। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : मैं माननीय सदस्यों से आग्रह कर रही हूं कि आप सब अपने-अपने स्थानों पर बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

1319 बजे

(इस समय श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित की जाती है।

1320 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1400/SJN/SNT)
1401 बजे

लोक सभा चौदह बजकर एक मिनट पर पुनः समवेत् हुई।
(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

सामान्य बजट – सामान्य चर्चा
और
जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र का बजट – सामान्य चर्चा
और
जम्मू-कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र – अनुदानों की मांगें - जारी

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, एक मिनट के लिए रुक जाइए।

… (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, I am raising a Point of Order.

माननीय अध्यक्ष : आप किस नियम के तहत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठा रहे हैं?

… (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, I am raising a Point of Order under Rule 352.

माननीय अध्यक्ष : नियम 352 तो मुझे मुंहज़बानी याद हो गया है।

… (व्यवधान)

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, while our hon. Member, Channi ji was speaking, he was speaking about general politics. At that point of time, the MoS from the Treasury Benches intervened. Hon. Chair allowed him to intervene. That is okay. But while intervening, he personally made allegations against the hon. Member, Shri Channi. As per Rule 352, is it applicable? It is clearly against the rules. A Minister is violating the rule. And that Minister even crossed the border. He tried to attack the Members. How can a Minister attack a Member? This is actually against the customs, conventions, and decorum of this House. You are the person responsible to maintain the decorum of the House. We need an action. He has to apologise.

माननीय अध्यक्ष : माननीय रक्षा मंत्री जी भी यहां विराजे हैं। रक्षा मंत्री जी भी कुछ कहना चाहते हैं।

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह) : अध्यक्ष महोदय, मैं सभी सम्मानित सदस्यों से यही अनुरोध करना चाहूंगा कि आप दोनों तरफ की स्पीचेस को उठाकर देख लें कि किसने क्या बोला है। यदि

Hon. Chairperson, Sir, with your permission, I will just touch upon briefly how Rs. 48 lakh crore is going to be spent on some of the sectors. Sir, Rs. 11.11 lakh crore is given for the capital expenditure which is 3.4 per cent of GDP; Rs. 1.5 lakh crore interest-free loans are given to the States for infrastructure development; Rs. 2 lakh crore is given for employment, skilling, etc., of 4.1 crore youth in the next five years. We are an agricultural country. Therefore, Rs. 1.5 lakh crore is given for agriculture and allied sectors. One crore farmers will be convinced to move towards natural farming. Sir, Rs. 3 lakh crore is allocated for schemes which will benefit women and girls; Rs. 2.66 lakh crore has been allocated for the rural development. As we know that India lives in its villages, so the hon. Finance Minister has allocated money for rural infrastructure. Defence is given Rs. 6.21 lakh crore. Sir, Rs. 2.62 lakh crore is allocated for the Railways, and out of that, more than Rs. 1.08 lakh crore is allocated for the railway safety. The PMAY-Urban 2.0 is given Rs. 10 lakh crore, and the assistance of the Government of India under that scheme is Rs. 2.2 lakh crore.

The Budget announced Phase IV of PMGSY to connect 25,000 more villages with roads. The limit under Mudra loans has been increased to Rs. 20

lakh from Rs. 10 lakh. It benefits the small shopkeepers, micro entrepreneurs, service-providers, etc. And the list goes on.

Now, I come to my State of Andhra Pradesh. This is a very important subject. Sir, five years of *Jungle Raj* is over. People of Andhra Pradesh have given an unprecedented mandate to the NDA. A visionary leader became the Chief Minister again with the guidance, support and helping hand of the hon. Prime Minister Narendra Modi ji. I am confident; the BJP leaders are confident; the Karyakartas are confident; and NDA is confident that Andhra Pradesh will regain its lost glory. The importance of Andhra Pradesh is reflected in this Budget. Never in the history, if I may say so, there are five paras under one heading relating to Andhra Pradesh. This clearly indicates the importance that Narendra Modi ji's Government is giving to Andhra Pradesh.

(1705/SMN/CP)

Sir, this Budget is like oxygen for Andhra Pradesh which is on ventilator because of the wrong deeds of the earlier YSRCP Government. Andhra Pradesh Chief Minister is releasing White Papers on various sectors - Power, Amaravati, Polavaram, Mines and Liquor etc. So far, five White Papers have been released and, I think, three more are going to be released in the Andhra Pradesh Assembly during the current Budget Session. These White Papers will give a clear picture of irreparable damage done by the YSRCP Government in Andhra Pradesh between 2019 and 2024.

Sir, since I have a limited time, I wish to touch upon only a few issues about my State. Now, Andhra Pradesh is handed over to the NDA Government after five years of rule by YSRCP with financial mess, economic bankruptcy, lawlessness at its hilt, rampant corruption, being termed as a mafia ruled State - be it through liquor, sand, land grabbing, etc. The former Chief Minister constructed a palace in Rishi Konda with Rs. 500 crore for himself. There was a debt of Rs. 12 lakh crore on the State. There were attacks on political opponents with nil development.

Sir, one Dalit driver was murdered and the body was door-delivered to his house by an YSRCP MLC. A doctor working in the Government hospital was brutally killed when he had asked for masks during COVID-19. He was also a Dalit. There were 2,686 murders which happened during the YSRCP regime. There were nearly 150 attacks on temples. Centuries old chariot of Lakshmi

Narasimha Swami was set on fire in Antervedi. Three silver lions of Mata Durga's silver chariot disappeared during the YSRCP regime. And, there are umpteen attacks on the temples in Andhra Pradesh by YSRCP and its goons. Attack on Dalits, OBCS, women and minorities is countless. This clearly indicates how a State would become if a person with criminal background, who had spent nearly one-and-a-half years in jail filled with vengeance against a particular group and community, becomes the Chief Minister of a State.

Sir, five crore people of Andhra Pradesh are greatly thankful to the hon. Prime Minister, Modi Ji and the hon. Finance Minister for all the proposals made in this Budget.

Sir, Amaravati and Polavaram are like two eyes of the State and the hon. Finance Minister has made announcements. Both the announcements really touched the hearts of the people of Andhra Pradesh. Some of the important proposals announced are as follows:- Rs. 15,000 crore was given for Amaravati for this year alone and the Polavaram project would be completed by the Government of India.

In the election campaign, the hon. Home Minister said in Dharmavaram that in two years, he would complete the Polavaram project. So, the Government of India is taking care of it.

Grants are given for the backward regions of Rayalaseema and the North-Coastal districts of Andhra Pradesh. Now, Prakasam district has also been added to the list.

(1710/SM/NK)

Sir, I only request the hon. Finance Minister to provide grants to these backward regions on the lines of Bundelkhand region and KBK Districts in Odisha as promised. Nearly Rs. 50,474 crore will be given to Andhra Pradesh under tax devolution. It is nearly 13 per cent higher than the last year. It is 4.047 per cent of the total amount given by the Government of India to the States.

Under the Purvodaya Plan, funds will be given to Andhra Pradesh for human resource development, infrastructure, and generation of economic opportunities. Funds will be given for water, power, railways, etc. Kopparthy Node on Visakhapatnam-Chennai Industrial Corridor will be done. Orvakal Node on Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor will also be done. Vizag steel plant has got Rs. 620 crore; Rs. 150 crore have been given to Visakhapatnam Port Trust; Indian Institute of Petroleum which is in my parliamentary constituency in Anakapalle has got Rs. 168 crore. Capital investment would be given for economic growth, and the list goes on.Sir, kindly allow me to speak in Telugu.

Under the leadership of Shri Narendra Modi, Shir Chandrababu Naidu garu and Shri Pawan Kalyan, I contested from Anakapalle seat of Andhra Pradesh for BJP. I have won with a margin of three lakh votes. Earlier, I was in the Rajya Sabha for two terms. I contested for a Lok Sabha seat for the first time and I have won with a margin of three lakh

votes. It is because the people have confidence on Shri Narendra Modi ji, Shri Chandrababu Naidu garu and Shri Pawan Kalyan.

*Jagan Mohan Reddy asked for one opportunity 5 years ago. People thought that he is a young leader and give him an opportunity. But he *… (Not recorded)* Andhra Pradesh like anything. Let it be land, let it be sand or let it be through liquor. Andhra Pradesh has been pushed to deep debt and there are many outstanding bills. I can speak about this for one more hour. We may control corruption to some extent but if an economic offender becomes chief Minister of a state we have witnessed what can happen, in the last 5 years in Andhra Pradesh. The Union government should take action on all those officials who assisted in irregularities of the previous Government and ensure that such incidents do not happen in any other state. On the basis of white papers released by the chief Minister, action should be taken and investigations should be conducted by both the state and Central Government agencies. CBI, ED and vigilance should investigate these cases and bring back the money looted by these economic offenders. That money should be spent for the development activities in Andhra Pradesh. We should find the money even if they hid that money in any other state or country. Prime Minister Narendra Modi had laid the foundation for Amaravathi in 2014 with an intention to provide the capital city for Andhra Pradesh. But later on Jagan Mohan Reddy became chief Minister and he neglected Amravati, as developing Amravati City would give a good name to Nara Chandrababu Naidu and Narendra Modi. Amravati is a government property but still it was destroyed by Jagan Mohan Reddy. For the first time farmers pooled in 50,000 acres of land to construct a capital city in Amravati. Even those formers were subjected to harassment, as a result people of Andhra Pradesh have given a decisive mandate with 93% strike rate. No where in the country did such election results were seen, even now, they failed to learn from their failures. Though he killed his paternal uncle, he is visiting Delhi for protests. A new government in Andhra Pradesh was formed only 40 days back. People are watching his actions. The government should take action against him and recover the money that he looted from Andhra Pradesh. Enquiry should be conducted and all those officials who are found guilty should be punished. I witnessed 12 budgets in the Rajya Sabha, this is the 13th budget and till now I never saw such benefits for the state of Andhra Pradesh. On behalf of the people of Andhra Pradesh and NDA I thank the honorable Prime Minister and Finance Minister for this budget. Thank you.

(ends)

---

*Original in Telugu

(1715/SK/RP)

1716 बजे

श्री राजीव राय (घोसी) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बजट पर हो रही चर्चा के दौरान बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अगर आप इस बजट को ध्यान से पढ़ेंगे और समझने की कोशिश करेंगे तो यह बजट कुछ और नहीं, भारतीय जनता पार्टी के झूठे दावों, झूठी बातें और जुमलों का चीख-चीखकर आईना दिखाने वाला बजट है। सरकार की गजब कहानी है कि पिछले दस सालों से दो करोड़ रोजगार और नौकरियां हर साल दे रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कुछ दिन पहले बोला था कि तीन-चार साल में आठ करोड़ नौकरियां और रोजगार दे दिए गए हैं। कमाल की बात है कि 80 करोड़ लोगों को पांच किलो राशन वर्षों से दे रहे हैं, यह आंकड़ा 79 करोड़ 99 लाख 999 अभी तक नहीं हुआ, वह 80 करोड़ ही है, दोनों आंकड़े एक साथ कैसे आ सकते हैं? इससे बड़ा झूठ कुछ हो नहीं सकता है। जिस सरकार के काल में 80 करोड़ लोग पांच किलो राशन पर सालों साल जिंदा रहें और सरकार अपनी पीठ थपथपाती रहे, इससे ज्यादा शर्मनाक स्थिति कुछ और नहीं हो सकती है। मैं इतना ही कहूंगा कि ऐसी हालत नहीं होनी चाहिए थी।

तुमने कोशिश ही की नहीं ये हालात बदल सकते थे,
तुम्हारे अश्क मेरी आंखों से भी निकल सकते थे,
तुम तो ठहरे ही रहे झील के पानी की तरह
दरिया बनते तो बहुत दूर निकल सकते थे।

आप देश में झील के पानी की तरह एक जगह ठहरे हुए हो। जब मैं माननीय वित्त मंत्री का बजट भाषण सुन रहा था और पुस्तिका पढ़ रहा था तो एक बार मुझे ऐसा लगा कि मैं यह बजट बिहार के वित्त मंत्री जी से सुन रहा हूं। … (व्यवधान) सुधाकर बाबू, आप खुश मत हों कि बिहार के लोगों को बहुत कुछ मिल गया। आपको याद होगा, भाइयो और बहनों, 70 हजार करोड़, 80 हजार करोड़, 90 हजार करोड़, एक लाख करोड़ और सवा लाख करोड़, सवा लाख करोड़ रुपये कहां गए? यह रुपया या तो गया नहीं, अगर गया तो सारे पुल गिर गए।

माननीय सभापति जी, मैं दो बातों को लेकर बहुत चिंतित हूं। एक, मैं सरकार के उस महान् सलाहकार के बारे में जानना चाहता हूं जिन्होंने पूर्वोदय योजना को बिहार से शुरू किया। इसमें पूर्वांचल कहां गया? शेरशाह सूरी जी ने कहा था और चंदौली उस जमाने में गेटवे ऑफ पूर्वी उत्तर प्रदेश था और आप पूर्वांचल को छोड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हार के

बाद इतनी नफरत कि आपने उत्तर प्रदेश का नाम तक नहीं लिया। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, जबकि मैं आंकड़ों के साथ आईना दिखा सकता हूं। मैं जानता हूं कि हमारे बहुत से साथियों ने आंकड़े पेश किए हैं, सरकार को भी यह सब समझ में आता है, लेकिन आप पूर्वांचल को छोड़ देंगे और पूर्वोदय योजना की बात करेंगे। आपने बजट भाषण में उत्तर प्रदेश को कुछ नहीं दिया। आपका बोरी-बिस्तर पूर्वांचल ने बांध दिया है, इंतजाम कर दिया है। अगर इसी तरह की नफरत दिखाते रहेंगे तो आने वाले चुनावों में उत्तर प्रदेश से बोरी-बिस्तर बांध दिया जाएगा, यह लिखकर रख लीजिए और आप किसी घमंड या अहंकार में मत रहिए।

मैं मांग करता हूं कि पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश को पूर्वोदय योजना में शामिल किया जाए। आपने मेरे लोकसभा क्षेत्र में 11 सालों के शासन में कुछ भी नहीं दिया।

(1720/MK/NKL)

हमारे यहां तीन स्वदेशी कॉटन मिलें हैं। परदाहा और रसड़ा की चीनी मिल वर्षों से बंद है। माननीय कपड़ा मंत्री जी और वहां के मुख्यमंत्री जी ने आज से 7 साल पहले उसको चलाने की घोषणा की थी। एक जगह 85 एकड़ जमीन है, एक जगह 25 एकड़ जमीन है, जिन पर लैंड माफिया की गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। मैंने सुना है कि वहां पार्टिंग करने की योजना बनाई जा रही है। मैं आपसे मांग करता हूं कि इस बजट में मेरी लोक सभा की तीनों मिलों को चालू किया जाए, जिससे वहां के लोगों को रोजगार मिल सके। अगर किसी भी वजह से मिलों को उस हालत में चालू करना संभव नहीं हो तो वहां वैकल्पिक उद्योग लगाया जाए। पूर्वांचल का सबसे पिछड़ा इलाका घोसी है।

आप बाढ़ की बात कर रहे हैं। मुझे वह भी समझ में नहीं आ रहा है कि कौन-से वैज्ञानिक ने बताया है कि इनके यहां बक्सर में बाढ़ आएगी तो मेरे गाँव बलिया में बाढ़ नहीं आएगी। यहां पूर्वांचल के सांसद बैठे हुए हैं। मैं तो पीलीभीत से जुड़ता हूं। कौन-सा ऐसा जिला है, जहां बाढ़ नहीं आती है? मेरे यहां मधुबन ब्लॉक का बिनटोलिया से लेकर गजियापुर का पूरा बांध टूट रहा है। गाजीपुर, सेमरा गाँव सालों से डूब रहा है। बक्सर से लेकर वहां तक सारे गाँव डूब रहे हैं। सैंकड़ों एकड़ जमीन चली जा रही है। सरकार उसके बारे में नहीं सोच रही है। जब बजट को पढ़ते हैं तो ऐसा अहसास होता है कि यह बजट देश के लिए नहीं, बल्कि अपनी उन दो बैसाखियों के लिए बनाया गया है, जिन बैसाखियों के सहारे यह सरकार अपनी आखिरी सांसें गिन रही है और चलेगी नहीं।

सभापति महोदय, एक करोड़ इंटर्नशिप की बात हो रही है। जो लोग दो करोड़ रोजगार की बात कर रहे थे, वे एक करोड़ के इंटर्नशिप पर आ गए हैं। वह भी एक इमैजिनरी फिगर है, छलावा है, झूठ है। आप 500 कंपनियों में नहीं दे सकते हैं। आप अग्निवीर से भी

ज्यादा खतरनाक योजना नौजवानों के लिए ला रहे हैं, जो एक साल में उनको सड़क पर खड़ा कर देंगी। आप तो नौकरी और रोजगार की बात करते थे। मैं आपसे मांग करता हूं कि हमारे पूर्वांचल के इलाके को पूर्वोदय योजना में शामिल किया जाए। हमारे यहां जो परदाहा की मिल है, उसमें 85 एकड़ जमीन है। आप वहां स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोल सकते हैं। हमारा मऊ तो पूर्वांचल का मेडिकल हब बन रहा है, लेकिन सरकारी सुविधा कुछ नहीं है। वह प्राइवेट के जिम्मे है। अगर वहां मल्टी स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, ट्रॉमा सेंटर, स्किल सेंटर, वह बुनकरों का इलाका है, इसलिए वहां साड़ी प्रोसेसिंग यूनिट बनाया जाए। हमारे मऊ की हालत बहुत बुरी तरह खराब है।

मैं आपसे मांग करता हूं कि यह सरकार, जो नौकरी के वादे करती थी, जिन्होंने बार-बार कहा है कि हम हर साल दो करोड़ नौकरी और रोजगार लेकर आए हैं, इस सदन के लोगों को पता होना चाहिए कि नौकरी और रोजगार किस बोरे में रखकर किस खाई में फेंक दी गयी है, जो न तो पढ़ी जा रही है और न ही दिखाई दे रही है। आप झूठे दावे बंद कीजिए। मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा। आप झूठे वादे करते हैं। आप बजट में हर साल बातें करते हैं, लेकिन पिछली बजट की बात नहीं होती है। वे पैसे कहां गए?

"आप अपनी बातों से इस आवाम पर कुछ इस तरह अहसान करते हैं,
आँखें तो छीन लेते हैं, और चश्मे दान करते हैं"

हमें आपके दान के चश्मे नहीं चाहिए। आप हमारी आँखों को छिनना बंद कर दीजिए। अब मैं आखिरी बात कहना चाहता हूं। हमारे यहां, जो मेरा इलाका है, मैं हमेशा कहता हूं, बदहाल बुनकर, बेहाल किसान और बेरोजगार नौजवान, इन पर सरकार तत्काल संज्ञान ले और जो गाँव कटानों में डूब रहे हैं, चाहे वह गाजीपुर का गाँव हो, बलिया का हो, मऊ का हो, आजमगढ़ का हो, गोरखपुर का हो या कुशीनगर हो, उसके लिए व्यवस्था कर दी जाए। जितने गाँव डूब गए हैं, उनको मुआवजा दिया जाए। आपने मुझे समय दिया, मुझे बहुत सारी बातें बोलनी थीं, लेकिन समय के अभाव में नहीं बोल रहा हूं। लेकिन, मुझे उम्मीद है कि सरकार संवेदना के साथ सुनेगी, समझेगी और हमें भी आगे बढ़ने का मौका देगी । धन्यवाद।

(इति)

1724 बजे

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : आदरणीय सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आदरणीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने जो वित्त संकल्प अपने सामने रखा है, उसके ऊपर मैं अपने विचार प्रकट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। खासकर, उन्होंने जो चार बातें कही थीं, युवा, महिला, किसान, इन विषयों को लेकर मैंने सोचा कि पहली बार जब उन्होंने बेरोजगारों की बात की, कुछ स्कीम भी लेकर आई हैं, उसके ऊपर पहली बात यह है कि उसकी जो नींव है, उसको पहले समझना चाहिए।

(1725/SJN/VR)

सर, आज हमारे पास सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी प्राइवेट लिमिटेड है। उन्होंने हमारे सामने जो वास्तविकता रखी है, Unemployment ratio rises to 9.2 per cent in June 2024. हमारे यहां 9.2 प्रतिशत बेरोजगारी है। उस पर उन्होंने ये कहा है कि अगर रुरल रोजगार का रेट देखेंगे, तो वह 9.3 प्रतिशत है। ऐसी स्थिति में इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन (आईएलओ) ने कहा है कि हमारे यहां 83 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। ऐसी स्थिति में आप यहां पर जो बजट रख रहे हैं, तो हम क्या अपेक्षा करते हैं?

अगर उसका सबसे ज्यादा किसी पर असर पड़ता है, तो युवा, महिला और किसानों पर पड़ता है। हम कहते हैं कि हमारा देश युवाओं का देश है। अब युवाओं के देश में युवा बेरोजगार है। अगर आप देखेंगे, तो सरकार पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे करती है। वह कहती है कि उनका प्रतिशत निकालने का जो रवैया या जो तरीका है, वह गलत है। वह कहते हैं कि सिर्फ 5.2 प्रतिशत है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में अर्बन एरियाज़ में बेरोजगारी दर के बारे में बताया है। रुरल एरियाज़ में वर्ष 2020-21 में 3.3 प्रतिशत और अर्बन एरियाज़ में 6.7 प्रतिशत है।

हमारे पास सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय है। Unemployment rate on usual status of persons aged 15 years and above in both rural and urban area along with last three years is 3.3 per cent to 6.7 per cent. In respect of rural areas in 2021-22, it was 3.2 per cent and in respect of urban areas in the same period, it is was 6.3 per cent; and the same in 2022-23 was 2.4 per cent and 5.4 per cent respectively.

अभी उसका इंडिकेटर क्या है। जब आईएलओ कहती है कि इतने प्रतिशत है। इस तरह की रिपोर्ट देकर वे हमारे देश में भ्रम पैदा करना चाहते हैं। इसमें सबसे बड़ी जो बात है, share of educated youths among all unemployed people also increased 11.5 per cent from 54.2 per cent in 2000 to 65.7 per cent in 2022. अगर आप देखेंगे, तो इतने युवा बेरोजगार हैं। मैंने जान-बूझकर पहले इसकी नींव रखी है। हम क्या करना चाहते हैं? आप कौन-सी स्कीम लेकर आए हैं? जब आप सारी स्कीम्स देखेंगे, तो उसमें आपको यह नजर आएगा।

पहले बेरोजगार व्यक्ति रोजगार कार्यालय में जाता था और अपना नाम रजिस्टर करवाता था। तब हमारे पास रियल डेटा आता था। अब हम ईपीएफओ के ऊपर निर्भर रहते हैं। जो इम्प्लॉयी

प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन है, हम उसके आधार पर तय करते हैं कि इतने लोग बेरोजगार हैं। एक कॉन्ट्रैक्ट लेबर का भी ईपीएफओ होता है। ये कहेंगे कि हमने रोजगार दिया है। मेरा रोजगार शब्द पर ऑब्जेक्शन है। नौकरी की बात करो, रोजगार की बात मत करो।

अभी भी आप अपनी स्कीम में कह रहे हैं, वे जो स्कीम लेकर आए हैं, अगर आप उस स्कीम में देखेंगे, तो आपको पता चलेगा। जो स्कीम्स लाई गई हैं, कुल चार स्कीम्स हैं, कंपनियों में कैसे अप्रेंटिसशिप पर रखेंगे, उनको क्या-क्या मिलेगा और कैसे मिलेगा। अगर आप इन सभी में देखेंगे, तो हर स्कीम दो वर्ष की है। ये तो अग्निवीर योजना हो गई। वह दो वर्ष के बाद क्या करेगा? आप क्या देने वाले हैं? एक लाख रुपये महीना देंगे। एक व्यक्ति जिसकी प्रतिमाह एक लाख रुपये तन्ख्वाह है, उसको 15,000 रुपये देंगे।

मुझे तो समझ में ही नहीं आ रहा है कि उसको क्यों देना है? वह तो प्रतिमाह 1,00,000 रुपये तन्ख्वाह ले रहा है। उसको क्यों देना है? उसको 5-5,000 रुपये करके तीन महीने में 15,000 रुपये देंगे। अगर कोई एक वर्ष के बाद नौकरी छोड़कर चला गया, तब क्या करेंगे? तब कंपनी से पैसे लेंगे, यानी सरकार की निधि से कुछ नहीं जा रहा है। जिम्मेवारी भी नहीं है, बाकी सब सीएसआर फंड से होगा। इन सारी चीजों को देखेंगे, तो आप जो ये सब कर रहे हैं, मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि आपको सही में बेरोजगारी को खत्म करना है या नहीं करना है।

(1730/SPS/SAN)

आप बेरोजगारी पर सोचिए। मैं ट्रेड यूनियन में काम करता हूं और अनिल देसाई भी मेरे साथ वहीं काम करते हैं। नौकरी कहां आई हैं? आपने कहा 500 कंपनियां हैं, लेकिन कंपनियां कहां हैं, यह तो बताइए? आप नौकरी कहां लगवाने वाले हो? मुंबई जैसे शहर में सब गए हैं। हमारे महाराष्ट्र में से सारी चीजों को लूटकर ले गए। वहां से वेदांत फॉक्सकॉन गया, टाटा एयरवेज गई, बल्क ड्रग पार्क गया, मेडिकल डिवाइस पार्क गया। सारे कारखाने और उद्योगों को आप गुजरात लेकर चले गए। रोजगार कहां हैं? वहां कौन सी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स आ रही हैं, आप यह तो बताइए? आप रोजगार कहां देने वाले हैं? यह बुनियादी सवाल है। आप यह कीजिए, तब आप कहिए। मैंने इसलिए कहा है कि यह कुछ नहीं है, यह अग्निवीर है।

सर, मैं आगे आपको बताता हूं कि आपने सारे पब्लिक सेक्टर बेच डाले। नौकरियां कहां है? पढ़े-लिखे बच्चे कहां जाएंगे? दसवीं और बारहवीं कक्षा की मेरे पास रिपोर्ट है। आप उस रिपोर्ट में देखेंगे कि जो कम पढ़े हुए बच्चे हैं, उनकी संख्या से दसवीं या बारहवीं कक्षा पास करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है और ग्रेजुएट वालों की संख्या है। क्या आप उनको बैंकों में लेने वाले हैं? आप किसी भी बैंक में जाकर देखिए, वहां अंधेरा छाया हुआ है। अभी एआई आएगा तो और भी तकलीफ आएगी, तब आप क्या करेंगे? आप देश की आबादी के बारे में सोचिए। 140 करोड़ लोगों में कितने लोग बेरोजगार हैं। आप कहते हो कि चार करोड़ लोगों को जॉब मिलेगा, लेकिन दो वर्ष के बाद क्या वह अग्निवीर बनेगा, यह पता नहीं चल रहा है? इसलिए मैं कहता हूं कि बैंक, इंश्योरेंस, रेल, पोस्ट, ऑयल आपने सारी कंपनियां बर्बाद कर दी हैं।

सर, मैं हाल ही में जर्नी कर रहा था तो रेल में मुझे दो कर्मचारी मिले। मैंने कहा कि क्या करते हो, एक ने कहा कि मैं जेनरेटर ऑपरेटर हूं, दूसरे ने कहा कि मैं हाउस कीपिंग करता हूं। उसने कहा कि जब मैं नौकरी पर लगा था तो उस वक्त मुझे 45 हजार रुपये तनख्वाह मिली थी। दो वर्ष के बाद वेंडर चेंज हुआ, मेरी तनख्वाह सीधे 16 हजार रुपये हो गई। उसके बाद फिर दो वर्ष के बाद नया वेंडर आया तो मेरी तनख्वाह 18 हजार रुपये हो गई है। अब एक और नया वेंडर आया गया है तो तनख्वाह 24 हजार रुपये हो गई है। सबका प्राइवेटाइजेशन कर दिया है। हम यहां पार्लियामेंट में बैठे हैं। … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) यहां सीआईएसएफ है। हमारी इनसे दुश्मनी नहीं है, … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) हमें यह समझने तो दीजिए। अभी सारा काम बीवीजी करता है। राष्ट्रपति भवन में बीवीजी है, पार्लियामेंट की सफाई बीवीजी करता है, लेकिन … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) आप सीआईएसएफ को लगाना है तो चौराहे पर लगा दीजिए, अंदर क्या है? … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) मोदी साहब है तो मुमकिन है। … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

सर, मद्रास की नोकिया कंपनी एक दिन में मन में आया बंद कर दी। वे 40 हजार लोग कहां जाएंगे, यह नहीं पता है। हम नया बता रहे हैं, लेकिन जो बंद हो रहा है, वह कौन बताएगा? आज हमारी ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी में इलेक्ट्रिक व्हिकल आ गए हैं। हमारी जो पुरानी पेट्रोल और डीजल इंजन के जो व्हिकल थे, उनके बहुत सारे मूविंग पार्ट्स होते थे, लेकिन इलेक्ट्रिक व्हिकल में मूविंग पार्ट्स नहीं है। उनमें मूविंग पार्ट्स होने की वजह से एन्सिलरीज कंपनियां होती थीं, लेकिन आज सारी एन्सिलरीज कंपनियां बंद पड़ी हैं। कोल्हापुर की एन्सिलरीज कंपनियां बंद पड़ी हैं। वहां लोग बेरोजगार हो गए है और उम्र 40-45 साल हो गई है। रोजगार कहां हैं? मैं आपके रोजगार शब्द को देखता हूं कि रोजगार कहां हैं? सबसे बड़ी बात यह है कि आप कौन सी नौकरियां देते हो? इस देश में रोजगार करने वालों के लिए, नौकरी करने वाले के लिए, काम करने वाले के लिए, मजदूरों के लिए हमने क्या कानून बनाए हैं? हमने यह कानून बनाया है कि जिस कंपनी में 300 और 300 से कम कर्मचारी हों, अगर कंपनी का मालिक चाहता है कि उसे बंद करना है तो उसको किसी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है, वह बंद करेगा।

माननीय सभापति (श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी) : कृपया, अपनी बात कन्क्लूड कीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, उसकी मर्जी है और कहेगा कि मेरी मर्जी। उसके बावजूद हमारे टर्म्स क्या हैं? उसमें कैजुअल, कॉन्ट्रैक्ट लेबर और फिक्स टर्म हैं। कैजुअल क्या होता है, कैजुअल का मतलब है कि एक दिन का काम करवाया, फिर छोड़ दिया। हमारे नेवल डॉक में देखिए क्या है? मुझे पिछले हफ्ते लोग मिलने आए थे, उनकी 25 वर्ष तक कैजुअल एम्प्लॉई की लगातार सर्विस हो गई, उसमें ब्रेक नहीं है।

(1735/MM/SNT)
यह क्या तरीका है? मैंने रक्षा मंत्री को पत्र लिखा, मैंने वेस्टर्न कमांड को पत्र लिखा। पत्र लिखने के बाद क्या हुआ सर! पत्र लिखने के बाद इमिडिएटली वेस्टर्न कमांड सतर्क हुआ और उन्होंने सोचा कि हम जल्दी से जल्दी वेंडर बुलाएंगे। इसको थर्ड पार्टी को दे देंगे। 25-25 साल से नौकरी करने वाले लोगों को आप वेंडर के पास भेजोगे! आपकी जिम्मेदारी छूट गयी। मर जाओ, किधर भी जाओ। मझगांव डाक में फिक्स्ड टर्म इम्प्लॉयी को दो-दो बरस लगते हैं और अब फिर से फिक्स्ड टर्म में लग गए।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI): Please conclude.

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, अभी तो मुझे बोलते हुए 5-7 मिनट भी नहीं हुए हैं। मैं कोई राजनीतिक भाषण नहीं कर रहा हूं। अभी तक आप सारे राजनीतिक भाषण सुनते आए हैं। मैं उसके बारे में बहुत कुछ बोल सकता हूं, लेकिन मैं जान-बूझकर नहीं बोल रहा हूं।

दो वर्ष का फिक्स्ड टर्म रखते हैं। उसके बाद कहते हैं कि आपको दो वर्ष के लिए फिक्स्ड टर्म पर रखा था और आपको 25 हजार रुपये तनख्वाह दे रहे थे। अब, नया वेंडर आ गया है। इम्प्लॉयी और इम्प्लॉयर फिर से फिक्स्ड कॉन्ट्रैक्ट करेंगे और वे कहेंगे कि पिछली बार 25 हजार रुपये दिए थे, अब नहीं दे पाएंगे। अगर 20 हजार रुपये में करना है तो करो, नहीं तो जाओ। सात-सात बार फिक्स्ड टर्म पर मझगांव डॉक, गवर्नमेंट पीएसयूज़ में लोग 14-14 साल से काम कर रहे हैं। एक्सिस बैंक, मैं नाम लेकर जान-बूझकर बोल रहा हूं। लोग दस-दस साल से काम कर रहे हैं और तनख्वाह नहीं बढ़ रही है। तनख्वाह कैसे बढ़ेगी? तनख्वाह बढ़ाने के लिए वेंडर को बोलो तो वह कहता है कि मैं तनख्वाह बढ़ाने को तैयार हूं, लेकिन बैंक मुझे नहीं दे रही है। हजारों कर्मचारियों का यही हाल है... (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, श्री अरुण भारती जी।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं...
(व्यवधान) सर, इतना महत्वपूर्ण विषय है। बजट पर चर्चा के लिए 20 घंटे दिए गए हैं। मैं बीएसी कमेटी का भी सदस्य हूं। ... (व्यवधान)

श्री अरुण भारती (जमुई) : धन्यवाद सभापति जी। सर, आपने मुझे बजट पर बोलने का जो अवसर दिया है, उसके लिए आपका धन्यवाद।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : हम से कम संख्या वालों को बोलने के लिए ज्यादा समय दिया गया है... (व्यवधान)

श्री अरुण भारती (जमुई) : सर, मैं पहली बार बोल रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मुझे बोलने के लिए पर्याप्त मौका दिया जाएगा।... (व्यवधान) सर, सबसे पहले मैं जमुई की जनता का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने पहली बार मुझ पर और तीसरी बार मेरी पार्टी पर विश्वास करके मुझे भारत की संसद में भेजा है... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाइए, आपको बोलने के लिए समय मिलेगा।

... (व्यवधान)

श्री अरुण भारती (जमुई) : बड़े गर्व और जिम्मेदारी के साथ बजट पर अपनी पार्टी का पक्ष रखने का मुझे जो मौका मिला है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री माननीय श्री चिराग पासवान जी को भी धन्यवाद देता हूं... (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : सर, माननीय सदस्य एक वरिष्ठ सांसद हैं, इनको बोलने का दो मिनट का समय दे दीजिए।… (व्यवधान)

श्री अरुण भारती (जमुई) : महोदय, मैं बिहार से आता हूं जो कि भगवान जैन, भगवान बुद्ध, माता सीता, गुरू गोविंद सिंह जी, आचार्य चाणक्य… (व्यवधान) सर, मैं पहली बार बोल रहा हूं, कृपया मुझे बोलने का पर्याप्त अवसर दिया जाए। आपका संरक्षण मुझे प्राप्त हो, यह बहुत जरूरी है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपको बोलने के लिए समय दिया जाएगा। अभी आप बैठ जाइए।

अरविंद सावंत जी, आप कृपया अपनी बात एक मिनट में कनक्लूड कीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, इसमें सारी बातें हैं। आपने अभी नीट परीक्षा की बात सुनी। यूपीएससी, हमारे यहां खेडकर नाम की महिला पकड़ी गयी है। आप एमपीएससी देख लीजिए। स्टाफ सिलेक्शन कमिशन के तहत मुंबई में इंकम टैक्स में 1200 लोगों की भर्ती हुई। 1200 में केवल तीन महाराष्ट्र से हैं, बाकी कहां से आए? स्टाफ सिलेक्शन कमिशन के एग्ज़ाम्स की भी इंक्वायरी होनी चाहिए। सर, इसकी जांच कीजिए। किसी प्रांत से हमारी दुश्मनी नहीं है। पूरे भारत वर्ष से नहीं, केवल दो राज्य से सारे लोग आ गए। यह कमाल की बात है। मैं इसकी जांच करने की मांग करता हूं।

आखिर में, मैं दो मुद्दे यहां रखना चाहता हूं। एनसीएलटी में कितने केसेस पड़े हैं, इसका आपने जिक्र किया है। जेट एयरवेज़ के बारे में एनसीएलटी में भी कह दिया है कि उनकी ग्रेच्यूटी और पीएफ दे दो, लेकिन फिर भी नहीं मिल रहा है। मुंबई में हयात रिजेंसी होटल बंद पड़ा हुआ है। लोग 30-30 साल सर्विस करने के बाद बेकार हो रहे हैं। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि इन मुद्दों को लेकर अगर सरकार युवाओं की बेरोजगारी की बात करती है तो मुझे यही बताना है। एक मुद्दा और आता है और वह है पेंशन। दस बरस से लड़ रहा हूं। ईपीएस पेंशन, 95 में 800-1200 रुपये मिलते हैं।

(1740/YSH/AK)

सर, उनसे खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है? इसलिए मैं आपसे महाराष्ट्र के तीन मुद्दों के लिए प्रार्थना करता हूँ। पहला मुद्दा छत्रपति शिवाजी महाराज का है। ये महाराष्ट्र में कहते हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज का आशीर्वाद भाजपा के साथ और हमने वही छत्रपति शिवाजी महाराज के स्टैच्यू को छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे स्टेशन पर खड़ा करने के लिए कहा तो रेलवे के चेयरमैन कहते हैं कि ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। अगर पॉलिसी नहीं है तो सरदार वल्लभभाई पटेल जी का स्टैच्यू कैसे लग गया? विश्वेश्वरैया जी का स्टैच्यू कैसे लग गया? क्या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्टैच्यू लगाने के लिए पॉलिसी नहीं है? आपकी लैंड पॉलिसी भी अब तक खराब रही है।

दूसरा, मराठी भाषा को क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया जाए। छत्रपति शिवाजी महाराज का स्टैच्यू लगाया जाए। इसके अलावा आज हम देश में जो रेल घुमा रहे हैं, वह पहली रेल इस देश में नाना शंकरसेठ द्वारा लाई गई थी। मुम्बई सेन्ट्रल स्टेशन उनके नाम पर हो, इसकी मांग मैं पिछले 10 वर्षों से करता आ रहा हूँ। इस पर सरकार थोड़ा सा आगे बढ़ी है, लेकिन वह काम अब भी नहीं हुआ है। मेरी इतनी सी ही प्रार्थना है कि आप इन कामों को कीजिए और तब जाकर आप बजट की बात कीजिए, नहीं तो बाकी सब बेकार है।

(इति)

1741 बजे

श्री अरुण भारती (जमुई) : सभापति जी, मैं पहली बार बोल रहा हूँ। मेरी आपसे गुजारिश है कि मुझे बोलने का पर्याप्त मौका दिया जाए। सभापति जी, आज बजट की चर्चा पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

सबसे पहले मैं अपने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनन्दन करता हूँ, जिनको तीसरी बार इस देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। उसके लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं भी देता हूँ। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र जमुई की देवतुल्य जनता का भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मुझ पर पहली बार और हमारी पार्टी पर तीसरी बार अपना विश्वास व्यक्त किया है। मुझे बड़े गर्व और जिम्मेदारी के साथ बजट पर अपनी पार्टी का जो रुख और पक्ष रखने का मौका मिला है, उसके लिए मैं अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री चिराग पासवान जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

सभापति जी, मैं बिहार से आता हूँ, जो भगवान जैन, भगवान बुद्ध, माता सीता, गुरु गोविन्द सिंह जी, आचार्य चाणक्य, जयप्रकाश नारायण जी, कर्पूरी ठाकुर जी और स्वर्गीय रामविलास पासवास जी की भूमि है। बिहार, जो संस्कृति, कला और ज्ञान की नगरी थी, जहां अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया है, वही बिहार हर स्तर पर आज के दिन चुनौतियों से लड़ रहा है। इसका कारण पूर्व की केन्द्र सरकारों का बिहार के साथ सौतेला व्यवहार है। बिहार को मुख्य धारा से वंचित रखने का उनका जो षड़यंत्र था, जो कि कांग्रेस सरकार ने केन्द्र में किया था और फिर जंगलराज की सोच वाली आरजेडी की सरकार थी। उनके शासनों ने बिहार को कम से कम दो दशक पीछे धकेल दिया था। इस बात को मैं एक शायरी के द्वारा आपको समझाना चाहता हूँ।

"ये मंजर भी देखा है तारीख की नजरों ने
लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पाई है।"

उनकी गलतियों की कीमत आज पूरा बिहार भुगत रहा है और उन्हीं गलतियों को अगर सुधारकर बिहार को विकास के पथ पर ले जाने का काम इस बजट ने किया है तो यह बहुत सराहनीय है। विपक्ष के साथी बहुत असहज महसूस करते हैं कि बिहार पर इतनी मेहरबानी क्यों की गई।

सभापति जी, मैं बताना चाहूंगा कि बिहार ने तो कभी प्रश्न नहीं किया कि बजट में अन्य राज्य की सरकारों को क्या सौगात मिली। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2021 के बजट में केन्द्र सरकार ने 25 हजार करोड़ का इकोनॉमिक कॉरिडोर पश्चिम बंगाल को दिया था।

1 लाख करोड़ रुपये से 1100 किलोमीटर के राजमार्ग की राशि केरल को दी गई थी, जहां पर एनडीए की सरकार नहीं थी, लेकिन जब बिहार को इस बजट में कुछ दिया जा रहा है तो आपत्ति हो रही है। यह आपत्ति किसलिए है, यह हमारी भी समझ से बाहर है। जो कमजोर राज्य होते हैं, उनके ऊपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

एक बिहारी होने के नाते मुझे लगता है कि यह बजट एक समावेशी बजट है, न्यायोचित बजट है, बिहार के परिप्रेक्ष्य में न्यायसंगत बजट है और इसकी जरूरत बिहार को कई दशकों से थी। बिहार एक पिछड़ा राज्य है। हमें हर बार उलाहना दी जाती है कि बिहार एक पिछड़ा राज्य है, लेकिन ऐसे पिछड़े राज्य को आगे लाने के लिए विकास की राह में अगर इस तरह के प्रयास हो रहे हैं तो यह बहुत सराहनीय योगदान है।

(1745/RAJ/UB)

क्या आप नहीं चाहेंगे कि बिहार भी विकसित हो, बिहार के लोगों को भी बेहतर सुविधाएं मिले? यह बजट न केवल विकसित भारत की सोच को आगे ले जाने का काम करता है, बल्कि हमारी पार्टी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री चिराग पासवान जी के विकसित बिहार बनाने की सोच, 'बिहार फर्स्ट – बिहारी फर्स्ट' को साकार करने की तरफ एक सकारात्मक कदम है, उस सोच को धरातल पर उतारने की पहल भी है।

मैं नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि आज उन्होंने इस बजट में बिहार को जो प्राथमिकता दी है, हम जिस 'बिहार फर्स्ट – बिहारी फर्स्ट' सोच की बात करते हैं, हमें उसका अंश इस बजट में दिख रहा है। अब हमारे बिहार में गंगा माता के साथ विकास की गंगा भी बहेगी, क्योंकि केन्द्र सरकार ने बिहार के साथ न्याय किया है। बिहार को उसका जो लंबे समय से पेंडिंग था, वह अधिकार दिया है।

बिहार की जनता ने जो आशीर्वाद वर्ष 2024 में माननीय प्रधान मंत्री जी को दिया था, उस भरोसे पर वे पहले बजट में ही खरे उतरे हैं। मोदी जी ने हमेशा बिहार के विकास की चिंता की है। उन्होंने विश्व पटल पर बिहार को सम्मान दिया है। जी-20 समिट में नालंदा विश्वविद्यालय का चित्र पूरे विश्व ने देखा था। एनडीए की सरकार ने बिहार के साथ सामाजिक न्याय किया, जब स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न दिया गया। हमें इस बजट के माध्यम से आर्थिक न्याय दिया गया। बिहार को विकसित भारत का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। सरकार ने पूर्वोदय योजना की घोषणा की है, जिससे बिहार के ऑल राउंड डेवलपमेंट, ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, जेनरेशन ऑफ इकोनॉमिक ऑपर्चूनिटी के माध्यम से बिहार को प्रगति के पथ पर ले जाएंगे।

सभापति महोदय, क्या-क्या फायदे हैं, इसके बारे में मैं आगे बताऊंगा लेकिन मैं थोड़ा बीते हुए समय के बारे में बताना चाहूंगा। लगभग दो दशक पहले बिहार के एक तत्कालीन मुख्यमंत्री हुआ करते थे। जिनके बारे में बिहार में एक कहानी चलती है कि जब वहां की जनता उनके पास गई और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी, हमें सड़क की जरूरत है तो मुख्यमंत्री जी ने यह कहा था कि अच्छा है, तुम्हारे गांव में सड़क नहीं है, क्योंकि जब तुम अपराध करोगे और तुम्हारे गांव में सड़क होगी, तो पुलिस तुम को पकड़ने, गिरफ्तार करने के लिए आ जाएगी।…(व्यवधान) अगर वहां रोड नहीं होगा, तो पुलिस तुम्हें गिरफ्तार करने कैसे आएगी?…(व्यवधान)

जिस प्रदेश में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर यह सोच थी, अब वहां पर इस बजट के माध्यम से एक्सप्रेस वे बनेंगे, गंगा नदी पर नए पुल बनेंगे।…(व्यवधान) सवाल करने वाले कहां थे?… (व्यवधान) जिस वक्त हमें एक्सप्रेस-वे की जरूरत थी, तो सवाल करने वाले कहां थे?… (व्यवधान) ऐसे बेहतर एक्सप्रेस-वे से बिहार की अर्थव्यवस्था को भी देश के अन्य हिस्सों से जोड़ा जाएगा, व्यापार सुगम बनेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को बढ़ेगा, जो हमारे 'बिहार फर्स्ट – बिहारी फर्स्ट' की सोच को भी साकार करता है।

सभापति महोदय, मैं इस बजट के माध्यम से 26 हजार करोड़ के रोड कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की घोषणा के लिए सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। इस बजट में पटना से पूर्णिया का एक्सप्रेस वे, बक्सर से भागलपुर का एक्सप्रेस वे, बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा सड़क संपर्क योजना से जोड़े जाएंगे। गंगा नदी में एडिशनल दो लेन्स का ब्रिज बनेगा, वह शामिल है। यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

माननीय सभापति महोदय, मैं फिर कुछ ऐसा कहने वाला हूं, जहां थोड़ी-सी आपत्ति आएगी। मेरे लोक सभा क्षेत्र जमुई में चुनाव के वक्त जंगल राज की सोच वाले जो विपक्षी थे, उन्होंने मुझे बार-बार बाहरी कहा।

(1750/KN/SRG)

उन्होंने बोला- यह तो बाहरी है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिहारियों को बाहरी किसने बनाया? किसने उनको तिरस्कृत होने के लिए बिहार से बाहर जाने के लिए मजबूर कर दिया, चाहे वह नौकरी हो, चाहे वह शिक्षा हो या फिर जान-माल की इफाजत हो? ये बताएं।

महोदय, दशकों बाद ऐसा बजट आया है, जिसमें रोजगार के अपार अवसर बनेंगे। चाहे वह रोजगार के लिए प्रधान मंत्री जी के पांच योजनाओं के पैकेज के माध्यम से हो या नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के माध्यम से हो, जैसे कि 2400 मेगावाट का नया पावर प्लांट हो। बिहार में एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट्स हों, नए एयरपोर्ट्स हों, खेलकूद के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने की बात हो, तो यह उम्मीद जगती है कि अब हम बिहारी भी वापस बिहार जाने के बारे में सोच सकते हैं, ताकि हम बिहारी ही कहलाएं, बाहरी नहीं कहलाएं।

महोदय, सरकार द्वारा पावर प्रोजेक्ट्स के लिए 21400 करोड़ की लागत से नया पावर प्लांट पीरपैंती में बनाया जाएगा। नए एयरपोर्ट्स, मेडिकल कॉलेजेज बनाए जाएंगे। स्पोर्ट्स के इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए जाएंगे। केन्द्र सरकार ने जो सौगात दी है, कैपिटल इनवैस्टमेंट से एडिशनल एलोकेशन को जो सपोर्ट मिलेगा, उसका भी हम बहुत-बहुत स्वागत करते हैं। बिहार जैसे राज्य में विकास के लिए अधिक बजट की जरूरत है, जिसके लिए बिहार सरकार द्वारा एक्सटरनल असिस्टेंस फ्रॉम मल्टीलेटरल डेवलपमेंट बैंक्स को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

Sir, the data shows that Bihar alone accounts for 17.2 percent of the flood-prone areas in India. In recent decades, the flood intensity has increased and so has the extent of flood-prone areas.

महोदय, बिहार में बाढ़ और सूखाड़ का एक ऐसा चोली-दामन का साथ है, जो हमारे नियंत्रण में न होते हुए भी एक बहुत बड़ा अभिशाप बना हुआ है। ऐसे में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई परियोजाओं के लिए जो 11500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, यह हमारे लिए एक बहुत ही राहत भरा कदम है। कोसी-मेची राज्य लिंक और अन्य सिंचाई परियोजनाएं हमारे किसानों की आजीविका की सुरक्षा और कृषि स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

मैं सरकार का विशेष अभिनंदन करता हूं, क्योंकि उन्होंने बाढ़ के विषय में एक निर्णायक कदम लिया है। वित्त मंत्री जी ने भाषण में यह भी बताया कि किस प्रकार बिहार में बाढ़ नेपाल के कारण आती है। बिहार को एक्सेलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम के माध्यम से 11500 करोड़ रुपये का आवंटन दिया जाएगा, जिससे कोसी-मेची इंटर-स्टेट लिंक and 20 other ongoing and new schemes including barrages, river pollution abatement and the irrigation projects के लिए दिए जाएंगे। इसके अलावा… (व्यवधान)

सर, मुझे थोड़ा अतिरिक्त समय दिया जाए। इसके अतिरिक्त सर्वे एंड इनवैस्टिगेशन ऑफ कोसी रिलेटिड फ्लड मिटिगेशन तथा इरिगेशन प्रोजेक्ट्स भी उसमें लिए गए हैं। बाढ़ के कारण बिहार में सिर्फ जान और माल का नुकसान ही नहीं होता है, बल्कि रेवेन्यू का भी लॉस होता है। क्योंकि जो बजट प्रदेश में विकास कार्यों में प्रयोग हो सकता है, उसका प्रयोग सरकार मुआवजा देने में करती है। फ्लड कंट्रोलिंग और इंटरलिंकिंग के माध्यम से न सिर्फ बाढ़ नियंत्रण में मदद मिलेगी, बल्कि हम विकास कार्यों के लिए बेहतर फिस्कल मैनेजमेंट भी कर सकेंगे।

महोदय, हमारा बिहार जो तत्कालीन मुख्य मंत्री के राज में जंगल राज, संगठित अपराध के लिए जाना जाता था, अब पर्यटन के मामले में विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर के धार्मिक पर्यटन के लिए जाना जाएगा। राजगीर और नालंदा की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जाएगा और उसको बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न सिर्फ आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटन को लेकर हमारी पार्टी की सोच बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को भी साकार करने का काम किया जाएगा।

(1755/VB/RCP)

बिहार राज्य में भारत की गौरवशाली संस्कृति को दर्शाने वाले कई स्थान हैं, लेकिन पूर्व की किसी भी सरकार ने बिहार में पर्यटन को प्रमोट करने की बात नहीं की। मुझे गर्व है कि यह सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ में लेकर चल रही है।

इस बजट में बिहार के लिए हर क्षेत्र में घोषणा करके सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि इंडिया जैसे इंडिया जैसे फेडरल स्ट्रक्चर वाली कंट्री में प्रिंसिपल्स ऑफ इक्वलिटी और जस्टिस भी शामिल है और बिहार को अपेक्षा, जो इतने दिनों से की गई थी, मोदी जी की सरकार में उन सपनों को पूरा किया गया है।

विपक्ष के साथी पूछते हैं कि बिहार में का बा? तो, मैं उनको बताना चाहूंगा कि बिहार में अब बहार बा, बढ़त रोज़गार और व्यापर बा, विकसित होत जमुई, हाजीपुर, समस्तीपुर और कटिहार बा, बजट में परियोजना के बौछार बा, जिसे देखके विपक्ष अब लाचार बा, क्योंकि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार बा।... (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी**) :** थैंक यू।

श्री अरुण भारती (जमुई) : सर, मुझे अपनी बात कम्प्लीट करने दी जाए।

HON. CHAIRPERSON:**:** Please conclude in last 30 seconds.

श्री अरुण भारती (जमुई) : अगर मैं बिहार में विकास की बात करूँ और बाकी एलोकेशन की बात करूँ, तो पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने हमारी पूरी मदद की है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, बाकी सदस्यों को बोलने का समय नहीं मिल पाएगा। Please understand.

श्री अरुण भारती (जमुई) : सर, मेरी मेडन स्पीच है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude in 30 seconds.

श्री अरुण भारती (जमुई) : सर, बिहार में रेलवेज में 71 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं, 12 नई लाइनें, 4 गेज़ कन्वर्ज़न और 18 डब्लिंग लाइनें दी गई हैं।

सेन्ट्रल रोड और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआईएफ) के माध्यम से हमारे राज्य को पिछले चार वर्षों में 1500 करोड़ रुपए के रोड के प्रॉजेक्ट्स दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बिहार को केन्द्र से लगभग 1 लाख 73 हजार करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

पिछले 10 वर्षों में, मैं बिहार में नये मेडिकल कॉलेजेज की बात करूँ तो वहाँ 8 नये मेडिकल कॉलेजेज शुरू किये गये हैं।

माननीय सभापति : अब समाप्त करें। धन्यवादा।

श्री अरुण भारती (जमुई) : महोदय, इसमें मैं एक व्यक्तिगत एक्सपीरिएंस साझा करना चाहूंगा कि 250 करोड़ रुपए की लागत से मेरे लोक सभा क्षेत्र जमुई के लिए एक मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी गई थी। आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी जमुई में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं था। जमुई एक आकांक्षी जिला है, वहाँ अभी यह हुआ है।

माननीय सभापति : श्री धैर्यशील माने जी, आप शुरू करें।

श्री अरुण भारती (जमुई) : सर, एक पैराग्राफ और है।

HON. CHAIRPERSON: Thank you. I will give you one more chance again.

श्री धैर्यशील माने जी।

(इति)

1758 बजे

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे (हातकणंगले) : माननीय सभापति महोदय, अभी बिहार के सदस्य बोले, उसके बाद महाराष्ट्र का मौका आया है।

मैं आपका अभिनन्दन करना चाहूंगा, माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनन्दन करना चाहूंगा कि उन्होंने बजट में सारे राष्ट्र को आगे ले जाने का, एक समूचा राष्ट्र बनाने का स्वप्न देखा और उसे साकार करने के लिए एक ऐतिहासिक बजट को आपके मद्देनज़र रखा है। कई लोग इसको छोटी नज़र से देखते हैं। बिहार को इतना मिला, आंध्र प्रदेश को इतना मिला। अगर विकास-यात्रा में ये दो राज्य छूट जाएं, तो जो संकल्प माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है, वर्ष 2047 में इस राष्ट्र को विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करने का, वह सपना और ध्येय पूरा करना है, तो सारे देश को एक साथ लेकर चलना होगा।… (व्यवधान)

अगर कोई माँ है, उसके कई बच्चे हैं, तो जो सबसे छोटा बच्चा है या कमजोर बच्चा है, उस पर माँ ज्यादा ध्यान देती है। … (व्यवधान)

सरकार ने अगर पिछड़े राज्यों के लिए कुछ करने की कोशिश की है, तो उससे आपका पेट क्यों दुखता है? इसका आपको ध्यान रखना पड़ेगा। महाराष्ट्र हमेशा अव्वल राज्य रहा है, शायद आपको महाराष्ट्र के बारे में पता नहीं है। महाराष्ट्र हर क्षेत्र में, इस देश के राजस्व में भी अव्वल रहा है, आर्थिक राजधानी भी रही है। महाराष्ट्र ने हमेशा ही राष्ट्र की उन्नति का काम किया है, कभी उसको पीछे खींचने का काम नहीं किया गया।

(1800/PC/PS)

इस बार भी राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर महाराष्ट्र राज्य की सरकार केंद्र सरकार के साथ खड़ी है। मैं कुछ आंकड़े संसद के सामने देना चाहूंगा। आप सिर्फ बजट पर ध्यान दे रहे हैं, लेकिन बजट से पूर्व महाराष्ट्र राज्य को क्या मिला है, उसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। … (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी) : माणे जी, कुछ सेकेंड्स के लिए रुकिए।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, it is 6 o’clock right now and I have a long list of speakers. If the House allows, I extend the time of the House till 8 p.m.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Thank you very much.

Mr. Mane, please continue.

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे (हातकणंगले) : सभी की सहमति के साथ सभागृह आठ बजे तक चलने वाला है। बजट पर हो रही चर्चा में बोलने वालों में बहुत से नए सांसद हैं, जिन्होंने पहली बार संसद में पैर रखा है। मैं उन सभी का अभिनंदन भी करना चाहूंगा कि आप एक सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा इस माध्यम से बने हैं।

मैं अपने क्षेत्र की जनता का भी आभार प्रकट करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे दूसरी बार यह मौका दिया है कि उनकी बात मैं यहां, संसद में रख पाऊं। लेकिन सर, मुझे एक खेद भी है। मैं जब पहली बार संसद में चुनकर आया था, तो एक क्वॉलिटी एट्मॉस्फेयर था। आज विपक्ष के वरिष्ठ नेता जिस तरह का व्यवहार इस सभागृह में कर रहे हैं, जिस तरह से बात रख रहे हैं, उस ओर से आकर यहां बैठने की कोशिश कर रहे हैं। … (व्यवधान) यहां आकर बैठने के लिए जनता से चुनकर आना पड़ता है, ऐसे ही यहां आकर ट्रेजरी बेंच में नहीं बैठ सकते। … (व्यवधान)

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस डेकोरम को मेंटेन करने के लिए वरिष्ठ नेताओं को भी सोचना पड़ेगा कि क्या उदाहरण आप यहां, संसद में रख रहे हो? … (व्यवधान) I am not yielding at all. … (*Interruptions*) I am not yielding. … (*Interruptions*) निश्चित रूप से यह संसद सभी की है, अपनी बात रखने का आपको भी मौका मिलेगा, आप जरूर अपनी बात रखिएगा। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Shri Mane ji, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

SHRI DHAIRYASHEEL SAMBHAJIRAO MANE (HATKANANGLE): Sir, I would like to address the Chair, लेकिन वहां से जो आवाजें आती हैं, वे कानों से निकल नहीं पातीं।

HON. CHAIRPERSON: Kindly address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे (हातकणंगले) : सर, देश के इस सर्वोच्च सभागृह में आते वक्त हम सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि हमारे राष्ट्र को हम सब मिलकर, विपक्ष हो या सत्तापक्ष हो, हम सब मिलकर इसको आगे बढ़ाएं।

मैं कुछ बातें बोलना चाह रहा था। 76,000 करोड़ रुपए का बजट में उसका प्रोविजन नहीं था, उसके पहले ही महाराष्ट्र को केंद्र शासन ने दिया हुआ है। मेरे एक साथी कल बोल रहे थे कि 'कुर्सी की पेटी बांधे रखिए, मौसम बदलने वाला है'। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि रामविलास पासवान जी संसद के सदस्य हुआ करते थे। उनकी पार्टी आज सत्तापक्ष के साथ है। उनको देश की राजनीति का मौसम वैज्ञानिक कहा जाता था। … (व्यवधान) जिस तरफ मौसम जाने वाला है, उसका रुख क्या है, यह देश जानता है और इसीलिए श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार पंत प्रधान बनाया है, प्रधान मंत्री बनाया है। … (व्यवधान) देश का रुख जमीन से जुड़े हुए लोगों के साथ है, कुर्सी की पेटी बांधने वालों के साथ नहीं है। … (व्यवधान) हम जमीन से जुड़े हुए लोग हैं, जमीन से जुड़े हुए लोगों की राजनीति करते हैं और इसीलिए विपक्ष हारने के बाद भी जोश में है। … (व्यवधान)

सत्तापक्ष जीतने के लिए हमें कोई दादा लोगों के सामने नहीं जाना पड़ा, क्योंकि मोदी सरकार ने जो योजनाएं बनाई थीं, मोदी जी की गारंटी चली है और इसीलिए एनडीए की सरकार फिर बनी है। … (व्यवधान) इसका जीवंत उदाहरण यह सभागृह है। … (व्यवधान) लेकिन ये लोग अपने जमाने में खुश हैं। … (व्यवधान) एक पुराना सीरियल हुआ करता था – 'मुंगेरी लाल के हसीन

सपने'। ये लोग अपने हसीन और रंगीन सपनों में तल्लीन हैं। मैं उनको डिस्टर्ब नहीं करना चाहता, लेकिन इस देश का भविष्य उचित हाथों में देने का काम इस देश की जनता ने किया है। ... (व्यवधान)

मेरी पार्टी शिवसेना ने जो किया है, उसको आपने मद्देनजर रखना चाहूंगा। मैं मराठी में अपने लोगों के लिए कुछ कहना चाहूंगा।

*Hon'ble Chairman, for the sake of their knowledge. I, would like to explain it in Marathi. They should be aware of the Budget provisions made for Maharashtra. This Budget is not meant for a particular class but for the farmers, women, youths, skilled artisans. It is for employment generation and infrastructure development. It is for women and girls' empowerment. Around Rs 3 lac crore have been allocated for youths.

एक सांसद, जो अब चले गए हैं, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से नौकरियां जा रही हैं। आप जाओ जो उद्योगपति महाराष्ट्र में आने वाले हैं, उनके घर के सामने बम रखने का काम करो। ... (व्यवधान) ऐसे में महाराष्ट्र में उद्योग कैसे आएंगे? ... (व्यवधान) नानार जैसा प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में आने वाला था, उसके सामने आपने आंदोलन किया। ... (व्यवधान) लोगों की मनीषा को बिगाड़ दिया। ... (व्यवधान)

(1805/CS/SMN)

महाराष्ट्र में 2 लाख नौकरियाँ बनने वाली थीं, उसका विरोध करने का काम इन लोगों ने किया। आज ये कहते हैं कि महाराष्ट्र में उद्योग नहीं आ रहे हैं। मेट्रो कार शेड के लिए उन्होंने विरोध किया।... (व्यवधान) आज भी जो 76 हजार करोड़ रुपये पोर्ट के लिए आए हुए हैं, उसका भी ये महाराष्ट्र में विरोध कर रहे हैं। इन्हें महाराष्ट्र की उन्नति से कुछ लेना-देना नहीं है। इनको सिर्फ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए राज्य को अपने हिस्से के लिए यहाँ यूज करना है।

*Around Rs 10 lac crore have been given to Maharashtra during this regime. Around 4.4 lac crore for Airport development, sufficient funds for Atal Setu Project, Rs 11000 crore for Palkhi Procession, Rs 5800 crore for Railway projects, Rs. 2600 crore for fisheries and around Rs 10,000 crore package for Sugar Mills have been given to Maharashtra. For flood control and management, around Rs 3000 crore package has also been given through World Bank. I would also like to mention that for the conservation of forts in Maharashtra, the ASI should monitor and control the encroachments in fort areas.

Sir, I am sure, in coming years too, the Union Government under Prime Ministership of Shri Narendra Modi ji and Chief Ministership of Shri Eknath Shindeji, Maharashtra will continue to progress at fast place.

With these words, I conclude

Jai Hind. Jai Maharashtra.

(ends)

* Original in Marathi.

1808 बजे

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : महोदय, आपने मुझे बजट के ऊपर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया है, इसके लिए आपका धन्यवाद।

माननीय वित्त मंत्री जी के द्वारा जो बजट पेश किया गया है, देश भर के अंदर एक मैसेज इस सरकार द्वारा दिया गया था कि सबका साथ, सबका विकास। इस मुद्दे पर 10 साल से ये सरकार के अंदर हैं और इस बार के बजट से पूरे देश भर के अंदर जो एक मैसेजिंग जाने का काम हुआ है, उसमें मुझे एक ही लाइन लगती है कि जो हमारे साथ है, हम उनके साथ हैं और यह इस बजट में नजर आता है।

सरकार कहीं न कहीं कुर्सी को बचाने के लिए, इस बजट में जो घोषणाएं की गई हैं, जो बातें कही गई हैं, उससे देश का एक आम आदमी, मैं राजस्थान प्रदेश से आता हूँ, देश के अलग-अलग कोने-कोने में बैठे हुए लोग मन में सोचते जरूर हैं कि इस बजट के अंदर इस देश के किसान के लिए क्या है, इस बजट में देश के युवाओं के लिए क्या है, इस बजट में देश के दलित और मजदूर के लिए क्या है? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बजट में इस बदलते हुए हिन्दुस्तान के लिए, इस विकसित भारत के लिए क्या है? जीडीपी की ग्रोथ रेट जो वर्ष 2023-24 में रही, वह 8 परसेंट के आसपास रही। सबने इसके बारे में बात कही है। मैं राजस्थान के चुरू लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ। मैं किसान और किसानी की बात करूँगा। उन लोगों का साथ मिला है, उन लोगों का आशीर्वाद मिला है, कोई एक बार नहीं, सात बार मिला है, इसलिए मैं उनके बारे में बात करूँगा। कृषि की जीडीपी ग्रोथ रेट हिन्दुस्तान के अंदर 1.4 परसेंट रही। आप 8 परसेंट की बात करते हो, किसान और किसानी 1.4 परसेंट रही। अभी हमारे एक साथी ने बहुत बड़ा दिल करके यह बात कही कि शायद महाराष्ट्र को इतनी बड़ी जरूरत नहीं, पर राजस्थान को बहुत बड़ी जरूरत है।

(1810/IND/SM)

महोदय, कुछ ऐसे बड़े प्रोजेक्ट्स जिनके ऊपर राजस्थान के एक आम आदमी की नजरें हैं कि इस बजट में शायद हमें भी कुछ मिलेगा। वह बात जनता के मन में एक आस के रूप में थी। आपकी ही सरकार, आपके ही मुख्य मंत्री भजन लाल जी ने चुनाव के दौरान गांव-गांव जा कर वायदे किए। ईआरसीपी के तहत 16 राज्यों को पीने का पानी मिलेगा, सिंचाई का पानी मिलेगा। यमुना लिंक का पानी जो राजस्थान की शेखावटी बेल्ट की सबसे बड़ी एक आस है, उसकी हम उम्मीद रखते थे। जिसके बारे में क्लेम किया गया, उसे 'भगीरथ' का नाम दिया गया। चुरु, झुंझुनू, सीकर के अंदर एक लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए पानी और सीकर जिले के लिए पीने के पानी की व्यवस्था का यह प्रोग्राम था। इसकी कोई चर्चा न भारत सरकार के बजट में दिखी और न ही कोई चर्चा राजस्थान के बजट में दिखी। इरीगेशन का कोई भी प्रोजेक्ट 10 सालों से इस देश में नहीं आया। हम किसान की आय दोगुनी करने की बात करते हैं। एक भी बड़ा बिग टिकट कनाल प्रोजेक्ट नार्थ इंडिया में देखने को नहीं मिला। जनसंख्या ज्यादा हुई है और इसलिए पानी की खपत बढ़ी है लेकिन कैसे एक्सेस वॉटर ऑफ रेन को टैप कर सकते हैं, इस सोच के साथ यमुना लिंक प्रोजेक्ट डिजाइन किया गया। वर्ष 2018 में उसकी डीपीआर बनी। 22 हजार करोड़ रुपये का

प्रोजेक्ट था। एक नई उम्मीद होती और किसान को इस प्रोजेक्ट का बहुत फायदा मिलता। यह प्रोजेक्ट बदलते हुए हिंदुस्तान की सबसे बड़ी तस्वीर बन सकता है, हम रेन वॉटर को टैप करके रबी की फसल में किसानों को गैप फंडिंग कर सकते हैं और पानी दे सकते हैं, इसके लिए यह प्रोजेक्ट बनाया गया था। वर्ष 2018 से यह प्रोजेक्ट पेंडिंग है। राजस्थान की सरकार ने आते ही क्लेम किया कि हमने हरियाणा से बात कर ली। हरियाणा के उस समय के मुख्य मंत्री ने कहा कि हमारे एग्रीमेंट की कोई क्लीयरिटी नहीं है और इस बजट में हम उम्मीद करते रह गए कि 22 हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट शुरू हो जाए तो जो एक्सेस वॉटर या जो पानी बाढ़ द्वारा वेस्ट हो जाता है, उस पानी को टैप करके राजस्थान जैसे राज्य के अंदर ला सकते थे। जितना बड़ा मेरा चुरू क्षेत्र है, उतना बड़ा हरियाणा है। अगर ग्रीन रेवोल्यूशन ने देश में खेती के रूप में हरियाणा और पंजाब ने जो मजबूती प्रदान की है, इससे नेक्स्ट लेवल ऑफ ग्रीन रेवोलूशन की रिक्वायरमेंट है जहां हम ऑयल सीड्स और पल्सेज के ऊपर इम्पोर्ट करने पर डिपेंडेंट हैं, अगर राजस्थान के इस क्षेत्र को पानी मिल जाता तो चुरू लोकसभा क्षेत्र और पूरी शेखावटी बेल्ट पूरे हिंदुस्तान का पेट भरने की ताकत रखता है।

महोदय, मैं खेती की बात करूंगा। अनेकों प्रोजेक्ट्स की बात हुई है। यदि आप अपनी स्कीम्स को चेक करेंगे तो हर स्कीम में या तो बजट घटा दिया गया या बजट इनटेक्ट पड़ा हुआ है। किसी प्रोजेक्ट में कोई इम्प्रूवमेंट नहीं, कोई हैंड होल्डिंग नहीं। हम योजनाएं लॉंच कर देते हैं लेकिन हैंड होल्डिंग नहीं होती है।

महोदय, जैसे आप मुझे देख रहे हैं, लगता है कि आप घंटी बजाने वाले हैं।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KRISHNA PRASAD TENNETI): Please conclude now. मैं मुस्कुरा कर घंटी बजा रहा हूं।

SHRI RAHUL KASWAN (CHURU): Please give me only one minute.

महोदय, वर्ष 2023 का खरीफ फसल का क्लेम आज तक राजस्थान में डिस्ट्रीब्यूट नहीं हुआ है। आने वाले सात दिनों में हम वर्ष 2024 का क्लेम भर चुके होंगे। किसान परेशान है। राजस्थान में धरना प्रदर्शन रोज चल रहा है। एक-एक साल बीत जाता है लेकिन क्लेम का डिस्बर्समेंट नहीं होता है। रिलायंस इंश्योरेंस कम्पनी को चुरू का ठेका दिया हुआ है। कोई न कोई आपत्ति क्लेम पर लगा दी जाती है। आज मंत्री जी ने कहा कि हमने कुछ लिखकर दिया ही नहीं। मैं पूछना चाहता हूं कि फिर आपने क्या लिखकर दिया है। किसान को क्या गारंटी दी? किसान इतने बुरे हाल में हैं और एमएसपी की गारंटी मांग रहे हैं। आप देश में करोड़ों रुपयों का बजट बांट रहे हैं, लेकिन किसान एमएसपी की गारंटी मांग रहा है। कृषि क्षेत्र देश में बहुत रोजगार भी पैदा करता है और बहुत बड़ी आबादी इस क्षेत्र पर डिपेंडेंट है। पिछले साल मिलेट ईयर की बात हुई, लेकिन इस बार कुछ नहीं कहा गया। बाजरे की खरीद राजस्थान की सरकार आज तक नहीं कर पा रही है। आप बाजरे को मिलेट के रूप में शामिल करना चाहते हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में ग्वार का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन होता है। ग्वार को एमएसपी में शामिल करने के लिए मैं आपसे बात करना चाहूंगा।

HON. CHAIRPERSON: There are so many speakers and they are all sitting here.

SHRI RAHUL KASWAN (CHURU): Please give me only two minutes.

माननीय सभापति : आप समाप्त कीजिए।

(1815/RV/RP)

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : सर, मेरे बहुत सारे पॉइंट्स हैं, पर आपने मुझे कम समय दिया।

सर, मैं ऑयलसीड्स एण्ड पल्सेज के बारे में बात करूंगा। पिछले साल हमने 1.4 लाख करोड़ रुपये के 160 लाख टन खाद्य तेल आयात किया। पाम ऑयल के ऊपर इम्पोर्ट ड्यूटी ज़ीरो कर दी गयी। उसका इम्पैक्ट क्या पड़ा? हमारे चुरू लोक सभा क्षेत्र से लगा हुआ शेखावटी क्षेत्र है, नागौर है, बीकानेर है, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ तक का पूरा बेल्ट है। यहां सरसों की सबसे बड़ी पैदावार होती है। यहां किसानों को इसके भाव नहीं मिल रहे हैं। वहां के किसानों को इसे बोने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं कर रही है। हम कैसे इसे बैलेंस-आउट करेंगे, इसका पता नहीं चल रहा है।

सर, आपने नैचुरल फार्मिंग की बात की है। आप एक करोड़ सर्टिफिकेशन्स देंगे। नैचुरल फार्मिंग, ज़ीरो बजट फार्मिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग की फसलों को कौन परचेज करेगा? हमारे पास इसका कोई मैकेनिज्म ही नहीं है। आज किसान नैचुरल फार्मिंग के अपने प्रोड्यूस को किसके पास जाकर बेचेगा? क्या मार्केट में उसके भाव मिल रहे हैं या नहीं, इसको कोई देखने वाला नहीं है।

सर, इस देश में अनेक स्कीम्स बनी हैं, पर आज तक उनकी कोई हैंडहोल्डिंग नहीं है। सांसद आदर्श ग्राम योजना बना दी गयी। जब एक योजना में एक गांव का विलेज डेवलपमेंट प्लान बना तो 22 करोड़ रुपये का प्लान बना। मैं चुरू लोक सभा संसदीय क्षेत्र का उदाहरण देता हूं। वहां मनरेगा में काम करने के लिए 325 करोड़ रुपये मिलते हैं। एक सरपंच को काम करने के लिए एक साल में सवा से डेढ़ करोड़ रुपये मिलते हैं। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से 22 करोड़ रुपये की वह वी.डी.पी. कब पूरी होगी? वह 22 सालों के बाद पूरी होगी। हम कैसे गांवों का विकास कर पाएंगे, आप इस बात को सोचकर देखिए। अभी शिक्षा के बारे में इतनी बात चली।… (व्यवधान)

सर, मैं आपको इतना ही कहना चाहूंगा कि योजनाएं बहुत-सी हैं, पर उन योजनाओं पर काम नहीं हो पाता है, हैंडहोल्डिंग नहीं हो पाती है और इसलिए योजनाएं फेल हो जाती हैं।

सर, आज ही राजस्थान की एक न्यूज़ है। राजस्थान के चुरू में 16,000 बच्चे सरकारी स्कूल्स से ड्रॉप-आउट्स हो गए, सिर्फ इस बात के लिए कर दिया कि चुरू में 1700 से ऊपर रूम्स की जरूरत है, हजारों रूम्स की जरूरत है। 'पी.एम. श्री', 'स्टार्स' जैसी योजना चलाई गयी। इनके बजट में कटौती कर दी गयी। 'स्टार्स' स्कीम मात्र 1200 करोड़ रुपये की योजना है, जिसमें हम रूम्स बना सकते हैं। जब तक हम दोनों चीज़ों को एड-ऑन नहीं करेंगे, हमारे गांवों का तब तक विकास नहीं हो पाएगा।

महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। आखिर में, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि एमपीलैड फण्ड्स को 3900 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। एक एम.पी. का कोटा 5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का है। कम से कम इसको तो डबल कर दिया जाए, ताकि हम गांव में घुसने लायक रह जाएं।

महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1818 बजे

श्री विवेक ठाकुर (नवादा) : सभापति जी, आज आपने मुझे वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वार्षिक बजट पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए अपने हृदय से आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ-साथ, आपके माध्यम से अपने नेतृत्व को भी सहृदय धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे आज यहां बोलने का मौका दिया है।

महोदय, मेरा नवादा संसदीय क्षेत्र, जो ऐतिहासिक मगध का हिस्सा है, वहां की महान जनता के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे इस सदन में भेजा है।

सभापति महोदय, सर्वप्रथम, मैं आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देना चाहूंगा कि उनके नेतृत्व में एनडीए ने तीसरी बार स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। मैं विपक्ष के अपने उन साथियों को भी बधाई देना चाहूंगा, जो आज बैसाखी के सहारे इस सदन में पूरे एक दशक के बाद विपक्ष के नेता का पद प्राप्त करने में सफल हुए हैं।

महोदय, अंग्रेजी भी बड़ी विचित्र भाषा है। आप किसी भी पहलू को उठाएंगे तो उसके लिए उसमें शब्द जरूर मिलेंगे। इस चुनाव के बाद एक संज्ञा दी गयी, इसे 'मोरल विक्ट्री' बता रहे हैं। इस पर वसीम बरेलवी साहब का एक शेर याद आता है –

खुद की हैसियत होगी तो दुनिया क़द्र करेगी,
किसी के इर्द-गिर्द खड़े होने से क़िरदार ऊंचे नहीं होते।

(1820/GG/NKL)

सभापति जी, एक दशक तक सरकार चलाने के बाद तीसरी बार स्पष्ट बहुमत के बाद सरकार बनाना आसान नहीं होता और वह भी उस परिस्थिति में, जब इस सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले ही वर्ष में कोरोना महामारी ने पूरे देश और दुनिया को अपनी गिरफ्त में कर लिया था। कोरोना महामारी के बाद विश्व में अर्थव्यवस्थाओं का जो हाल हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है।

1820 बजे (श्री दिलीप शइकीया <u>पीठासीन हुए</u>)

आज भी पूरी दुनिया की अनेक इकोनॉमीज़ संघर्ष कर रही हैं और भारत ने पिछले क्वार्टर में 8.2 प्रतिशत के ग्रोथ-रेट को प्राप्त किया है, जो आदरणीय प्रधान मंत्री के दूरदर्शी और मजबूत नेतृत्व का ही परिणाम है।

महोदय, एनडीए की यह जीत सामान्य नहीं है। यह जीत महत्वपूर्ण तो है ही, कोरोना महामारी के बाद अगर आप वैश्विक राजनीति को देखेंगे तो आपको यह नज़र आएगा कि अधिकतर राष्ट्रों में सत्ता परिवर्तन हुआ है। चाहे अमरीका हो, ब्राज़ील हो, इज़राइल हो, जर्मनी हो और हाल ही में आपने इंग्लैण्ड में भी देखा है। इन सबके पीछे प्रमुख कारण इन देशों की अर्थव्यवस्था में संकट ही था। वहीं, भारत में हमने देखा कि भारत की जनता ने प्रधान मंत्री और उनकी आर्थिक नीतियों पर तीसरी बार विश्वास करते हुए पुन: उन्हें सत्ता में काबिज़ किया है।

सभापति महोदय, यह वर्तमान बजट भी उन्हीं सकारात्मक आर्थिक नीतियों का परिचायक है। मैं तो बड़े अचंभे में रहा, इस बजट के पेश होने के बाद जिस तरह के रिएक्शंस आए हैं। अगले

दिन जब मैंने सुबह कई अखबारों को देखा तो अक्रॉस सैक्टर्स, चाहे वह फाइनेंशियल न्यूज़पेपर हो या सामान्य न्यूज़पेपर हो, जब उनकी हेडलाइंस और विचारों को पढ़ा और यहां पर जब रिएक्शंस को देखा तो मुझे बड़ा अचंभा हुआ कि इतनी बड़ी डिस्क्रिपेंसी और गैप कैसे है?

मैं आपको बताना चाहता हूँ कि क्या-क्या हेडलाइंस अखबारों में छपी हैं। 'The Budget is unruffled by 2024 election results'; 'The job of job creation done well'; 'Spending gets rural springboard'; 'Future-proofing the Indian Economy'; 'अनुभव पर आधारित व्यवहारिक बजट'; 'वित्तीय अनुशासन पर कायम सरकार'। ये तो सारे अखबारों की हेडलाइंस थीं।

सभापति महोदय, आदरणीय वित्त मंत्री जी ने जिन प्रायोरिटीज़ का ज़िक्र इस बजट में किया है, वे नौ प्राथमिकताएं देश के नवसृजन का आधार बनाने वाली हैं। ये प्रायोरिटीज़ हैं - Productivity and resilience in Agriculture; Employment and Skilling; Inclusive Human Resource Development and Social Justice; Manufacturing and Services; Urban Development; Energy Security; Infrastructure; Innovation, Research and Development; and Next Generation Reforms. अब इससे बाहर कुछ बचता है कि देश के पैमाने पर अगर आप चिंता करें। लेकिन दुर्भाग्य क्या है कि यह बजट सीमित हो कर रह गया है, बिहार और आंध्र प्रदेश पर, पूर्वोत्तर पर, पूर्वोदय पर। इतना संकुचित पूरे राष्ट्र के बजट को कर दिया गया है, इससे कोई लाभ होने वाला नहीं है। अगर भारत के इतिहास से आप बिहार को हटा देंगे तो दुनिया का कोई ज्ञान, कोई एक कलम नहीं उठ पाएगी कि भारत का इतिहास कहां से आरंभ करें और कैसे लिखना शुरू करें।

सभापति जी, मैं बिहार के जिस क्षेत्र से सांसद हूँ, वह मगध क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मगध एक ऐतिहासिक राज्य रहा है। हम सभी ने इतिहास की किताबों में इसका वर्णन सुना भी है और पढ़ा भी है। सम्राट अशोक का साम्राज्य, जो मगध से चलता था, वह ईरान, थाइलैण्ड और अफ़गानिस्तान आदि सब तरफ फैला हुआ था। परंतु आज मगध की स्थिति कुछ अलग है। मगध अपने शौर्य और वैभव का भी स्थान इतिहास में पाता है और अपनी बर्बादी की गाथा भी एक काल खण्ड में बनाता है। आज मगध विकास की राह जोह रहा है। हिन्दी के प्रसिद्ध कवि रहे, श्रीकांत वर्मा ने अपने काव्य संग्रह 'मगध' में मगध की स्थिति का जो वर्णन किया है, उसको मैं सदन के समक्ष रखना चाहूंगा। वे कहते हैं कि – 'यहां मैं मगध को देखता हूँ। यहाँ वह लुप्त हो जाता है। लेकिन न तो मगध है और न ही मगध। आप भी खोज रहे होंगे। भाई! यह वह मगध नहीं है, जिसके बारे में आपने किताबों में पढ़ा है। यह वह मगध है, जिसे आपने भी मेरी तरह खो दिया है।'

सभापति जी, मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने मगध की ऐतिहासिक विरासत को बचाने का कार्य इस बजट के माध्यम से किया है। इसलिए हम बिहारवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। चाहे वह गया का विष्णुपद मंदिर हो, बोधगया को अंतराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना हो, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के समान गया के विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर को विकसित करना हो, राजगीर में पर्यटन के विकास की

बात हो, गया-वैशाली एक्सप्रेस वे, जो नवादा होते हुए गुज़रेगा। एक इंडस्ट्रियल हब गया में बनाने की बात है। सिर्फ गया में नहीं, यह कोलकाता-अमृतसर कॉरिडोर का एक हिस्सा है, जिस राज्य से गुज़रेगा, वहां हर जगह एक-एक इंडस्ट्रियल हब बनाने की बात है। चेन्नई-वाइज़ेग कॉरिडोर की भी घोषणा हुई। लेकिन चर्चा सिर्फ गया की है और कोलकाता-अमृतसर कॉरिडोर के नाम से भी नहीं है। यह सब कुछ बिहार तक आ कर सीमित हो गया है। अगर पार भी कर रहा है, वहां बन भी रहा है तो शोर किस बात का है?

सभापति जी, विष्णुपद मंदिर हिंदु धर्म की रीतियों का पड़ाव है। गया जी में मरणोपरांत पिंड दान और तर्पण करने वाले देश के अलावा विश्व के कोने-कोने से करोड़ो लोग आते हैं।

(1825/MY/VR)

क्या इसका विकास होना गलत है? शोर काहे का है? इन सभी के माध्यम से मगध क्षेत्र के वैभव को पुन: प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। गया और मगध इस सरकार के विकास एवं विरासत का अद्भूत मिश्रण है, जिसकी चर्चा इस बजट में की गई है।

सभापति जी, केवल मगध ही नहीं, पूरे बिहार के विकास हेतु सरकार ने सहायक कदम उठाए हैं। चाहे वह बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस वे हो, पटना-पुर्णिया एक्सप्रेस वे हो, चाहे वह 2400 मेगावाट का पावर प्लांट पीरपैंती में लग रहा हो। बिहार के विकास में, विशेषकर उत्तरी बिहार में विकास में प्रमुख बाधक कोसी वाली बाढ़ थी। हमारे एक सदस्य कह रहे थे कि बाढ़ तो पूरी दुनिया में आती है, पूरे देश में आती है, हमारे क्षेत्र में भी आती है। अरे, आती तो है, अमेरिका में भी आती है, इसे कौन नहीं जानता है! इसमें ज्ञान क्या है? लेकिन, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। क्या बिहार का बाढ़ कितनी दास्तान, कितने सिनेमा, कितनी कहानी, कितने कविताएं लिख कर जा चुका है और आप उसको हल्का बना रहे हैं। साल दर साल जो वर्णन किया जाए, वह रोंगटे खड़ा करता है और इसका प्रबंध आज तक किसी सरकार ने नहीं किया है। अगर पहली बार ठोस प्रबंधन हुआ है तो यह सराहनीय कदम है। इसी को कवि दुष्यंत ने कहा होता, जो हमारे प्रधानमंत्री पर सीधे चरितार्थ होता है कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदल जाए।

सभापति जी, हमारे विपक्षी साथी यह आरोप लगा रहे हैं कि बिहार को जान-बूझकर फायदा पहुंचाया गया है। अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। भेदभाव क्या होता है, मैं बताना चाहूंगा। देश में जब कांग्रेस की प्रथम सरकार बनी तो उसने फ्रेट इक्वलाइजेशन पॉलिसी की नीति लाई और उसने बिहार को तबाह कर दिया। भेदभाव तो बिहार के साथ आज नहीं, बल्कि दशकों पहले इसकी यात्रा आरंभ हो गयी थी। जो आर्थिक असमानता की बात कर रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि बिहार या पूर्वोत्तर के विकास के बिना आर्थिक समानता संभव है क्या! यदि उनका उत्तर हाँ में है तो उन्हें राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की एक पंक्ति से मैं समझाना चाहूंगा-

"शान्ति नहीं तब तक, जब तक सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो, नहीं किसी को कम हो।"

इसलिए, बजट में हमें जो भी मिला है, वह हमारे हक का है। हम बिहारवासी को न किसी का हक लेने आता है, न किसी का हक मारना आता है।... (व्यवधान)

सभापति जी, इस सदन का यह मेरा मेडन स्पीच है। इन लोगों को बिहार का विकास देखा नहीं जा रहा है। ये वही लोग हैं, जो बिहार में बाढ़ आने के बाद कहते थे, भारती जी ने ठीक ही कहा कि वे कहते थे कि भाग्यशाली हो कि आपके घर के दरवाजे पर माँ गंगा आयी है, आप आरती उतारो।

सभापति महोदय, दशकों से जो विनाश का तांडव हुआ है, उसका वर्णन मैं नहीं करना चाहता हूं। ये वही लोग हैं, उसकी भी चर्चा हुई कि सड़क बनाने पर पुलिस तुम्हारे दरवाजे पर आ जाएगी। मेरे विपक्ष के साथी चाहते हैं कि हमारा बिहार बाढ़ में डूबा रहे और विकास से दूर रहे। केंद्र की सत्ता में तो आप लगातार दस सालों वर्ष 2014 तक रहें, आप ही कर देते, हम उसका स्वागत करते, लेकिन किया क्यों नहीं? जब आज हो रहा है तो आपत्ति और कुंठा किस बात की।... (व्यवधान)

महोदय, श्रद्धेय अटल जी ने बाढ़ का पावर प्लांट चालू करवाया, पटना का एम्स दिया, रोड बनने का काम शुरू हुआ। बिहार में एनडीए की सरकार जब नीतीश जी और सुशील जी के नेतृत्व में बनी तो बिहार मॉडल की बात शुरू हुई। आपके समय की ख्याति बिहार के विकास से कोसों दूर थी और किन कारणों से ख्याति हुई, यह जगजाहिर है। कल आपके पार्टी के कप्तान का जो बयान आया है, बड़ा दुखद था। उन्होंने कहा कि दो थाली है, एक में पकौड़ा और दूसरे में जलेबी है। बिहार और पूर्वात्तर अगर विकास के रास्ते पर चला है तो इतनी बड़ी आपत्ति है, यह सब दुर्भाग्य हैं। बिहारवासियों ने दशकों पहले गुहार लगायी, बंटवारा हो गया, कुछ भी नही बचा है। बाढ़, सुखाड़, स्कैम, क्राइम, इसके अलावा कुछ भी हमारे बिहार में नहीं बचा था।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री विवेक ठाकुर (नवादा) : सभापति जी, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। मैं सुबह से ही इंतजार कर रहा था। बस, मेरी बात खत्म हो रही है। मैं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। अब बिहार आगे बढ़ेगा और मेरा देश भी आगे बढ़ेगा।

सभापति जी, इस बजट के माध्यम से पूर्वी भारत की जो बात की गई है, यह समझना पड़ेगा कि हमारे बिहार का एवरेज इनकम गोवा से भी दस गुना कम है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने पूर्वोदय की बात कही है। इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं। सत्ता में आए तो आज नहीं वर्ष 2014 से ही पहला फोकस उन्होंने लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत किया है। कल मेरे दोस्त विप्लव जी ने भी इस पर बड़ा विस्तार से बताया कि पूर्वात्तर भारत में किस तरह से काम हो रहा है।

सभापति जी, आप तो खुद इसके साक्षात गवाह हैं।

(1830/CP/SAN)

पूर्वोत्तर नीति से पूर्व के सूर्योदय का वक्त अब आ गया है और वह सराहनीय है। इसी पर राष्ट्र कवि ने कहा था :

"हो तिमिर कितना भी गहरा, हो रोशनी पर लाख पहरा,
सूर्य को उगना पड़ेगा, सूर्य को उगना पड़ेगा,
फूल को खिलना पड़ेगा।
हो समय कितना भी भारी, हमने न उम्मीद हारी,
दर्द को झुकना पड़ेगा, रंज को रुकना पड़ेगा।
सब थके हैं, सब अकेले, लेकिन फिर आएंगे मेले,
साथ ही लड़ना पड़ेगा, साथ ही चलना पड़ेगा।"

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री विवेक ठाकुर (नवादा) : महोदय, मेरी मेडन स्पीच है। मैं दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

महोदय, मैं एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट से सांसद हूं। मेरा एक सुझाव है। पीएम जनजाति उन्नत ग्राम अभियान जो आरम्भ हुआ है, वह एक क्रांतिकारी कदम है। हमारे यहां नवादा, शेखपुरा, बरबिघा, ये सब जो क्षेत्र हैं, वहां 300-400 फीट तक पानी की गहराई चली गई है। इन सबको और जो पुराने चिन्हित हैं, उन सब एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स को सीएसआर के माध्यम से इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाए। इससे इन सभी क्षेत्रों को बड़ा ही फायदा होगा।

महोदय, बोलने को तो बहुत कुछ है, लेकिन अंत में आपका आदर करते हुए आपकी अनुमति से इन्फ्रास्ट्रक्चर पर एक बात जरूर कहूंगा। सरकार बनने के बाद निरन्तर कैपेक्स में बढ़ोत्तरी हुई है। इस वर्ष भारत सरकार का कैपेक्स 11.11 लाख करोड़ रुपये का है। पिछले तीन वर्षों में यह दोगुना होकर जीडीपी के 1.7 से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गया है। आजादी के बाद इस वित्तीय वर्ष में यह सर्वाधिक है। 10 वर्ष पूर्व जब हम सरकार में आए थे, तब कैपेक्स मात्र 2,29,128 करोड़ रुपये था, जो आज 11 लाख करोड़ हो चुका है... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप 30 सेकेंड्स में अपनी बात समाप्त कीजिए।

... (व्यवधान)

श्री विवेक ठाकुर (नवादा) : ... (व्यवधान) पिछले बजट में वित्त मंत्री जी ने फिस्कल डेफिसिट का 5.8 पर्सेंट का टार्गेट रखा था और 5.6 पर्सेंट एचीव किया था। यह सम्भव है, मोदी है तो मुमकिन है।

(इति)

1833 बजे

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : महोदय, मैं सर्वप्रथम राष्ट्रीय जनता के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे देश की संसद में जाने का अवसर दिया। मैं बक्सर की महान जनता को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने बड़े अंतर से चुनाव जिताकर मुझे बिहार के हक की लड़ाई के लिए यहां भेजा है। मैं इस बजट से भारी निराश हूं। विशेष रूप से गरीबी खत्म करने के लिए इस बजट में कुछ नया नहीं है। वित्त मंत्री ने बेरोजगारी कम करने का कोई उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने यह उल्लेख नहीं किया कि इस देश में 30 हजार किसान और कृषि मजदूर आत्महत्या कर चुके हैं। हालांकि इस बार बजट में उन्होंने कार्यरत महिलाओं के लिए छात्रावासों की स्थापना का उल्लेख किया है। लेकिन, मैं तथ्य पर बोलना चाहता हूं कि योजना बिहार में इसके लांच के बाद कभी नहीं पहुंची। वर्तमान में बिहार में एक भी छात्रावास नहीं है। जबकि केरल, महाराष्ट्र, तमिनलाडु जैसे राज्यों में क्रमश: 129, 77 और 54 छात्रावास हैं। केंद्र सरकार पहले से विकसित राज्यों को उठाने की कोशिश कर रही है और बिहार जैसे गरीब राज्यों की उपेक्षा कर रही है। जिन्हें केंद्र सरकार का ध्यान सबसे अधिक चाहिए, वहां केंद्र सरकार का ध्यान कम जा रहा है।

प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री आवास योजना के लांच पर वर्ष 2022 तक सभी को घर देने का वादा किया था, लेकिन वे अभी भी समय-सीमा बढ़ा रहे हैं और अतिरिक्त 3 करोड़ घर जोड़ रहे हैं। क्या सरकार यह स्वीकार कर रही है कि वे गरीब भारतीयों को घर देने में विफल रही है? सरकार ने घोषणा की है कि वह 12 औद्योगिक मेगा पार्क्स का निर्माण करेगी। मुझे डर है कि सभी औद्योगिक पार्क्स विकसित राज्यों में जाएंगे, जैसा कि हम केंद्रीय प्रायोजित परियोजनाओं में देखते हैं। उदाहरणस्वरूप अगर बुलेट ट्रेन चली भी तो अहमदाबाद से मुंबई चली गई, जबकि देश के प्रधान मंत्री वाराणसी से सांसद हैं। वे चाहते तो अहमदाबाद से वाराणसी तक बुलेट ट्रेन चला सकते थे, लेकिन ऐसा हम लोगों ने नहीं देखा। वित्त मंत्री को बताना चाहिए कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को कितने औद्योगिक पार्क्स दिए जाएंगे?

(1835/NK/SNT)

इस तरह की योजनाओं में गरीब राज्यों के लिए आरक्षण होना चाहिए। सरकार ने बजट में कहा, आईबीसी कानून के जरिए से अधिक कंपनियों का समाधान किया गया। लेकिन उस राशि को छुपाने का प्रयास किया, इसका उल्लेख नहीं किया, इस कारण इस देश में कितने लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए। प्रधानमंत्री ने एक दशक पहले किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया था, वे अभी भी उसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। देश में मिनिमम सपोर्ट प्राइस की गारंटी के लिए देश के संयुक्त किसान मोर्चे द्वारा एक लंबा आंदोलन चलाया गया था। 736 किसानों की शहादत के बाद इस देश के कृषि विभाग के प्रधान सचिव द्वारा लिखे गए पत्र पर कि हम आने वाले वक्त में किसानों के हक में न्याय का फैसला करेंगे, आज तीन साल बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

आपने अपने बजट में प्राकृति खेती की शुरूआत की बात की, इस कदम के कारण देश में अनाज के उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा, इस बात की यहां चर्चा नहीं की गई। जलवायु परिवर्तन

के कारण होने वाली आपदाएं किसानों पर भारी पड़ रही हैं, देश में अनाज का उत्पादन घटता जा रहा है। गेहूं के उत्पादन घटने से गरीब लोगों को हर साल हर महीने दो किलो गेहूं दिया जाता था, उसको घटाकर एक किलो करने का सरकार ने निर्णय लिया, यह दुखद विषय है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय को एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ लांच किया गया था, लेकिन वह लक्ष्य प्राप्त करने में विफल रहा। इस साल के आर्थिक सर्वेक्षण ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि हमारे युवाओं का लगभग 51.25 प्रतिशत ही रोजगार योग्य है। इसका मतलब है कॉलेज से सीधे निकलने वाले लगभग दो छात्रों में से एक युवा भारतीय आसानी से रोजगार पाने योग्य नहीं है। इससे बड़ा दुखद विषय हो ही नहीं सकता। भारत की जो शैक्षणिक संस्थाएं हैं, वह उस स्तर की नहीं हैं, जो रोजगार के अवसर पैदा कर सकें। भारत की बेरोजगारी दर महामारी से पहले की तुलना में अभी भी अधिक है। बिहार को बजट में मिली परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए 58 हजार 900 करोड़ रुपये का सरप्राइज मिला, लेकिन उन्होंने अन्य राज्यों को भी गुप्त रूप से परियोजनाएं देने का काम किया, उसकी चर्चा बजट में नहीं है। 58 हजार 900 करोड़ रुपये कितनी रकम होती है। गुजरात में दो सेमी-कंडक्टर प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार ने राजकोष से 70 हजार करोड़ रुपये का अनुदान केवल एक योजना के लिए देने का काम किया। अभी महाराष्ट्र के एक सांसद महोदय की बात मैं सुन रहा था कि देश की सरकार ने महाराष्ट्र के विकास के लिए दस लाख करोड़ रुपये की केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को देने का काम किया। बिहार को केवल 58 हजार 900 करोड़ रुपये देने पर जिस तरह से हाय तौबा मचायी जा रही है, यह कभी भी बर्दाशत के बाहर नहीं है। बिहार की 14 करोड़ आबादी जो देश की 10 प्रतिशत आबादी के बराबर है, क्या उसको हक नहीं है। हमारे यहां हाईवे की बात हो रही है। प्रति लाख आबादी में महाराष्ट्र में 15 किलोमीटर राष्ट्रीय सड़कें बनायी गईं, गुजरात में 11 किलोमीटर प्रति लाख बनायी गई, वहीं बिहार में अभी मात्र 5 किलोमीटर ही सड़कें बनी हैं, लेकिन यह क्या हो रहा है। 24 हजार 400 करोड़ रुपये के पीरपैंती बिजली घर की चर्चा सदन में हुई है। इस योजना को यूपीए-II में मनमोहन सिंह की सरकार ने स्वीकृत किया था। यह नई परियोजना नहीं है, रिब्रांडिंग, रिपैकेजिंग सत्तारूढ़ दल की एक नई परंपरा है।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए, आपके पास पांच मिनट का समय था। आप तीस सेंकड में अपनी बात खत्म कीजिए।

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर): सभापति महोदय, हम दोनों सदस्य बोलेंगे, तीन मिनट दिये जाएं। क्या आपको लगता है कि केवल बिहार को ही ये परियोजनाएं मिलीं। मुझे अच्छी तरह से मालूम है कि इससे ज्यादा परियोजनाएं दूसरे विकसित राज्यों को गई हैं। बिहार के लोगों को झांसा देने के लिए इसका उल्लेख बजट में इसलिए कर रहे हैं कि वर्ष 2025 में बिहार में विधान सभा चुनाव होना है। यह चुनावी राजनीति के हथकंडा का हिस्सा है न कि स्पेशल पैकेज का सवाल है। मैं इस बात को आगे बढ़ाते हुए कहना चाहता हूं कि शिक्षा पर खर्च में पिछले साल की तुलना में कटौती देखी जा रही है। यह लगातार घटता जा रहा है। सरकार शिक्षा के लिए उपकर वसूल रही है, लेकिन आबंटन

नहीं बढ़ा रही है। वर्ष 2004-05 में जब शिक्षा उपकर नहीं था तो उस समय तत्कालीन सरकार 2.3 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च कर रही थी।

(1840/SK/AK)

शिक्षा पर छ: प्रतिशत खर्च होना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए इनकम टैक्स में शिक्षा उपकर जोड़ा गया और इसके जरिए पिछले साल 65 हजार करोड़ रुपये मिले तो फिर मेन बजट से पैसे क्यों घटते जा रहे हैं? जाहिर सी बात है कि इस देश में नॉलेज पावर बढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटीज़, उच्च शिक्षण संस्थाओं और प्राथमिक शिक्षा की जरूरत है, लेकिन इस सरकार में बैठे लोग इस तरफ उदासीन हैं। आप 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये में से 65 हजार शिक्षा शेष को निकाल दें तो फिर बचेगा ही कितना? इसका मतलब है कि आंकड़े वर्ष 2003-04 से नीचे जा चुके हैं, मैं इस बात की तरफ इंगित करना चाहता हूं। वर्तमान में जीडीपी का लगभग ढाई प्रतिशत शिक्षा के लिए आबंटित किया गया जो कि इस महत्वाकांक्षा को साकार करने के लिए अपर्याप्त है। वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने और प्रतिस्पर्धात्मक बनाए रखने के लिए उच्च शिक्षा में सुधार और जीडीपी का कम से कम छ: परसेंट का आबंटन आवश्यक है। लेकिन छ: परसेंट कहां है? हम केवल ढाई परसेंट पर हैं।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

सरकार ने उर्वरक सब्सिडी में बड़ी कटौती की। कई क्षेत्रों में उत्पादन गिर रहा है, बजट 1 लाख 89 हजार करोड़ रुपये से घटाकर 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप कम से कम बिहार राज्य के बजट के लिए एक बार तो धन्यवाद तो दीजिए।

… (व्यवधान)

श्री सुधाकर सिंह (बक्सर) : मैं आधे मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

मैं बिहार के भविष्य में विकास के लिए केंद्र सरकार से वर्तमान बजट में विशेष प्रावधान की मांग करता हूं। मैं बिहार में किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु पुरानी जर्जर मंडियों का पुनर्निर्माण एवं नई मंडियों के निर्माण की मांग करता हूं। नवानगर, बक्सर और मोतिहारी राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित औद्योगिक जोन को विशेष आर्थिक क्षेत्र की मान्यता देनी चाहिए। राजगीर, बोधगया की तर्ज पर बक्सर और वैशाली धार्मिक पर्यटक स्थलों के रूप में विकसित करना चाहिए। बिहार के लिए नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट्स, जो कि नई सुविधाओं से बने हों, के लिए बजटीय आबंटन करना चाहिए। रीजनल कनैक्टिविटी योजना के अंतर्गत रक्सौल एवं पूर्णिया एयरपोर्ट को विकसित करना चाहिए। मैं आरा, मुंडेश्वरी रेल परियोजना वाया भभुआ रोड के लिए बजटीय आबंटन की मांग करता हूं।

(इति)

1843 hours

*SHRI MALVINDER SINGH KANG (ANANDPUR SAHIB): Hon. Chairman Sir, I am grateful to you that you have given me the opportunity to speak on Union Budget 2024-25.

Sir, I have read the Budget speech of Hon. Finance Minister ma'am. This Budget is undemocratic, unconstitutional and anti-federal structure. Discrimination has been meted out to Punjab. This Budget is against the spirit of Federalism of the Constitution framed by Dr. Baba Saheb Ambedkar ji.

Hon. Chairman Sir, I am happy to note that the word '*Annadata*' or provider of food has come in this Budget speech. The BJP had defamed the same '*Annadata*' by calling them names like Pakistani, Urban-naxal and anti-national etc. When the issue of providing food to 80 crore people has come up, the Hon. Finance Minister in her Budget speech has used the word '*Annadata*'. I welcome this. However, let me say that the State of Punjab plays a crucial part in providing foodgrains to 80 crore people. Punjab contributes 50% foodgrains in the Central pool. However, in the entire speech of Hon. Finance Minister, the State of Punjab has not been mentioned even once. Hon. Chairman Sir, this is very unfortunate.

What should have happened was that our farmers who were protesting since long, should have been granted Minimum Support Price. Sir, but MSP on foodgrains has not been granted to farmers which is very unfortunate. When Modi ji was CM of Gujarat at that time, the then PM had said that farmers should get MSP guarantee. But, in the last 10 years, the BJP Government has refused to accept this demand of farmers.

Hon. Chairman Sir, the Budget speech talks about employment. But, in the last 10 years, our youth have become more unemployed. Unemployment has increased by leaps and bounds. The Agniveer Scheme is pushing the youth towards unemployment and organized crime.

---

* Original in Punjabi

In my constituency in district Mohali, an Agniveer who had served the army for 2 years, has been caught stealing things red-handed. He gave the statement that we have no future. I have said this because hon. Members and hon. Ministers are here. This is the condition of youth today.

In Haryana, elections are going to take place. The Haryana Chief Minister had to announce a special package for Agniveers to avoid trouble. The Haryana CM is also against this Scheme. So, I urge upon the Government to withdraw the Agniveer Scheme.

Sir, the Budget Speech talks about Kolkata to Amritsar corridor. We do not oppose it. But, if Mumbai-Karachi trade link is there, why Amritsar-Lahore trade link is not there? So, the Central Government should open the Wagah border trade route with Pakistan. It will benefit the entire North India, including Punjab, Haryana, Himachal, Rajasthan etc.

Sir, discrimination has been done against Punjab. Andhra Pradesh has been given a package of Rs. 15,000 crores.

Sir, give me some more time. This is my first speech. I want to make two more points. Rs. 15,000 crores have been given to Andhra Pradesh for the construction of its capital city at Amravati. But, step-motherly treatment has been meted out to Punjab. In 1966, the Reorganization Bill was passed. After 58 long years, Punjab has not yet been given its capital city of Chandigarh. I urge upon the Central Government that Chandigarh should be given to Punjab as its capital city because this city came up when the villagers of Punjab were displaced from this land.

Sir, floods had wreaked havoc in Punjab last year. I don't oppose any package given to any State including Bihar. But Punjab suffered a loss of over Rs. 1680 crores. The Budget does not mention this loss suffered by Punjab. I request the Indian Government to announce a special package to Punjab to compensate for this loss…

(ends)

1848 बजे

श्री मियां अल्ताफ अहमद (अनन्तनाग-राजौरी) : सर, मैं आपका मशकूर हूं कि आपने मुझे यहां पर बोलने का मौका दिया। मैं सारे हाउस के नोटिस में लाना चाहता हूं कि इस यूनियन बजट के साथ आज जम्मू-कश्मीर के बजट पर बहस हो रही है, इसलिए मेहरबानी करके, जम्मू-कश्मीर का कोई आदमी इससे पहले नहीं बोला, हम दो-तीन एमपीज हैं, एक मंत्री हैं, एक जेल में हैं, इसलिए हमें अपनी बात कहने के लिए टाइम मिलना चाहिए। वहां पर कोई असेम्बली नहीं है, कुछ भी नहीं है। हमें तवक्कात थी। जो ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर हैं, उनका बहुत एहतराम है। वह सीनियर लीडर है और पिछले कई सालों से यह महकमा देख रही हैं। लेकिन, कितना बेहतर होता कि वे जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ भी बात करतीं, वहां के एमपीज के साथ बात करतीं, वहां के ट्रेडर्स के साथ बात करतीं और फिर यह बजट यहां पर आता । इसकी वहां पर कोई भी एक्सरसाइज नहीं की गई है। जो भी एक्सरसाइज की गई है, वह ब्यूरोक्रेट्स की लेवल पर की गई है। यह बदकिस्मती की बात है कि पिछले सात साल से वहां पर कोई इलेक्टेड गवर्नमेंट नहीं है। पिछले दस सालों से कोई असेम्बली के इलेक्शन नहीं हुए हैं। हम ब्यूरोक्रेट्स की मर्सी पर हैं। उनके रहमो करम पर है। वहां करप्शन अपने उरूज पर है, वहां दफ्तरी तवालत अपने उरूज पर है।

(1850/SJN/SRG)

वहां बेरोजगारी अपने उरूज पर है, महंगाई अपने उरूज पर है। यह कितना बेहतर होता कि इन चीजों को देखने के लिए, इस बजट को यहां पेश करने से पहले अगर माननीय वित्त मंत्री जी खुद जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ इसका जायज़ा लेतीं, तो वह ज्यादा बेहतर तरीके से इस बजट को समझ सकती थीं।

इस बजट के बारे में आज यहां पर कहा गया है कि हम जम्मू-कश्मीर को इतना ज्यादा पैसा दे रहे हैं, वहां असली हकीकत यह है कि कॉन्ट्रैक्टर्स के पिछले साल के कई हजार करोड़ रुपयों के बिल्स पेंडिंग हैं। उनको उनका पैसा नहीं मिल रहा है। उन्होंने बैंकों से लोन लिया हुआ है। इस वक्त कहा जा रहा है कि इस बजट में जितना भी पैसा दिखा रहे हैं, मुझे नहीं लगता है कि जो पुरानी लाइबिलिटीज़ हैं, वह उसको भी कवर कर पाएगा। वहां की हालत यह है कि मुलाज़िमों को पेंशन नहीं मिल रही है, जीपी फंड का पैसा नहीं मिल रहा है।

मैं बड़े वसूक़ से इस पूरे हाउस के नोटिस में यह मामला लाना चाहता हूं कि वहां की जो असली हालत है, उसके बारे में यहां सबको पता चलना चाहिए। उन्होंने यहां पर बजट तो पेश किया है, लेकिन मैं आपको वास्तविकता के बारे में बताना चाहता हूं कि वहां मुलाज़िमों की हालत क्या है, किसान की हालत क्या है, बेरोजगारों की हालत क्या है।

मैं आपको यह बताऊं कि जो अनंतनाग जिला है, वह जम्मू-कश्मीर का सबसे पुराना जिला है। मैं अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से लोक सभा का सदस्य हूं। वहां पर एक मेडिकल कॉलेज तो कायम हुआ है, वह पिछले छः, सात या उससे भी ज्यादा सालों से चल रहा है, लेकिन वहां एमआरआई की सुविधा तक नहीं है। इतने बड़े हिस्टोरिक टाउन के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं दिया गया है। वहां पर जो क्रिटिकल स्पॉट्स हैं, उनके ऊपर फ्लाईओवर बनाने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर के बजट में उसके लिए कुछ भी नहीं दिया गया है। जो सबसे पुराना और मशहूर जिला है, उसमें एक बाईपास बनाने की जरूरत है। जो पहलगाम का टूरिस्ट स्पॉट है, जहां से अमरनाथ की यात्रा निकलती है, वह इसी जिले से

होकर गुजरती है। जब वहां इतने यात्री पहुंचते हैं, तो उस जिले में घंटों जाम लगा रहता है। इस बजट में इतने महत्वपूर्ण जिले के लिए कुछ भी नहीं दिया गया है।

मैं आपके नोटिस में यह भी लाना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर में शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ बहुत अच्छा काम कर रहा था। जो कश्मीरी डॉक्टर्स हैं, वे अपने काम के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं। वे जिस लगन और मेहनत से काम कर रहे हैं एवं जिस मेहनत से इस संस्थान को चलाया जा रहा था, अफ़सोस और परेशानी की बात है कि जिस तरह से हमारे स्टेट को खत्म किया गया, उसी तरह से उस संस्थान की अटानोमी भी खत्म कर दी गई है। आज उसको हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के अंडर दे दिया गया है। एक संस्थान जो पूरे जम्मू-कश्मीर की ख़िदमत कर रहा था, वहां पर पूरे तरीके से काम मुतासिर हो रहा है। वहां हजारों पद खाली पड़े हैं।

जम्मू-कश्मीर का एरिया बहुत बड़ा है, लेकिन जिसको अब आप यूटी कहते हैं, लेकिन हम अपने लफ़्ज़ से उसको यूटी बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। हम स्टेट की बात करेंगे। उस संस्थान की हालत खराब हो रही है। उसको अटानोमी भी खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही साथ आपने जम्मू में एक एम्स बनाया है, आपने उसकी शुरुआत की है, हम उस फैसले का ख़ैर-मक़्दम करते हैं, लेकिन कश्मीर के संस्थान की अटानोमी खत्म करके वहां के हेल्थ केयर सिस्टम को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाया है।

इसके साथ ही साथ जो हिली जिले हैं, राजौरी और पुंछ के जो बॉर्डर जिले हैं, इस बजट में उन जिलों के लिए कुछ भी नहीं दिया गया है। होना यह चाहिए था कि ये जो बॉर्डर और हिली जिले हैं, उनके लिए पीएमजीएसवाई, पीडब्ल्यूडी और जलशक्ति जैसे महकमों के लिए ज्यादा एलोकेशन किया जाता। वह मेरा संसदीय सेगमेंट है। वहां सड़कों की इतनी बुरी हालत है। उनको हिस्सा नहीं मिल रहा है, स्टेट के लिए जो एलोकेशन हो रहा है, वह उस बुनियाद पर नहीं हो रहा है, जहां पर उसकी जरूरत है। मैं तो आपसे यह कहूंगा कि एक हाउस कमेटी बनाइए और वह उसको देखे। वहां पर जो बीकन के प्रोजेक्ट्स हैं, राजौरी और पुंछ के दोनों बॉर्डर जिले हैं।

(1855/SPS/RCP)

मैं ऑनरेबल डिफेंस मिनिस्टर से भी मिला। मैंने उनको यह भी कहा कि वहां पर बीआरओ का कार्य न होने के बराबर है। जम्मू से पुंछ तक का 220 किलोमीटर का स्ट्रैच है, उसकी बुरी हालत है। मैं ऑनरेबल चेयर से गुजारिश करना चाहता हूं कि इसी तरह से हमारे यहां पर कैजुअल लेबर्स है, डेली वेजर्स हैं, उनको पिछले कई सालों से तनख्वाह नहीं मिल रही है। एक और बड़ा अहम प्रोजेक्ट है, उस पर कोई पेशे रफ्त नहीं हो रही है। कुलगाम डिस्ट्रिक्ट से रामबन डिस्ट्रिक्ट के साथ दम हाल हांजीपुरा से मोहोर के साथ एक सड़क का प्रोजेक्ट था, वह प्रोजेक्ट पिछली सरकार में शुरू हुआ था। उसका काम बंद पड़ा हुआ है। उस प्रोजेक्ट की वजह से लोग बहुत ज्यादा सफर कर रहे हैं। कैजुअल लेबर्स और डेली वेजर्स हैं, उनको वेजेस नहीं मिल रही है।

महोदय, इसके साथ-साथ एक बात और है, जिसके लिए मैंने सप्लीमेंट्री पूछने की कोशिश भी की थी कि दिल्ली और श्रीनगर के दरमियान हवाई जहाज की यात्रा सबसे महंगी है। अगर वहां टूरिस्ट जा रहा है तो उसका मतलब यह नहीं है। पेशेंट है, मैं मेंबर ऑफ पार्लियामेंट हूं और अगर मुझे इतना किराया रोज देना पड़ेगा तथा आप जो मुझे दे रहे हैं, वह तो एक-दो महीने में खत्म हो जाएगा। एयरलाइन्स का इस पर कंट्रोल नहीं है। खास तौर पर श्रीनगर वाले रूट पर कोई कंट्रोल नहीं है। जिस एयरलाइन की जो मर्जी हो, वह किराया लेती है, लेकिन वहां पर इंसाफ के साथ काम नहीं लिया जा रहा है। वहां पर हमारे

हाइडिल प्रोजेक्ट्स हैं, वे नहीं चल रहे हैं। सरकार की ना एहली की वजह से वे नहीं चल रहे हैं, उल्टे वहां पर बहुत ज्यादा बिजली फीस बढ़ाई गई है और बिजली की फीस वसूल करने के लिए एफआईआर की जा रही है। हम एक जम्हूरी हिन्दुस्तान का हिस्सा हैं। अगर आप बिजली फीस पर किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे तो उससे ज्यादा ज्यादती क्या हो सकती है?

महोदय, ट्राइबल्स के बारे में बहुत ज्यादा कहा जाता है। मैं भी ट्राइबल कम्युनिटी से बिलॉन्ग करता हूं। जो यहां पर यूनियन बजट पेश हुआ है, न इसमें ट्राइबल्स के लिए कुछ है और न जम्मू कश्मीर के बजट में ट्राइबल्स के लिए कुछ कहा गया है। ट्राइबल्स के लिए कोई पैसा नहीं रखा गया है। इस सरकार में मुझे कोई भी यह नहीं बता सकता है कि ट्राइबल्स के लिए क्या हो रहा है? हमें कोई बताए कि ट्राइबल्स के लिए पैसा आया तो क्या चार किलोमीटर की सड़क बनी, क्या उनके लिए कोई हॉस्पिटल बना, क्या उनके लिए कोई स्कूल बना, लेकिन पब्लिसिटी इतनी की जा रही है कि दूसरे लोग सोचते हैं कि ट्राइबल्स को बहुत कुछ मिल रहा है, चाहे कंट्री के लेवल पर हो और चाहे खास तौर पर स्टेट के लेवल पर हो। सच तो यह है कि जो ट्राइबल गरीब जंगल की जमीन पर रह रहा था, जिसके लिए यह कहा गया कि ट्राइबल्स को फॉरेस्ट राइट एक्ट में हकूक मिलेंगे, उनको पांच या दस मरला या एक-दो कैनाल जमीन, जिस पर वह बैठते हैं, उसकी मिलकियत के हकूक दिए जाएंगे, लेकिन लोग चार-चार साल सरकारी दफ्तरों में दर-बदर हैं। उनको कोई भी नहीं पूछ रहा है, उल्टा यह हो रहा है कि जो पुराने मकान में रहा रहा था, जिसको पीएमएवाई के तहत केस सैंक्शन हुआ, उसको आज फॉरेस्ट डिपार्टमेंट बनाने नहीं देता है। वह कहता है कि यह फॉरेस्ट की जमीन है। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और वहां की गवर्नमेंट कह रही है कि जहां ट्राइबल हैं, हम उनको डिस्टर्ब नहीं कर रहे हैं। जो पीएमएवाई केस लेने वाला गरीब है, उसको अपने मकान के लिए वहां पर जमीन नहीं मिल रही है, जहां पर वह बीस साल से रह रहा है।

सर, जो दावे हो रहे हैं, वे उसके बिल्कुल मुख्तलिफ हैं। हम यह चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर के साथ जो यह नाइंसाफियां हैं, सियासी तौर पर हों, ये एडमिनिस्ट्रेशन के लिहाज से हों, फण्ड्स के लिहाज से हों, डेवलपमेंट के लिहाज से हों, बेरोजगारी के हवाले से हों। ये चीजें दूर होनी चाहिए। हमें तवक्को है कि ऑनरेबल फाइनेंस मिनिस्टर इनका जवाब दें, जो हमने कहा है और खास तौर पर कॉन्ट्रैक्टर्स, बेरोजगार, कैजुअल लेबर्स के बारे में जो कुछ कहा है या बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट के बारे में कहा है। सबसे अहम बात है कि रियासी में रेल पहुंच गई है। कटरा से आगे रियासी है। रियासी से सिर्फ 40 किलोमीटर राजौरी-पुंछ का एरिया है, लेकिन इस बजट में राजौरी-पुंछ की रेलवे लाइन के मुताल्लिक भी कुछ नहीं कहा गया है। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

(इति)

(1900/MM/PS)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : एक बार देख लेंगे, क्योंकि माननीय सदस्य ने जानकारी गलत दी है। नेशनल हाईवे और दूसरा एम्स भी जम्मू-कश्मीर को दिया है। उसके बारे में भी नहीं बोला है।

1900 hours

SHRI CHAMALA KIRAN KUMAR REDDY (BHONGIR): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak on the Budget. It is my maiden speech. I am a first timer in this House. I am thankful to the Congress leadership Shrimati Sonia Gandhi ji, Rahul Gandhi ji, Kharge ji, and also Shri Revanth Reddy ji for giving me this opportunity to represent Telangana and my constituency Bhongir.

With a lot of enthusiasm, I have come to this House as a first timer. This is my second session. In the first session also, I tried to speak on the Presidential Address. But I could not get the opportunity. Now, I want to say a few words on that topic. The Presidential Speech was not a reality. Whereas my leader Rahul Gandhi ji, who had done the Bharat Jodo Yatra from Kanniyakumari to Kashmir, wanted to talk about the reality. But they had disrupted the House that time. They do not want the people of this country to know the facts. For the last two Sessions, I have been watching them. They have only been appreciating themselves and have only been clapping for themselves but have not been speaking for the people of this country.

Now, I come to the Budget. For me, this Budget looks like a political survival Budget. अब की बार 400 नहीं हुआ, अब की बार 240 हुआ। They won 273 seats. This is a reflection of political survival in the 18th Lok Sabha. It is because they want to speak only about two States, that is, Andhra Pradesh and Bihar. When I came to this House, I thought that this is a Temple of Democracy and everybody will get an opportunity and every State will get an opportunity. But what I found later in this House is that the leadership on the other side wants to survive themselves in the 18th Lok Sabha. That is why, they want to compromise and they want to give more budgetary allocation to Andhra Pradesh. And we do not want to object to it also. It is a matter of their development. Every State need development. We are also asking budgetary allocation for every State.

The hon. Finance Minister Shrimati Nirmala Sitharaman ji in her 2024-25 Budget speech announced substantial funds for Andhra Pradesh, while Telangana was notably overlooked. At the beginning of her speech, she dedicated a section to the Andhra Pradesh Reorganisation Act. She said, and I quote:

> "Our Government has made concerted efforts to fulfil the commitments made in the Andhra Pradesh Reorganisation Act.

Understanding the need for a state capital, we will facilitate special financial assistance through multilateral development agencies in the current financial year with Rs. 15,000 crore.”

The Andhra Pradesh Reorganisation Act also includes the State of Telangana. Telangana is also a part of it. She did not even bother to talk about Telangana. In the last 10 budgets, we are always kept away. They have never bothered about it. In the past, we used to have Members from the BRS Party. They were also supporting the BJP indirectly. They had supported many Bills in the past. They had supported Article 370 and demonetisation, and they had also supported the BJP when there were elections of President, Vice-President and Deputy Chairman of Rajya Sabha. But even then, they did not demand anything for the State. Now, the people of the State have kept them away from this House. There is no Member from the BRS Party. Now, they have given opportunity to eight MPs from the BJP and eight MPs from the Congress thinking that, at least, this time in the 18th Lok Sabha, they will have an opportunity and they will get allocations in the Budget. But this Budget is a total disaster. It kept Telangana away from it.

Hon. Chairperson, Sir, the hon. Finance Minister said, and I quote:

“Under the Act, for promoting industrial development, funds will be provided for essential infrastructure such as water, power, railways and roads in Kopparthy node on the Vishakhapatnam-Chennai Industrial Corridor and Hyderabad-Bengaluru Industrial Corridor, and additional allocations will be provided this year.”

Hon. Chairperson, Sir, we also requested our hon. Chief Minister Shri Revanth Reddy ji. In the last eight months, even though the Model Code of Conduct of election was in force for three months, he met 18 Ministers in the Government of India in the last five months.

(1905/SMN/YSH)

He met the Prime Minister Narendra Modi Ji three times for the sake of development of our State. Even I myself, after winning the elections, requested the Members of Parliament from the other side to work together for the sake of Telangana. For the last two days, I have noticed none of these MPs are working on this issue and not fighting with their leadership on behalf of Telangana.

Nirmala Sitharaman Ji was talking about the Polavaram Project in Andhra Pradesh. We also have a major project which covers 12 lakh acres, that is, our Palamuru Rangareddy Irrigation Scheme. She did not speak about this project. This was the promise made in 2014 when the Reorganisation Act was made. But we have got the Central Horticulture University. They have promised a steel plant in Khammam. They have promised a Rail Coach Factory in six months. More than 10 years have passed. They also promised road connectivity in the backward regions of Telangana. Yesterday, Nirmala Sitharaman Ji was talking about the same thing with Andhra Pradesh also. We would have been very happy if the Reorganisation Act is implemented for both the States. But it did not happen like that. They kept everything away because their only agenda is to safeguard this Government in the 18th Lok Sabha. They know that they do not have the Members. Today also, they are very proudly saying that they have won the elections. How did they win the elections? They got only 240 Members. They have bargained from Nitish Kumar Ji and Chandrababu Naidu Ji and they are trying to survive here.

Our Chief Minister has already given Rs. 31,000 crore to the farmers at the rate of Rs. 2,00,000 at one stretch. This has happened for the first time in India. Nobody is looking at that. We thought that the Government will help us and our Chief Minister will get empowered. Our Chief Minister and our leader Rahul Gandhi Ji gave the guarantees in Andhra Pradesh. We want to fulfil all the guarantees. It is because the BJP, which is in alliance with the BRS Party does not want Congress to perform. They want us to go down. That is why, they made this Budget and they did not allocate anything in this Budget. They did not even care about the promises made in the 2014 Act.

I want to conclude by requesting them to at least, now, look back at the 2014 Act. The 2014 Reorganisation Act is for both the States. It is not for Andhra Pradesh and it is not for any political survival. This Budget is for the people. From here, everybody has to hear. There are many people who are representing across the country. Everybody should get their stake.

Now, yesterday, Nirmala Sitharaman Ji was saying that there was no time to talk about other States. “We have a lot of Budget for other States. I have only time to talk about Bihar and Andhra Pradesh”. This is just because of political gain.

(ends)

1908 बजे

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे बजट पर चर्चा के लिए समय दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं पार्टी के नेतृत्व को भी धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मुझे दूसरी बार सांसद बनने का अवसर प्रदान किया। मैं अपने लोक सभा क्षेत्र, फतेहपुर सीकरी, आगरा (उत्तर प्रदेश) की जनता को भी हृदय से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने मुझे चुनकर लोक सभा में दोबारा भेजने का काम किया और उससे मुझे आपके समक्ष जनता के विषयों को उठाने का अवसर मिलता रहेगा।

माननीय सभापति जी, मैं बजट पर सरकार के पक्ष में बात करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। यह जो बजट देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री आदरणीय निर्मला सीतारमण जी ने सांतवीं बार पेश किया है, उसके लिए मैं उनको हृदय से धन्यवाद देना चाहता हूँ।

माननीय सभापति जी, मुझे एक बात पर बड़ा अफसोस हो रहा है कि ये कांग्रेस पार्टी के लोग और उनके साथ आम आदमी पार्टी के जो साथी बैठे हैं, इनसे मैं पूछना चाहता हूँ कि आपके शासन काल में, जब-जब आपने शासन किया तो आपने किसानों के लिए, खेत के लिए, गांव के लिए कौन से नियम, कौन सी योजनाएं, कौन से कानून बनाएं, जिससे किसानों की आय बढ़ी हो? इनके पास गिनाने के लिए कुछ नहीं है। ये झूठ की बुनियाद, झूठ की दीवारें खड़ी करते हैं। ये अफवाहें फैलाते हैं और लोगों में भ्रम पैदा करने का काम करते हैं... (व्यवधान)

(1910/RAJ/SM)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर कांग्रेस पार्टी किसानों से लगातार माफी भी मांगेगी, तो देश की जनता, देश के किसान कांग्रेस पार्टी को कभी माफ नहीं करेंगे।...(व्यवधान) आपको कभी माफ नहीं करेंगे।...(व्यवधान) आपके नेता को यह नहीं पता होगा कि जौ की बाली कैसी होती है और गेहूं की बाली कैसी होती है? ...(व्यवधान) आप क्या बात कर रहे हैं? ...(व्यवधान) आपके नेता को नहीं पता होगा कि हरी मिर्च कहां लगती है और लाल मिर्च कहां लगती है? ...(व्यवधान) आप किसानियत की बात कर रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, हमारे देश के वित्त मंत्री जी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार, छोटे व्यापारी, बेरोजगार नौजवान, महिलाएं, आदिवासी, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े और दलित, देश भर के जनमानस के लिए एक बहुत ही ऐतिहासिक बजट पेश किया है। यह बजट रोजगार भी देगा, यह स्वरोजगार भी देगा और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का माध्यम भी बनेगा।

माननीय सभापति जी, आज दुनिया में भारत की इकोनॉमी सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही है। हम ग्यारहवें नम्बर से पांचवें नम्बर पर आ गए हैं। देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम बहुत जल्दी दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। यह तीसरी अर्थव्यवस्था इसलिए भी बनेगा कि देश की जनता ने प्रधान मंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार अवसर दिया है।

माननीय सभापति जी, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जो गांव में रहने वाले लोग हैं, जो बस्तियों में रहने वाले लोग हैं, जो गरीब, शोषित और पीड़ित वर्ग हैं, उनको न्याय देने वाला यह बजट है। इसमें श्रमिकों से लेकर सभी वर्गों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं दी गई हैं, उनकी उन्नति का रास्ता इस बजट से होकर निकलेगा। आदिवासी, दलित और पिछड़ों को सशक्त बनाने वाला यह बजट है।

अभी मैं कांग्रेस के साथियों को सुन रहा था। वर्ष 2013-14 से पहले कृषि का कुल 23 हजार करोड़ रुपए का बजट होता था, लेकिन आज 1.52 लाख करोड़ का बजट है। जब पिछला बजट आया था, तो उस बजट की तुलतना में इस बार लगभग 25 हजार करोड़ रुपए अधिक कृषि के लिए अधिक दिया गया है। कांग्रेस पार्टी के लोगों को खेती, किसानी और खेत से वास्ता नहीं है।

अभी आम आदमी अपना भाषण दे रहे थे। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि दिल्ली में आपकी सरकार है। दिल्ली में किसान को कृषि का दर्जा नहीं है। किसानों को कृषि की सुविधाएं नहीं मिलती हैं। किसानों को दिल्ली में कोई भी सुविधा नहीं मिलती है।…(व्यवधान) लेकिन ये किसान और किसानियत की बात करते हैं।

कृषि बजट में किसानों की आय निरंतर बढ़े, इसकी लगातार चिंता करने का काम देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं। उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं दे रहे हैं। इसमें फसलों का विविधीकरण, खेती के तरीकों में बदलाव, फलों और सब्जियों की पैदावार में वृद्धि एवं उनके भंडारण और वितरण की व्यवस्था करना सरकार की प्राथमिकता है।…(व्यवधान) आपकी सरकार ने सैफई के अलावा कभी कुछ नहीं दिया।…(व्यवधान) आपको सैफई के अलावा कुछ नजर नहीं आता है।

माननीय सभापति जी, दाल, दलहन और तेलहन में आत्मनिर्भरता, उनके उत्पादन, भंडारण और विपणन पर पूरा फोकस रखा गया है। खाद्य तेलों के लिए फसलों में सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी और सोयाबीन के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है। सब्जियों के उत्पादन और आपूर्ति के लिए क्लस्टर बनाने व भंडारण और विपणन के ढांचे के विकास की व्यवस्था इस बजट में की गई है।

(1915/KN/RP)

महोदय, कोरोना के काल में भी सारे सेक्टर्स बंद हो गए थे, लेकिन एग्रीकलचर का सेक्टर खुला रहा। मेरे देश के किसानों ने मेहनत की, श्रम किया, पसीना बहाया और देश के प्रधान मंत्री जी ने किसानों के लिए किसान रेल चलाने का भी काम किया। आज मुझे प्रसन्नता के साथ यह कहना है कि किसान अपनी उपज को देश भर की मंडियों में भेज रहा है, जहां उसको ज्यादा दाम मिल रहे हैं। इसके लिए 167 मार्गों पर आज किसान रेल चलाई जा रही है। यह किसानों की आय को बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम है।

महोदय, ये बार-बार एमएसपी की बात करते हैं। इन्होंने 50 साल तक शासन किया। इनको कभी एमएसपी की याद नहीं आई। देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एमएसपी को लागत से डेढ़ गुना देने का काम किया है। आज देश के किसान उन्नति के रास्ते की ओर आगे जा रहे हैं।

महोदय, चाहे रवि की फसल हो, चाहे खरीफ की फसल हो, हमारे देश के किसानों ने रिकार्ड उत्पादन करने का काम किया है।… (व्यवधान) मैं यह भी कहना चाहूंगा कि बीच-बीच में कांग्रेस वाले किसानों के लिए अपनी कोई एक योजना जरूर बता दें, जो आपके शासन काल में कभी हुई हो। मैं आपको चुनौती देता हूं।… (व्यवधान) मैं अपने योग्य साथी सांसदों को विशेषकर कांग्रेस पार्टी के लोगों को चुनौती देता हूं कि वे अपनी कोई दो योजनाएं गिनाएं, जिनमें ये कह सके कि हमने किसानों के लिए यह किया है। केवल बरगलाने से और भ्रम फैलाने से देश में राजनीति नहीं चल सकती है। आने वाले समय में अभी तो 100 से 99 पर आए हो, आप 39 पर रह जाओगे, मैं आपको दावे के साथ कह सकता हूं।… (व्यवधान)

महोदय, पुराने समय में जब साहूकारों का समय हुआ करता था, ये लोग किसान को बोलने नहीं देते हैं।… (व्यवधान) भाइयों, तुम किसान को रोक भी नहीं पाओगे। मैं किसान क्रेडिट कार्ड की चर्चा करना चाहूंगा।… (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : धर्मेन्द्र जी, आप प्लीज बैठ जाइये।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : धर्मेन्द्र जी, आप टोकिये नहीं, वरना आप आगे बोल नहीं पाओगे। फिर मैं टोकूंगा।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : चाहर जी, आप इधर एड्रेस कीजिए। उधर ध्यान मत दीजिए।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : महोदय, ये बीच-बीच में जो टोक रहे हैं, आप मेरा टाइम बढ़ाते जाइयेगा।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : इनको कुछ भी बोलने दो। यह रिकार्ड में नहीं जाएगा।

… (व्यवधान) … *(Not recorded)*

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : महोदय, साहूकारों के चंगुल में किसान हुआ करता था। जब कांग्रेस पार्टी की सरकार होती थी तो साहूकार के चंगुल में किसान होता था।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : धर्मेन्द्र जी, आप बार-बार ऐसे मत कीजिए।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : महोदय, उनको बड़े मोटे ब्याज पर साहूकारों से लोन लेना पड़ता था। वे खेत तक गिरवी रख जाते थे। किसान अपनी बच्चियों की शादी करने के लिए, अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए कर्ज लेता था। मैं किसान के नाते देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने केसीसी कार्ड किसानों को दिया। आज देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किसान क्रेडिट कार्ड में पशुपालन और मछलीपालन को जोड़ने का काम किया है। आज जिस प्रकार से पशुपालन और मछलीपालन को जोड़ा है, मेरा किसान आगे बढ़ता जा रहा है।

डीएपी और यूरिया – मुझे याद है, हम लोग भी साइकिल पर जाया करते थे कि जाकर बोरी लाद कर ले आए। कांग्रेस के समय पर किसानों पर लाठीचार्ज होता था। कांग्रेस की सरकार थी। मुझे याद है, मेरे मध्य प्रदेश के साथी यहां बैठे हैं, मध्य प्रदेश के अंदर किसानों ने आंदोलन किया और कांग्रेस की सरकार ने मेरे निहत्थे किसानों के ऊपर गोली चलाई, 29 किसान मारे गए और उनको सांस तक नहीं आई। … (व्यवधान) आज समय बदल गया है। आज तो यूरिया नीम कोटेड

भी हो गया, आज तो यूरिया नेनो भी हो गया। आज तो हमें बोरी पीठ पर लादने की जरूरत नहीं है। आज तो हम नेनो यूरिया घर लेकर आते हैं। … (व्यवधान)

(1920/VB/NKL)

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि को-ऑपरेटिव मंत्रालय बनाया गया। देश के गृह मंत्री प्रथम सहकारिता मंत्री बने। मैं तो कहूंगा इस देश के लौह पुरुष जैसे श्री अमित शाह जी आज को-ऑपरेटिव को गांवों में आगे ले जाने का काम कर रहे हैं।

महोदय, सहकारी क्षेत्र में अभी भी दो लाख पंचायतें ऐसी हैं, जहाँ पर कोई सहकारी संस्था नहीं है। हमारी सरकार ने, माननीय मोदी जी की सरकार ने यह व्यवस्था की है कि आने वाले दो वर्षों में दो लाख ग्राम पंचायतों को सहकारी संस्थाओं से जोड़ने का काम किया जाएगा, जिससे किसानों की उन्नति का रास्ता बनेगा।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : प्लीज, अब समाप्त कीजिए।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : सर, मुझे 5 मिनट का समय और दे दीजिए।

माननीय सभापति : नहीं। कृपया एक मिनट में अपनी बात समाप्त करें।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : किसानों के लिए कौन-सी फसल उपयुक्त होगी, लाभकारी होगी, उसके लिए प्रचार और प्रोत्साहन पर काम होगा। 32 फसलों के लिए 109 नयी किस्में देने का काम भी इस बजट के अन्दर किया गया है।

पीएम फसल बीमा ने किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाये हैं। मेरे किसान भाई आज निडर होकर फसलें उगाते हैं। जरूरत पड़ने पर, जब अति वृष्टि, ओला वृष्टि, आँधी-तूफान और अग्नि में यदि उसकी फसल बर्बाद हो जाती है, तो फसल बीमा योजना से उसको मुआवज़ा मिलने का काम होता है, उसके घर-परिवार को बचाने का काम होता है।

किसानों की आय को बढ़ाने के लिए मिलेट्स हैं, मोटे अनाज हैं, जो काम पानी में भी होते हैं। उनमें यूरिया और डीएपी भी कम लगाना पड़ता है, वे हेल्दी भी हैं और आज दुनिया में इनको सुपर फूड के नाम से जाना जाता है। हमारे किसान आज सुपर फूड को उगाने का काम कर रहे हैं, जिन्हें खाकर देश-दुनिया के लोग हेल्दी हो रहे हैं। इससे किसानों की आय भी बढ़ रही है। महोदय, मैं अपने कांग्रेस के साथियों को फिर चुनौती देना चाहता हूँ। इस बीच में एक भी योजना… (व्यवधान) अरे एक भी योजना बता दो भाई, एक योजना का नाम बता दो, जिसे कांग्रेस पार्टी किसानों के हित के लिए लायी हो। आज तक कोई योजना नहीं आयी।… (व्यवधान) महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि खाद्यान्न के क्षेत्र में 246.42 मिलियन टन उत्पादन कांग्रेस के शासन काल में होता था। अभी खाद्यान्नों का उत्पादन 329.69 मिलियन टन हो रहा है। हम दलहन के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं, हम बागबानी में आगे बढ़ रहे हैं।

मैं ई-एनएएम मंडी की भी चर्चा करना चाहूँगा। कांग्रेस के समय में, इन्होंने कोई ई-एनएएम जैसी चीज नहीं लायी। लेकिन आज 1389 मंडियाँ ई-एनएएम मंडीज़ के रूप में काम कर रही हैं। वर्ष 2023 तक 1.76 करोड़ से अधिक किसान उसमें जुड़ चुके हैं और वे लाभ ले रहे हैं। उसमें व्यापारी भी जुड़े हैं, पंजीकृत हुए हैं।

माननीय सभापति : अब अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : सर, किसान की बात सुन लीजिए। इनमें से किसी ने किसानों की बात नहीं रखी। केवल बरगलाना, लोगों में केवल भ्रम पैदा करने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है।

माननीय सभापति जी, मैं एफपीओ के बारे में चर्चा करना चाहूंगा। किसान उत्पादक संघ में आज सात हजार से अधिक एफपीओज रजिस्टर्ड हैं। 129.5 करोड़ इक्विटीज के अनुदान भी उनको जारी किये

गये हैं। 994 एफपीओज को 226.7 करोड़ रुपए की गारंटी कवर जारी की गई है। कांग्रेस ने इसके बारे में कभी सोचा भी नहीं था। माननीय सभापति जी, जिस तरह से हम लोगों की हेल्थ होती है, उसी तरह से जमीन की भी हेल्थ होती है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी ने स्वॉइल हेल्थ कार्ड देने का काम किया। कांग्रेस पार्टी ने इसके बारे में सोचा भी नहीं। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए अभी 45,971 से अधिक परियोजनाएं चल रही हैं। चाहे मधुमक्खी पालन हो, कृषि सिंचाई हो, 'पर ड्रॉप, मोर क्रॉप' हो, एग्री स्टार्ट अप्स हों, कृषि ऋण का प्रभार हो… (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया अपनी बात आधे मिनट में समाप्त कीजिए।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : माननीय सभापति जी, आज किसानों की आय बढ़े, इसके लिए देश के प्रधानमंत्री जी लगातार काम कर रहे हैं। एक महत्वपूर्ण मुद्दा भी लिया गया है। आने वाले समय में एक करोड़ किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ेंगे, प्राचीन खेती से जुड़ेंगे, ज़ीरो बजट खेती से जुड़ेंगे। उसमें किसानों की आय बढ़ेगी। मैं अपने कांग्रेस के साथियों से पूछना चाहता हूँ- भाइयों, आज यूरिया, डीएपी, अन्य कीटनाशक दवाइयों और रासायनिक खादों से कैंसर जैसी गंभीर बिमारियाँ हो रही हैं। आज आवश्यकता है, मैं आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर से, देश के किसानों से भी आह्वान करना चाहता हूँ कि सभी किसान प्राकृतिक खेती को अपनाएं। यूरिया, डीएपी को दूर रखें। उसके लिए सरकार इंसेंटिव देने का काम कर रही है। इस तरह से एक करोड़ किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ने जा रहे हैं।

(1925/PC/VR)

माननीय सभापति जी, हमारे छ: करोड़ किसानों के जमीन के ब्योरे किसान की जमीन की रजिस्ट्री में दर्ज किया जाएगा। … (व्यवधान) बजट के अंदर यह प्रावधान किया गया है। … (व्यवधान) पीएम आवास, शौचालय, उज्ज्वला, ये सारी योजनाएं चल रही हैं। … (व्यवधान) 25 करोड़ गरीब, जो गरीबी रेखा से नीचे थे, उनको गरीबी रेखा से ऊपर किया गया है। … (व्यवधान) कांग्रेस नारे लगाती रही, लेकिन आज तक किसी गरीब का भला नहीं कर पाई। … (व्यवधान) माननीय सभापति जी, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम हो रहा है। … (व्यवधान) पांच करोड़ जन-जातीय लोगों के लिए उन्नत ग्राम अभियान है, 63 हजार गांव इसमें शामिल किए गए हैं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : श्री आनंद भदौरिया जी।

… (व्यवधान)

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : माननीय सभापति जी, नौजवानों को कंपनियों में रोजगार दिए जा रहे हैं, ताकि गांव का नौजवान आगे बढ़े। … (व्यवधान) मैं बस एक मिनट में अपनी बात कंप्लीट कर रहा हूं। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आधे मिनट में कंप्लीट कीजिए।

… (व्यवधान)

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : गांव का नौजवान आगे बढ़े, ग्रामीण अर्थव्यवस्था आगे बढ़े, गांव-गरीब-किसान की उन्नति हो। … (व्यवधान) यह मेरे देश के प्रधान मंत्री जी की सबसे बड़ी वरीयता है। … (व्यवधान) ये ढोंग करते हैं, ये फर्जी बातें करते हैं और मेरे देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी किसानों के हित के लिए लगातार काम कर रहे हैं। … (व्यवधान)

(इति)

माननीय सभापति : श्री आनंद भदौरिया जी – आप बोलना शुरू कीजिए।

… (व्यवधान)

1926 बजे

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : आदरणीय सभापति जी, आपका धन्यवाद। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पेश किए गए आम बजट पर हो रही चर्चा में मुझे बोलने का अवसर देने के लिए मेरी पार्टी, मेरे नेता आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी का मैं आभार प्रकट करना चाहता हूं।

महोदय, मुझसे पहले मेरी पार्टी के अन्य माननीय सदस्यों द्वारा अपने संबोधन में बजट के संबंध में उठाई गई आपत्तियों से मैं खुद को संबद्ध करता हूं। यह बजट वस्तुत: बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान है, क्योंकि इसमें संविधान सम्मत संघीय गणराज्य के ढांचे को पूरे तरीके से दरकिनार करते हुए सिर्फ और सिर्फ अपनी सरकार को बचाए रखने का समर्थन मूल्य चुकाया गया है।

महोदय, हम सभी जानते हैं कि अंग्रेजी वर्णमाला में 'ए' से 'ज़ेड' तक अक्षर होते हैं। इसके एक-एक अक्षर मिलकर ही वर्णमाला पूरी करते हैं। इसमें प्रत्येक अक्षर का समान महत्व है, लेकिन दुर्भाग्य है कि माननीय वित्त मंत्री महोदया ने सिर्फ 'ए' टू 'बी' का ध्यान रखा है। वे 'ए' टू 'बी' पर ही रुक गईं। यहां 'ए' यानी आंध्र प्रदेश और 'बी' यानी बिहार है। मैं जिस राज्य उत्तर प्रदेश से आता हूं, उसका 'यू' वर्णमाला में उसकी जगह की तरह ही उसको केंद्र सरकार और वित्त मंत्री जी ने प्राथमिकता ने कहीं पीछे छोड़ दिया।

उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार की बड़ी-बड़ी बातें बीजेपी के उत्तर प्रदेश के लोग करते थे। मैं पूछना चाहता हूं कि आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य को क्या विशेष वित्तीय पैकेज मिलना चाहिए या नहीं मिलना चाहिए? 'घर में ठंडे चूल्हे पर अगर खाली पतीली है, मैं कैसे बोल दूं कि धूप फागुन की नशीली है?'

महोदय, जब बजट प्रस्तुत हो रहा था, तब मुल्क के गांव-गरीब-किसान बेकारी से जूझ रहे थे। मजदूर, महिलाएं और नौजवान, अगड़े-पिछड़े, दलित, मुसलमान, शोषित-पीड़ित-वंचित टकटकी लगाकर बड़ी उम्मीद के साथ टीवी स्क्रीन पर देख रहे थे, लेकिन उन्हें नाउम्मीदी और मायूसी मिली।

महोदय, आजादी के 77 सालों के बाद, इतने बजट लाने के बाद भी आखिर हम कौन सा भारत बनाना चाहते हैं, जहां आज भी आम आदमी को शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता है। जब उद्योगपतियों का आप लगभग 20 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ कर सकते हैं, तो फिर देश के किसानों का और बेरोजगार नौजवानों का शिक्षा ऋण क्यों नहीं माफ होना चाहिए?

महोदय, मनरेगा का बजट न बढ़ाना, जहां निराश करता है, वहीं सरकार से अपेक्षा है कि मजदूरों के हित में मनरेगा के कार्य दिवस बढ़ाकर दो गुने करने का काम किया जाए। पीएम आवास योजना में लाल फीताशाही में उलझकर कहीं न कहीं सूची रह जाती है।

महोदय, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि तमाम जरूरतमंदों को पीएम आवास के माध्यम से घर नहीं मिल पाते हैं। मेरी मांग है कि सांसदों की सिफारिशों पर पात्र व्यक्तियों को प्रधान मंत्री आवास के माध्यम से घर देने का काम किया जाए।

सरकार ने बजट में बताया कि उसका वित्तीय राजकोषीय घाटा जीडीपी के मुकाबले 4.9 फीसदी है, लेकिन यह नहीं बताया कि जो कर्ज हमारे देश के ऊपर वर्ष 2014 के समय 55 लाख करोड़ रुपए था, आज वह बढ़कर 210 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

(1930/CS/SAN)

नौनिहाल बच्चे इस बजट में आज भी समावेशी और विकसित होने की परिभाषा में सम्मिलित होने की प्रतीक्षा में हैं। दिव्यांग विद्यार्थियों का भी बजट कम कर दिया गया है।

महोदय, अंत में मैं आखिरी बात कहकर अपनी बात को समाप्त करता हूँ। हमारे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर आवारा जानवरों ने तबाही मचा रखी है। किसान दिन-रात अपने खेत पर रहने को मजबूर हो रहा है। आवारा पशु लोगों की जान ले रहे हैं। मैं उनको कम से कम 10 लाख रुपया मुआवजा देने की माँग करता हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी उत्तर प्रदेश के चुनाव में आपके भी क्षेत्र में घोषणा करके आये थे कि आवारा पशुओं की जिम्मेदारी मेरी है, लेकिन मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का वह वायदा याद दिलाते हुए इस विकट समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए स्थायी योजना बनाने के लिए एक विशेष पैकेज की माँग करता हूँ।

महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द, जय समाजवाद। नेताजी अमर रहें। जय भीम। अखिलेश यादव जिन्दाबाद।

(इति)

1931 बजे

श्री राजा राम सिंह (काराकाट) : महोदय, मैं इस सरकार के बजट के खिलाफ बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ, इसलिए कि यह किसान विरोधी, छात्र-युवा विरोधी, गरीब विरोधी बजट है। जो पिछला चुनाव हुआ, बजट ने उस चुनाव के जनादेश का उल्लंघन किया है। बजट बनाते समय उस जनादेश को पढ़ा नहीं गया है। बार-बार झटका लग रहा है, उपचुनाव में भी झटका लगा, फिर भी उसी तरह का बजट पेश किया गया है। हम थोड़ा सा एक आंकड़े की तरफ जाना चाहेंगे। लगातार कृषि बजट घटता चला गया है। यह किसानों के खिलाफ है। वर्ष 2019-20 में टोटल बजट का यह 5.44 प्रतिशत था, वर्ष 2020-21 में 5.08 प्रतिशत हुआ, वर्ष 2021-22 में 4.26 प्रतिशत हुआ, वर्ष 2022-23 में 3.84 प्रतिशत हुआ, वर्ष 2023-24 में 3.20 प्रतिशत हुआ और इस बार वर्ष 2024-25 में यह 3.15 प्रतिशत है, तो कृषि बजट में लगातार डिक्लाइन है। ऐसा लगता है कि कॉरपोरेट घराने बैठकर इसको कैलकुलेट करते हैं कि कृषि को लगातार पीछे धकेलना है। ये आंकड़े कोई गलत नहीं हैं। देश में खेती घाटे में है और देश का किसान लगातार लाभकारी खेती के लिए लड़ रहा है। किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहा है। एमएसपी का जो सवाल है, एमएसपी एक पहेली बना हुआ है कि C2 प्लस 50 परसेंट या A2 प्लस 50 परसेंट। सरकार बराबर कहती है कि हम लाभकारी दाम दे रहे हैं, लेकिन C2 प्लस 50 परसेंट स्वामीनाथन कमीशन की रिकमंडेशन्स हैं। काम्प्रिहैंसिव कॉस्ट यानी उसमें परिवार का श्रम भी और जमीन का किराया भी है। इसलिए खेती को लाभकारी बनाइए, किसानों की जो लंबित माँग है, जिसके साथ आपने समझौता किया है, उसको आप लागू कीजिए। आपने ये तमाम चीजें और सिंघु बॉर्डर पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने के बारे में लिखित में दिया है।

मैं दूसरी बात कहना चाहता हूँ कि नौजवानों के प्रति भी यह बजट बहुत ही बेरूखी का इजहार करता है। अव्वल तो जो इकोनॉमिक सर्वे आया है, उसमें कहा गया कि आधे नौजवान, आधे बेरोजगार रोजगार के काबिल ही नहीं हैं। वे अनएम्प्लॉयबल हैं, तो स्किल इंडिया क्या कर रहा था। स्किल इंडिया था या किल इंडिया था। वह क्या था? क्यों स्कूल नहीं बनाए? अब फिर बात हो रही है कि हम एक करोड़ नौजवानों को इन्टर्नशिप कराएंगे। यह सरकार किसी भी मामले में कंपनियों को मदद करने, कॉरपोरेट्स को मदद करने का बहाना ढूँढ लेती है। फसल बीमा में तीन गुना ज्यादा कारपोरेट्स को दिया गया, एक तिहाई किसान को दिया गया है। इसमें भी 500 कंपनियों को आप जो इन्टर्नशिप के लिए पैसा देंगे तो बेरोजगारों को कम पैसा देंगे, कंपनियों को ज्यादा पैसा देंगे।

(1935/IND/SNT)

सभापति जी, इससे आप अग्निवीर की तरह कम्पनी वीर पैदा करेंगे और फिर जब ये एक करोड़ नौजवान इंटर्नशिप करके लौटेंगे, वे कैसे जिएंगे? आप कम वेतन पर इंटर्नशिप के जरिए कम्पनियों की सेवा उनसे कराना चाहते हैं। जो टैक्स आपने तय किया है, मैं इसलिए कह रहा हूं कि यह कॉर्पोरेट की सरकार है और गरीबों के खिलाफ है। टैक्स में आप 60 परसेंट आम आदमी पर बोझ डाल रहे हैं और जो रिच आदमी हैं, सुपर रिच हैं, उनसे आप मुश्किल से दो परसेंट टैक्स लेते हैं। आप बताएं कि कैसे स्वास्थ्य और शिक्षा पर पैसा खर्च होगा? कैसे ओपीएस लागू होगा? कैसे विकलांगों को, गरीबों को तीन हजार रुपये सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिलेगी? आप सुपर रिच को लगातार छूट दे रहे हैं।

मैं अपने क्षेत्र की मांग रखना चाहता हूं। बिहार के पैकेज पर लगातार चर्चा चल रही है। इस सरकार ने विशेष पैकेज नहीं दिया है। मैं उस समय बिहार विधान सभा में था जब झारखंड के साथ बंटवारा हुआ था। बिहार साढ़े चार सौ करोड़ रुपये के डेफिसिट में था और झारखंड 2700 करोड़ रुपये के बेनिफिट में था इसीलिए उस समय विशेष राज्य की मांग उठी थी। उस समय आडवाणी जी डिप्टी प्राइम मिनिस्टर थे और बिहार से सर्वदलीय शिष्ट मंडल मिलने आया था। भाजपा ओपोजिशन में थी। आज इस सरकार ने विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया। जो क्रूशियल सवाल थे जैसे इंटरनेशनल बार्डर से पानी आता है। बाढ़ में बिहार डूब जाता है। क्या उसका उपाय हुआ है? हम समझते हैं कि कोसी हाई डैम बनाने की बात थी। नेपाल में हाई डैम बनना है। सरकार ने उसके लिए कुछ नहीं किया है। दक्षिणी बिहार में सोन कनाल सिस्टम जो अंग्रेजी राज वर्ष 1874 में बनी थी, उस पर इन्द्र पुरी जलाश्य बनाने की मांग है, उस पर आज तक सरकार ने कोई पहल नहीं की है। सिंचाई की व्यवस्था भी वहां खत्म है और बाढ़ नियंत्रण भी खत्म है। गरीबी मिटाने का सवाल भी खत्म। बिहार में जातीय जनगणना हुई और राष्ट्रीय स्तर पर हमने उसे कराने की मांग की है। उसमें सोशियो इकॉनोमी सर्वे में यह बात आई कि 34 परसेंट लोग ऐसे हैं, जिनकी आमदनी छह हजार रुपये प्रति माह से कम है। उनको सरकार दो लाख रुपया देगी। क्या इस पैकेज में वह शामिल है? गरीबी मिटाने का सवाल, बाढ़ नियंत्रण का सवाल, सिंचाई का सवाल तीनों इसी पैकेज में ही हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दीजिए।

(इति)

1938 बजे

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बजट 2024-25 की चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया। मैं सर्वप्रथम देश की देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने तीसरी बार सबसे बड़ा मतदान रूपी आशीर्वाद देकर एनडीए की कर्मयोगी सरकार को पुन: बनाने का काम किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के नारे की झलक वर्ष 2024-25 के ऐतिहासिक बजट में देखने को मिल रही है। इन 70 पन्नों में प्रधान मंत्री जी ने और वित्त मंत्री जी ने देश की प्रत्येक आर्थिक और सामाजिक जरूरतों को मोती रूपी माला में पिरोकर हर संवेदनशील मुद्दे को लेकर गंभीरता से इस बजट को बनाने का काम किया है।

मान्यवर, वर्ष 2024-25 के बजट में साढ़े दस प्रतिशत की अनुमानित ग्रोथ रेट दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत की प्रगति का संकेत है। इस बजट में चार समूहों का जिक्र किया गया है। इनमें युवा, महिलाएं, अन्नदाता और गरीब के लिए वित्त मंत्री जी ने दिल खोलकर बजट में प्रावधान किया है जो कि किसी भी प्रगतिशील देश के लिए अति-महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से अगर मैं कहूं तो रोजगार, कौशल, स्किलिंग, एमएसएमईज़ और भारत के निर्माता किसान और मध्यम वर्ग का उल्लेख किया गया है।

(1940/RV/AK)

महोदय, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस बजट में जहां 'कौशल' शब्द का प्रयोग 24 बार हुआ है, वहीं 'ऑन्टरप्रेन्योरशिप', 'इम्प्लॉयमेंट', और 'जॉब्स' का 38 बार जिक्र हुआ है। इसमें 'युवा', 'शिक्षा', और 'युवाओं की जरूरतों' का 17 बार जिक्र है।

माननीय सभापति जी, यह एनडीए सरकार की मूल भावना है और यह युवाओं के प्रति उनकी और वित्त मंत्री जी की गम्भीरता को दिखाने का काम करती है। जहां किसानों को सशक्त करना, कृषि क्षेत्र को हर संभव बढ़ावा देने का काम करना, वहीं मध्यम वर्ग के लिए विशेष छूट उपलब्ध कराना, जिससे उनकी जीविका में बड़े बदलाव आ सकें, यह भविष्य की सोच है।

मान्यवर, मुझे बड़ी खुशी होती है कि प्रधान मंत्री जी का ड्रीम मंत्रालय - कौशल विकास मंत्रालय - स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी के आदर्शों पर चलते हुए आदरणीय जयंत चौधरी जी के ऊर्जावान नेतृत्व में आगे बढ़ने का काम कर रहा है। मॉडल स्किल लोन योजना का शुभारम्भ हुआ है, जिसमें 7.5 लाख रुपये की ऋण सुविधा मिलेगी। इससे 25,000 से अधिक छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है। अगले पाँच वर्षों में एक

हजार से अधिक आई.टी.आईज़. का उन्नयन किया जाएगा और वहीं पाँच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का लक्ष्य भी एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है।

महोदय, मुझे इस बात को बताते हुए बहुत खुशी है कि देश की नींव, जो हमारे बच्चे हैं, छात्र हैं, उनके लिए के.वी.एस. और एन.वी.एस. में पिछले साल के मुकाबले 802 करोड़ रुपये और 330 करोड़ रुपये बढ़ाने का काम किया गया है। यह आने वाले समय में विकसित भारत के निर्माण में बड़ा योगदान देने का एक काम होगा।

मान्यवर, विश्व पटल पर भारत किस रूप में क्लाइमेट चेंज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मौसम बदलाव के कारण रोजगार और कृषि पर आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए देश को तैयार करने के लिए इस बजट में प्रधान मंत्री जी की, सरकार की और वित्त मंत्री जी की दूरदर्शिता देखने को मिलती है।

मान्यवर, मैं सामान्य कृषि-आधारित परिवार से आता हूं। मुझे कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों की जानकारी है। आज के समय में जलवायु परिवर्तन के कारण जो दिक्कतें आ रही हैं, ऐसे समय में सरकार ने जलवायु-अनुकूल किस्मों के विकास के लिए निर्णय लिया है, जैसे कृषि अनुसंधान केन्द्र खोलना, खेती-बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी के 109 उच्च कुल पैदावार करने वाली किस्मों को जारी करना, नैचुरल फार्मिंग में ग्राम पंचायत स्तर तक किसानों को प्रोत्साहित करना, इत्यादि।

अभी पहले भी यह विचार किया जा रहा था कि क्यों न दलहन और तिलहन में भारत को आत्मनिर्भर बनाया जाए, ऐसे में सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसी फसलों के लिए जो कार्य नीति बनी है, निश्चित रूप से यह किसानों के लिए महत्वपूर्ण है।

मान्यवर, स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह हमेशा भ्रष्टाचार और बेइमानी के खिलाफ थे। उन्होंने हमेशा कहा कि भारत की आत्मा ग्रामीण अंचलों में बसती है। इस मूल भावना को ध्यान में रखते हुए आज कृषि क्षेत्र में 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाने के लिए किया गया है, इसके लिए भी हम आदरणीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहते हैं।

महोदय, इससे नए रोजगार पैदा करने का काम होगा। पी.एम.जी.एस.वाई. का चौथा फेज शुरू हुआ है। वह 25,000 से अधिक गांवों को जोड़ने का काम करेगा। वहीं पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी ग्रामीण अंचल और गरीबों के लिए है।

आज कैन्सर की दवाएं सस्ती हुई हैं। यह भी गरीब, खेती और किसानी से जुड़े लोगों के काम आने वाली हैं। चाहे पी.एम. गरीब कल्याण अन्न योजना हो, यूरिया

सब्सिडी योजना हो, किसान सम्मान निधि हो, पी.एम. आवास योजना हो, ये तमाम योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए और किसानों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए है।

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : चौहान जी, अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

(1945/GG/UB)

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : मान्यवर, बस एक मिनट में वाइंडअप कर रहा हूँ। … (व्यवधान) मान्यवर, आज जब देश भर में महिला उद्यमियों और वूमन एम्पावर्मेंट की बात हो रही है, ऐसे समय में 30 करोड़ से अधिक मुद्रा योजना लोन दिए जा रहे हैं। हम उद्योग के सहयोग में कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल्स बनाना और शिशुगृहों की स्थापना कर के महिलाओं की भागीदारी को सुविधाजनक बना कर कामगार महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। … (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : माननीय सदस्य, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : सर, मैं वाइंडअप कर रहा हूँ। 70% से अधिक पीएम आवास महिलाओं को दिए जा रहे हैं। STEM पाठ्यक्रम का 43% नामांकन बालिकाओं और महिलाओं के लिए है। मान्यवर, एक लाख विद्यार्थियों को ऋण राशि तीन प्रतिशत ब्याज की छूट पर ई-वाउचर से दिए जाएंगे। ऐसी कोई बात नहीं है, जो यहां नहीं हुई है। … (व्यवधान) मान्यवर, बस मात्र तीस सैकेंड में मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात आधे मिनट में समाप्त कीजिए।

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : मान्यवर, मैं इतना कहना चाहूंगा कि लोकतंत्र के इस पवित्र भवन में देश की जनता अपने आने वाले भविष्य से जोड़ कर विश्वास रखती है। आपकी चेयर के ऊपर आशोक चक्र लगा हुआ है, जिसमें 24 स्पोक्स हैं। जो हम सबको यह प्रेरणा देते हैं कि हम 24 घंटे अपने देश की सेवा करें और इन 24 संकल्पों को और सिद्धांतों को अपने जीवन में उतार कर देश के लोकतंत्र को मज़बूत करने का काम करें। हम माननीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने किसान की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद। … (व्यवधान)

(इति)

1946 hours

*SHRI C.N. ANNADURAI (TIRUVANNAMALAI): Vanakkam. I stand here to speak on the General Budget for the year 2024-25. I think that the Budget has been formulated on the basis of the Census taken in 2011. Therefore, the budgetary approach is imbalanced, non-progressive and non-inclusive. This Budget intends to save the Head and those in power. It does not spell even a single word about Tamils and Tamil Nadu. Therefore, this Budget is against the cooperative federalism and democracy.

This Budget does not seem to respect the principles of federalism in its true spirit. Tamil Nadu is totally ignored in this Budget. The hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thiru *Thalapathy* M.K. Stalin demanded Rs 37,000 crore for implementing several schemes in Tamil Nadu from the Union Government and only a meagre amount of Rs 276 crore was provided by the Union Government. When there were heavy rains and floods that affected Chennai, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu demanded flood relief assistance from the Union Government. The hon. Prime Minister and the hon. Ministers have not even visited the flood-affected areas. They have not even released any fund to Tamil Nadu in this regard to carry out flood relief work.

But the hon. Prime Minister visited Tamil Nadu seven times for campaigning during the General Elections. The people are taking note of how Tamil Nadu has been ignored in this Budget. When there was flood in Gujarat, before the flood water got receded, flood relief assistance was provided to the State of Gujarat. But for Tamil Nadu, not only flood relief assistance, but also the Union Government is showing biased attitude by not releasing funds for carrying out several projects in Tamil Nadu, including the metro rail projects. But Tamil Nadu occupies the second place in collection of tax revenue to the Union Government whether it is the GST or the income-tax collection.

Even though Tamil Nadu collects and provides so much of tax revenues to the Union Government, this Government has brought a Budget

* Original in Tamil

which is purely based on vote bank politics. This Budget claims to improve the global economic ranking of India from 5^{th} place to 3^{rd} place. Besides, they have stated that almost 80 crore people are getting foodgrains and other benefits under the public distribution system as these people are below the poverty line. What an irony? They earlier gave an assurance to double the income of farmers. But after lots of resistance faced by them from the farmers of our country for the proposed three farm legislations, this Government was forced to withdraw all the three farm legislations. You had given an assurance to streamline the conduct of NEET exam.

1949 hours (Hon. Speaker *in the Chair*)

But today we have witnessed so many irregularities in the conduct of NEET in our country and it has affected the future of our student community so much. Only three per cent of GST is levied for Platinum and Gold being used by rich and wealthy persons of our country whereas the GST is levied at 18 per cent for food products used by the common people. We see 77 per cent of wealth accumulated with 10 per cent of the higher strata of our population. You should have provided 20 crore jobs during the last 10 years if you have provided two crore jobs a year as per your assurance. Now in this Budget you have assured once again to provide five crore jobs in the country. I should say that the Union Government is showing partisan approach with favouritism among the different States of this country. I urge upon the Union Government to consider the demands put forth by the hon. Chief Minister of Tamil Nadu Thiru *Thalapathy* M.K. Stalin. As regards release of funds to Tamil Nadu, since Tamil Nadu is the State, which provides more revenue to the Union Government by way of tax collection, I request that the Union Government should immediately release adequate funds that are due to Tamil Nadu and as demanded by our hon. Chief Minister. Thank you.

(ends)

1951 hours

SHRI SASIKANTH SENTHIL (TIRUVALLUR): Honourable Speaker, Sir, I stand before you today to discuss a Budget that is less a financial document and more a desperate attempt by the BJP to hold on to power, a Budget that prioritises pandering over policy, coalition politics over the common good, and optics over outcomes, a Budget that reads like a gratitude letter, a love letter to only two States, while the rest of India is left feeling like a neglected stepchild. By the way I want to remind the States that it is not real love. The same promise was given to them in 2015 when there was special package announced to Bihar.

माननीय अध्यक्ष: क्या ये दोनों राज्य भारत में नहीं हैं?

SHRI SASIKANTH SENTHIL (TIRUVALLUR): I am just reminding them. It earlier announced a Rs. 1.25 lakh crore package in around 2015. मैं उनको रिमाइंड करा रहा हूं। यह पहले भी हो चुका है, मगर अभी उसकी कोई बात नहीं है। Nobody knows what happened to this Rs. 1.25 lakh crore package which was given in 2015.

This is a Budget that seems more like a Bollywood blockbuster trailer big on hype, but when you look closer, it is all special effects with no real story.

Sir, what is required in this Budget? A large portion of the Indian economy is about consumption; 57.2 per cent is consumption. How are we going to increase the demand? That is the primary question.

In 2014, in UPA Government, 66.6 per cent of direct taxes came from corporates. Today it is 47 per cent; and 53 per cent of the tax is now paid by individuals. If we do not put money into people's hands, how is the demand going to rise? How is it going to improve the economy? That is the primary moot question that has to be discussed.

It is a classic case of "Kahani main ab twist hai". I was reading the Budget document to know what is there. Without any substance, filled with buzzwords and sound like they were picked straight from a corporate jargon dictionary. In fact, this time, I should be thankful that

they have not gone in for 'Stand up India', `Sit up India', `Sleep India', `Walk India', thanks to the Finance Minister for sparing us from that.

The BJP as usual is more focused on staging a show than addressing the pressing needs of our nation. I am going to outline only a few *jumlas* for the sake of time.

Let us talk about agriculture, where the Budget promises new "high-yielding and climate-resilient crop varieties." It is almost as if the Government thinks farmers need a new superhero crop to save the day! The push for 'natural farming' sounds like an attempt to make organic farming the new masala mix that will fix everything. But in reality, farmers are dealing with high input costs, low MSPs which are not legally guaranteed and poor procurement systems.

(1955/RCP/CP)

In fact, in the current Budget, the fertilizer subsidy has been reduced by 13 per cent as compared to RE 2023-24. There are issues that no amount of 'organic mix' can fix.

With great sadness, I would say that as per the NCRB data, one farmer and one agricultural labour are committing suicide every hour in this country. Then, there is an announcement of Digital Public Infrastructure for Agriculture. It sounds as if the Government believes that all farmers are in need of a strong internet connection.

Coming to employment, the Employment Linked Incentive scheme is offering Rs.15,000 for new employees, which is touted as a game-changer. But it is like giving a single samosa at a wedding feast. It is woefully inadequate. The Budget's focus on the formal sector, while ignoring the vast informal sector, is like showing off a picture of a five-star hotel room in an ad for budget accommodation. The Mudra loans are not the miracle cure as they are made out to be. It is all as if the Government believes that throwing in a few freebies will solve all the problems.

From 2014 to 2022, 22.05 crore people have applied for jobs and only 0.33 per cent, that is 7.22 lakh, people got the jobs. What are you going to do about this? You have destroyed the bright MSME sector that we had which provided 12 crore jobs. There are no jobs now.

Infrastructure is another comedy where around Rs.11.11 lakh crore for capital expenditure has been declared in the Budget. It has been presented with much fanfare. As per the data of the Ministry of Statistics and Programme Implementation, out of 1,843 infrastructure projects, 779 projects are having cost overruns and 449 projects are experiencing delays. When infrastructure projects are declared for Bihar and Andhra Pradesh, they should be very clear that this is what is going to happen with them.

Coming to welfare, the Government talks about targeted and efficient spending which in plain English means cutting budget for MGNREGA, NSAP and things like that. Even in this Budget, amount for MGNREGA has been cut down, amount for Samagra Shiksha has been cut down, amount for PM-POSHAN has been cut down, and amount for old age pension has been cut down.

Finally, I would like to say that Tamil Nadu has been completely ignored by this Government. They have not given us anything. They have stopped our relief fund; they have stopped amount for our GST and they have even stopped amount for our school education.

We have been fighting this ideological battle for a long time. Tamil Nadu will fight fascism. We will fight with our language; we will fight with our wisdom; we will fight with our unity; we will fight with our poetry; we will fight with our music. We will fight and challenge you with joy and celebrations.

Finally, I would say that this is a childish Budget. It is the real *balak buddhi* Budget. Thank you.

(ends)

1958 hours

SHRI M. MALLESH BABU (KOLAR): Hon. Speaker Sir, I want to thank my Janta Dal Secular great leader, the former Prime Minister of India and Rajya Sabha MP Shri H.D. Deve Gowda ji and my another leader and Union Minister Shri H.D. Kumaraswamy ji. I also extend my gratitude to the people of my constituency Kolar and people of Karnataka for entrusting me with this responsibility. I want to extend my heartful thanks to the hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji and the hon. Finance Minister Shrimati Nirmala Sitharaman ji who has presented a good Union Budget 2024-25.

In the history of Indian democracy, our hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji has been elected for a third consecutive term, and NDA Government is presenting the budget for a record 11 years continuously, promising a true and wide vision on key fields that emphasise the development of the nation and ample opportunities for all.

The Budget has focussed on skill development to reap benefits out of demographic dividends where the youth, both men and women, will improve their skills and take advantage of abundant opportunities in the field of employment and entrepreneurship.

The Government has taken steps to skill 20 lakh youths over five years including women. Importance is given to women which is almost 50 per cent of our population by reserving Rs. 3 lakh crore for women led development schemes for their economic development. Importance is also given for working women hostels. The Government has also opened new opportunities in higher studies by giving financial support of up to Rs.10 lakh in domestic institutions.

Projecting the MSMEs to compete globally would make the nation’s footprint in manufacturing and services industries another important priority.

(2000/PS/NK)

Providing MSMEs with credit guarantee and enhancing Mudra loan limit to Rs. 20 lakh from Rs. 10 lakh will make the young entrepreneurs to

establish on their own. A scheme to provide internship in top 500 companies to one crore youths in five years by giving Rs. 5,000 internship per month will create employment to youth. The Government has taken responsibility by sanctioning three crore houses in rural areas, which will bring down the economic burden on the people who come under the Below Poverty Line category. The Government has planned for constructing one crore houses under the PMAY-U 2.0 Scheme by allocating Rs. 10 lakh crore.

माननीय अध्यक्ष: मैं सदन से आग्रह करता हूं कि माननीय सदस्य के बोलने तक सदन का समय बढ़ा दिया जाए।

अनेक माननीय सदस्य: हां।

माननीय अध्यक्ष : मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जो बोलने वाले वक्ता हैं, उनसे आप कहें कि वह सदन में बैठें, जिनको आगे बोलना है। सदन में बोलने वाले वक्ता बैठे नहीं हैं। उनको आप बोलें कि आगे से सदन में बैठें। जो कल बोलने वाले हैं, वे भी सदन में बैठें, जिनका नाम लिस्ट में है। सदन में बैठेंगे तो सुनेंगे तो बोलेंगे। कोई भी माननीय सदस्य बोल कर सीधा चला जाएगा तो उसको आगे से बोलने का नम्बर नहीं दिया जाएगा। सदन में मैं आपकी सलाह मानता हूं लेकिन यह आसन का अधिकार है, ऐसे सदस्य जो बोलकर सदन से चले जाते हैं।

SHRI M. MALLESH BABU (KOLAR): The Government has given importance to research in the agriculture sector to provide climate-resilient varieties, which is utmost required due to climate change. It is also giving thrust to natural farming and digital public infrastructure for coverage of farmers and their land. The Government has adopted PM Surya Ghar Muft Bijli Yojana, where solar units are installed on rooftops to obtain free electricity to one crore households. This will reduce the burden on the power sector, and economically, the householder will benefit. The schemes and allocation that the Government of India has announced under innovation, research and development and next generation reforms, would rather attract and support new way of thinking and exploitation of themselves in a good manner for the establishment of Viksit Bharat, which is the utmost aim of this Budget 2024-25. The Government is giving priorities to youth, women, agriculture, housing, tourism and

entrepreneurship development. So, India is surely going to become the third biggest economy in the near future.

Hon. Speaker, Sir, I also wish to emphasize the importance of key issues relevant to my Parliamentary Constituency, Kolar. They are; water for drinking and irrigation purposes to Kolar and Chikkballapur districts from Krishna River; food processing units for tomato and mango at Kolar, Srinivaspur and Mulbagal; a Government Medical College and a Multi-Speciality Hospital; Railway Coach Factory, which was proposed in 2016; and retirement benefits for the employees of Bharat Gold Mines Limited, which has been pending since 2001. Regularization of BEML Contract Employees at KGF Unit; and upgradation of State Highways to National Highway from Hoskote to Madanapalli, from B.Kothakota to Hosur, and from Kuppam to Bagepalli are other issues.

Thank you, hon. Speaker, Sir, for giving me an opportunity in this august House. Jai Hind.

(ends)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही कल शुक्रवार, दिनांक 26 जुलाई, 2024 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

2003 बजे

<u>तत्पश्चात लोक सभा शुक्रवार, 26 जुलाई 2024/ 4 श्रावण 1946 (शक)</u>
<u>के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>